सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:41

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 6.0 न्यू | 14.6 अधि |
| धर्मशाला | 6.4 न्यू | 22.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77620.21 |
| निफ्टी | 23526.50 |
| सोना 79,200 | चांदी 94,521 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मंधाना की कप्तानी में भारतीय टीम की नजरें जीत की लय कायम रखने पर

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 10 जनवरी 2025 | 27 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 23, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### निज्जर हत्या केस में चारों आरोपी जमानत पर रिहा

**ओटावा।** हरदीप सिंह निज्जर हत्या केस में जस्टिन ट्रूडो सरकार को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने चारों आरोपियों को कानूनी सुनवाई लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया है। अगली अदालती उपस्थिति 11 फरवरी को निर्धारित की गई है। 18 जून, 2023 को खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की ब्रिटिश कोलंबिया में एक गुरुद्वारा की पार्किंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में करण बराड़, कमलप्रीत सिंह, करणप्रीत सिंह और अमनदीप सिंह को आरोपी बनाया था।

### शंभू बॉर्डर पर एक और किसान ने की आत्महत्या

**पटियाला।** हरियाणा-पंजाब की शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे 55 वर्षीय किसान ने वीरवार को जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। किसान नेताओं ने कहा कि आंदोलन स्थल पर तीन सप्ताह के भीतर इस तरह की यह दूसरी घटना है। मृतक किसान की पहचान तरनतारन जिले के पाहुविंड के निवासी रेशम सिंह के रूप में हुई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी की मांग को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए किसान पिछले एक साल से शंभू सीमा पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

### भूकंप के झटकों से कांपी चीन की धरती, तीव्रता 4.3



**जिजांग।** चीन के जिजांग में वीरवार को भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 की रही है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, कोई जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप की गहराई धरती के नीचे 50 किलोमीटर थी।

### शाही जामा मस्जिद कमेटी फिर सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**इलाहाबाद।** संभल शाही जामा मस्जिद कमेटी दोबारा सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल कर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश देने की मांग की है। अर्जी में कहा कि सुप्रीम कोर्ट की अनुमति के बिना इस संबंध में कोई कार्रवाई या कदम नहीं उठाया है। कोर्ट के आदेश थे कि प्रशासन शांति और सौहार्द स्थापित करने के लिए कदम उठाए, लेकिन जिला प्रशासन इलाके में पुराने मंदिर और कुएं तलाशने में जुटा है।

### कुलगाम में हथियारों के साथ आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर उसके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। सेना ने बताया कि कुलगाम के कैमोह इलाके में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान गिरफ्तारी की। एक एके राइफल, 4 मैगजीन, दो हथगोले और अन्य सामग्री बरामद की है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- आधार कार्ड से लिंक होगी भूमि की जमाबंदी -पेज 3
- किसानों के आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ते कदम -पेज 10
- बोरियों के नीचे दबे दो मजदूर, एक की मौत -पेज 12
- जाट समुदाय को ओबीसी सूची में शामिल करे केंद्र : केजरीवाल -पेज 13
- प्रणय मलेशिया ओपन के दूसरे दौर में हारे -पेज 14


# महाकुंभ में हाइटेक सुविधाओं से लैस 10 डिजिटल 'खोया-पाया केंद्र'

**एजेंसी, प्रयागराज**

**उत्तर** प्रदेश पुलिस ने लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में 10 आधुनिक सुविधाओं से लैस डिजिटल खोया-पाया केंद्र स्थापित किए हैं। श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए प्रतीक्षा कक्ष और चिकित्सा कक्ष शामिल हैं।

महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से जलपान क्षेत्र की व्यवस्था की गई है। सभी केंद्रों में एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं, जिसे लाउडस्पीकर से जोड़ा गया है। इन केंद्रों पर महाकुंभ से संबंधित घाटों और मार्गों के बारे में सारी व्यवस्थाओं की सूचना श्रद्धालुओं के साथ साझा की जाएगी।




### सीएम योगी ने लिया महाकुंभ की तैयारियों का जायजा, मां गंगा का पूजन किया

**महाकुंभ** मेले से तीन दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीरवार को प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लिया। महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी से होगी। खास यह है कि अगले दिन ही मकर संक्रांति के दिन पहला शाही स्नान होगा। यहां ही रात्रि विश्राम करेंगे और मेला क्षेत्र में भ्रमण करेंगे। योगी संगम पहुंचे और यहां पर मां गंगा का पूजन किया।

### रामलला के ननिहाल से आएगी सब्जी

रामलला के ननिहाल यानी छत्तीसगढ़ से 2 ट्रक सब्जियां लेकर महाकुंभ में आएंगे, जिसे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसके पहले भी किसान संघ की ओर से 100 टन सब्जी अयोध्या भेजी गई थी।

### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की भव्य शोभायात्रा ने महाकुंभ में किया प्रवेश



**ज्योतिषपीठ** के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज पेशवाई के जरिए मेला क्षेत्र में प्रवेश कर गए। यात्रा की अगुवाई में डमरू बजाते हुए शिवभक्तों के साथ ही अलग-अलग अखाड़ों के साधु-संत, संन्यासी और महामंडलेश्वर भी शामिल हुए। शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सदियों से महाकुंभ में प्रवेश करने की परंपरा चली आ रही है।

# बीपीएल चयन के बदलेंगे मापदंड, अप्रैल में फिर सर्वे

## पेड़ कटान पर रोक, तीन नई उपतहसीलें खोलने को मंजूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में वीरवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कई फैसले लिए गए। बैठक में सबसे पहले मंत्रिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा। मंत्रिमंडल ने हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा) का नाम डॉ. मनमोहन सिंह रखने की मंजूरी दी।

मंत्रिमंडल ने फैसला लिया कि बीपीएल चयन के मापदंड बदलेंगे और पात्रों के चयन के लिए अप्रैल में फिर से सर्वेक्षण होगा। बीपीएल को लेकर केंद्र की ओर से निर्धारित 2.82 लाख का कोटा उतना ही रहेगा। बीपीएल के लिए आय 1.50 लाख रुपए करने का फैसला लिया है। बीपीएल सूची में उन परिवारों को शामिल करने को मंजूरी दी, जिनमें 18 से 59 वर्ष की आयु के बीच कोई वयस्क सदस्य नहीं है, जिन परिवारों की



कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू

मुखिया महिलाएं हैं, जिन परिवारों का मुखिया 50 फीसदी या उससे अधिक विकलांग है, उन परिवारों ने पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा के तहत कम से कम 100 दिन काम किया और जिन परिवारों के कमाने वाले गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं। वहीं, राज्य के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के लिए दिशा-निर्देशों को मंजूरी दी। नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने और नशीली दवाओं की तस्करी तथा संगठित अपराध नेटवर्क को खत्म करने के लिए एक स्पेशल टास्क फोर्स की स्थापना व भारतीय स्टांप अधिनियम, 1899 की अनुसूची 1ए में संशोधन करने के लिए अध्यादेश जारी करने को स्वीकृति दी। मंत्रिमंडल ने सफेदा, चिनार और बांस व बिक्री के लिए 10 वर्षीय कार्यक्रम के अनुसार, खैर की कटाई के अतिरिक्त अन्य पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाने को मंजूरी दी। इसके अलावा, शिमला जिले के धमवाड़ी, चंबा जिले के साहो तथा कांगड़ा जिले के चचियां में आवश्यक पदों के सृजन व भरने सहित नई उपतहसीलें खोलने का भी निर्णय लिया गया।

### कैबिनेट के फैसले

- नशे से निपटने के लिए विशेष कार्य बल बनेगा।
- राज्य के दूरदराज और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के दिशा-निर्देशों को मंजूरी दी।
- पांच मेगावॉट से अधिक क्षमता वाली जलविद्युत और सौर ऊर्जा परियोजनाएं ऊर्जा विभाग को सौंपी जाएंगी।
- तारा देवी मंदिर के आसपास का क्षेत्र अब ग्रीन एरिया में आएगा।
- जेओए आईटी के 10 पद भर जाएंगे व ग्रुप सी पदों के लिए परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी।
- राज्य जल सूचना विज्ञान केंद्र की स्थापना को मंजूरी दी।
- मंत्रिमंडल ने बद्दी-बरोटीवाला नालागढ़ विकास प्राधिकरण भूमि पूलिंग नीति-2025 को मंजूरी दे दी।
- हिमाचल प्रदेश राज्य जल सूचना विज्ञान केंद्र की स्थापना को भी मंजूरी दे दी है, ताकि डोमेन-विशिष्ट निकायों से डेटा एकत्र किया जा सके।

# भविष्य 'युद्ध' में नहीं, बल्कि 'बुद्ध' में निहित है : पीएम मोदी

## बोले- 21वीं सदी का भारत तेजी से आगे बढ़ा, आज पूरी दुनिया सुनती हमारी बात

**एजेंसी, भुवनेश्वर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया आज भारत की बात ध्यान से सुनती है और देश अपनी विरासत के कारण ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय को यह कह पाता है कि भविष्य 'युद्ध' में नहीं, बल्कि 'बुद्ध' में निहित है। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित '18वें प्रवासी भारतीय दिवस-2025' सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए पीएम ने कहा कि भारत सिर्फ लोकतंत्र की जननी ही नहीं है, बल्कि लोकतंत्र हर भारतीय के जीवन का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि 21वीं सदी का भारत, आज जिस गति से आगे बढ़ रहा है और जिस स्तर पर आज भारत में विकास के काम हो रहे हैं, वह अभूतपूर्व है। आज का भारत, अपना पक्ष तो मजबूती से रखता ही है, ग्लोबल साउथ की आवाज को भी पूरी ताकत से उठाता है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत की सफलता आज दुनिया देख रही है। आज जब भारत का चंद्रयान शिव शक्ति प्वॉइंट पर पहुंचता है, तो हम सब को गर्व होता है। आज जब दुनिया, डिजिटल इंडिया की ताकत देखकर हैरान होती है, तो हम सब को गर्व होता है। आज भारत का हर क्षेत्र आसमान की ऊंचाई छूने को आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि मैंने हमेशा प्रवासी समुदाय को भारत का राजदूत माना है।




### अब 'विश्व बंधु' के रूप में जाना जाता भारत

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध, इसराइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष और विश्व के कई देशों में हिंसा और अस्थिरता का दौर जारी है। इससे पहले भी कई मौकों पर वैश्विक मंचों से भी कह चुके हैं कि संघर्षों का समाधान युद्ध से नहीं बल्कि शांति के रास्ते से तलाशा जाना चाहिए। पीएम ने भारत में आयोजित सफल जी-20 सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया को देश की विविधता का प्रत्यक्ष अनुभव कराने के लिए भारत के विभिन्न हिस्सों में इसकी बैठकें आयोजित की गईं। भारत अब 'विश्व बंधु' के रूप में जाना जाता है, इसे और मजबूत करने की जरूरत है।

### प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

**पीएम** मोदी ने प्रवासी भारतीयों के लिए विशेष पर्यटक ट्रेन 'प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस' को हरी झंडी दिखाई। दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से ट्रेन ने सफर शुरू किया। यह ट्रेन प्रवासी भारतीयों को तीन सप्ताह तक देशभर के कई पर्यटक और धार्मिक स्थलों की यात्रा कराएगी।

# तिरुपति मंदिर में भगदड़, 6 की मौत, 40 श्रद्धालु घायल

**एजेंसी, तिरुपति**

**आंध्र** प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में बुधवार देर रात वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट काउंटर के पास भगदड़ मच गई। इस हादसे में एक महिला समेत 6 लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए हैं।

ट्रस्ट के सदस्य भानु प्रकाश ने बताया कि टिकट के लिए 91 काउंटर खोले गए थे। काउंटर के पास 4 हजार से ज्यादा श्रद्धालु लाइन में खड़े थे। आगे जाने की होड़ में अफरा-तफरी मची और भागने के दौरान लोग एक-दूसरे पर चढ़ गए। वहीं, आंध्र प्रदेश सरकार ने भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दुख जताया है। मुख्यमंत्री नायडू ने अस्पताल पहुंचकर कर घायलों का हाल जाना। उन्होंने फोन पर उच्च अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली और घटनास्थल पर जाकर राहत उपाय करने का आदेश दिया है, ताकि घायलों को बेहतर उपचार मिल सके। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी ने हादसे पर दुख जताया है।



अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जानते मुख्यमंत्री नायडू।

**मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख देने की घोषणा**

### एचएमपीवी के 2 नए मामले आए

**नई दिल्ली।** ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के वीरवार को 2 केस मिले हैं। पहला मामला उत्तर प्रदेश का है। लखनऊ में 60 साल की महिला पॉजिटिव पाई गई है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुशील चौधरी ने पुष्टि की। वहीं, गुजरात के हिम्मतनगर में 7 साल के एक बच्चे की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। हालांकि, यह रिपोर्ट प्राइवेट अस्पतला की लैब की है। देश में वायरस से जुड़े कुल 11 मामले हो गए हैं। महाराष्ट्र में 3, गुजरात, कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, पश्चिम बंगाल और यूपी में एक-एक केस सामने आए हैं। इस वायरस का सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर देखा जा रहा है।

# सुकमा में मुठभेड़, सुरक्षाबलों ने तीन नक्सली किए ढेर

**एजेंसी, सुकमा**



**छत्तीसगढ़** के सुकमा जिले में वीरवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि अब तक तीन नक्सलियों के शव बरामद हो चुके हैं और तलाशी अभियान अब भी जारी है। अंबेली में शहीद हुए आठ जवानों की शहादत का बदला लेने के लिए जवान जंगल में उतर गए हैं। सुकमा और बीजापुर की सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस अभियान में डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा के जवान शामिल हैं। नक्सलियों के सफाए के लिए यह ज्वॉइंट ऑपरेशन चल रहा है। एसपी किरण चौहान ने बताया कि अभी भी फायरिंग जारी है। वहीं, बीजापुर में नक्सलियों के लगाए दो आईईडी बरामद हुए हैं।

### प्रदेश में बढ़ी शीतलहर दो दिन बारिश-बर्फबारी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर बढ़ गई है। 11 व 12 जनवरी को बारिश और पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने कई जिलों में शीतलहर चलने व घना कोहरा रहने का यलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के नौ स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया है। शीतलहर के कारण लोग सुबह-शाम घरों में दुबकने को मजबूर हैं। अगले दो दिन राज्य के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। 11 और 12 जनवरी को ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मंडी व कांगड़ा जिले के कुछ हिस्सों में शीतलहर की चेतावनी जारी की है।

**राजनीति** हमीरपुर संसदीय सीट में 'नवग्रहों' से आज या कल हो सकता है छुटकारा, अंदरुनी खींचतान से मामले पेंडिंग

# भाजपा के नौ मंडलाध्यक्षों की तैनाती पर पेंच

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**भाजपा** में पार्टी के अंदर सत्ता संघर्ष के बीच हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के नौ मंडल अध्यक्षों का पेंडिंग मामला आज या कल सुलझने के आसार हैं।

आला नेताओं की अंदरुनी खींचतान की वजह से 'अपनों को जिंदा रखो, सीधे संघर्ष में हो जाओ', इसी नीति के तहत हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के 9 मंडल अध्यक्षों का मामला लंबित चल रहा है। जिला अध्यक्ष का चुनाव तीन दिन पहले हो जाने के बाद अब 15 जनवरी को प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव भी होना है, इसलिए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के पेंडिंग नौ मंडल अध्यक्षों की तैनाती में फंसा पेंच आज या कल निकलने की उम्मीद है। बड़सर, हमीरपुर, सुजानपुर, गगरेट, कुटलैहड़ के नौ मंडल अध्यक्षों का मामला क्यों लंबित है, जिसकी वजह साफ है कि उपचुनावों में इन्हीं विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव हुए थे और नए लोगों के भाजपा में शामिल होने की वजह से यहां पर अभी भी जोर अजमाइश का दौर जारी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधायक रणधीर शर्मा हमीरपुर में इन मंडलों के अध्यक्षों के मामले को लेकर अलग-अलग लोगों से बातचीत करके रिपोर्ट तैयार कर ले गए हैं। उम्मीद है कि अब देरी नहीं होगी।

बड़सर में एक मंडल अध्यक्ष के चुनाव को लेकर खूब हो-हल्ला हो गया था। चुनाव प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी और बाद में यह हल्ला हुआ था। अब देखना यही है कि जिसका नाम प्रपोज हुआ था, क्या उसी नाम पर मुहर लगती है या फिर कोई और बनाया जाता है। जिला अध्यक्ष के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल गुट ने अपना दबदबा बरकरार रखने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हालांकि, अलग तरह के माहौल में जाने के लिए पार्टी के तीन विधानसभा के क्षेत्र में आए नए लोगों की उठापटक कब और अभी भी जारी है। (अनंत ज्ञान)

**नए लोगों के शामिल होने से अजमाइश का दौर जारी**

### हमीरपुर में मंडल अध्यक्षों का चुनाव बेहद दिलचस्प

हमीरपुर में मंडल अध्यक्षों का चुनाव बेहद दिलचस्प हो चुका है। विधायक आशीष शर्मा अपनों की तैनाती करवाने में कामयाब होते हैं या फिर स्वीकार्यता के मुद्दे पर दोनों खेमे खींचतान में फंसकर कार्यकर्ताओं की उम्मीदों पर सत्ता संघर्ष का असर छोड़ेंगे।

### सुजानपुर में स्थिति लगभग क्लीयर

**सुजानपुर** में स्थिति लगभग क्लीयर है। वहां मौजूदा अध्यक्ष विक्रम राणा के अलावा दूसरे मंडल अध्यक्ष की तैनाती को लेकर जसवंत सिंह का नाम आगे आ रहा है। स्थितियां अनुकूल रहीं, तो इन्हीं के नाम पर मुहर लग सकती है। इसके अलावा, ऊना जिले में दो मंडलों के चारों अध्यक्षों का मामला भी फंसा हुआ है। इनमें कुटलैहड़ और गगरेट शामिल हैं। अब क्योंकि यह वही दोनों विधानसभा क्षेत्र हैं, जहां पर ऑपरेशन लोटस की वजह से उलटफेर हुआ और अब वहां की परिस्थितियां पार्टी के अंदरुनी ढांचे में खींचतान की बुनियाद बन चुकी हैं।

# माता-पिता से अपनी पढ़ाई का खर्च वसूल सकती है बेटी: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने एक दंपती के विवाद मामले की सुनवाई करते हुए अहम फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बेटी को अपने माता-पिता से पढ़ाई का खर्च वसूलने का पूरा अधिकार है। माता-पिता को उनके आय के साधनों के भीतर आवश्यक धनराशि प्रदान करने के लिए बाध्य किया जा सकता है।

26 साल से अलग रह रहे दंपती के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की। दंपती की बेटी आयरलैंड में पढ़ रही थी। बेटी ने पिछले दिनों अपनी मां को दिए जा रहे कुल गुजारा भत्ते के हिस्से के रूप में अपने पिता की ओर से उसकी पढ़ाई के लिए दिए गए 43 लाख रुपए लेने से इनकार कर



दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने पीठ ने 28 नवंबर, 2024 को दंपति की ओर से किए गए समझौते का उल्लेख किया। इस समझौते पर बेटी ने भी हस्ताक्षर किए थे। अदालत ने निर्देश दिया कि अब दोनों को एक-दूसरे के खिलाफ कोई अदालती मामला नहीं चलाना चाहिए और अगर किसी फोरम के समक्ष कोई मामला लंबित है, तो उसे समझौते के अनुसार निपटाया जाना चाहिए।

### आरक्षण दायरे से बाहर करना विधायिका-कार्यपालिका का काम

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कार्यपालिका और विधायिका यह तय करेंगे कि क्या उन लोगों को आरक्षण के दायरे से बाहर रखा जाए, जो कोटे का लाभ ले चुके हैं और दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में हैं। न्यायमूर्ति बीआर गवई की पीठ ने पिछले साल अगस्त में शीर्ष अदालत की सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ के फैसले का हवाला देते हुए एक याचिका पर यह टिप्पणी की।पीठ ने कहा कि हमारा विचार है कि पिछले 75 वर्षों को ध्यान में रखते हुए, ऐसे व्यक्ति जो पहले से ही लाभ उठा चुके हैं और दूसरों के साथ प्रतिस्पर्धा करने की स्थिति में हैं, उन्हें आरक्षण से बाहर रखा जाना चाहिए। लेकिन इस बारे में निर्णय कार्यपालिका और विधायिका को लेना है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोवर-रेंजर इकाई ने की जरूरतमंदों की सहायता



**अनंत ज्ञान, नादौन।** सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन में रोवर-रेंजर इकाई द्वारा सामाजिक सेवा की एक प्रेरणादायक पहल के तहत नादौन की झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों के लिए कपड़े वितरित किए गए। इस सेवा कार्य का आयोजन महाविद्यालय के रोवर-रेंजर संयोजक प्रोफेसर योगेश कौंडल और धृति शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर मंजीत और गुरवचन ने भी कार्यक्रम की सफलता में योगदान दिया।

### बेटियां फाउंडेशन का अवॉर्ड समारोह कल

**अनंत ज्ञान भोरंज।** राष्ट्रीय संस्था बेटियां फाउंडेशन का नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड समारोह का आयोजन 11 जनवरी को टांडा मेडिकल कॉलेज (कांगड़ा) के ऑडिटोरियम में करने जा रही है। इसमें बॉलीवुड सेलिब्रिटी दीपशिखा नागपाल प्रदेश की विभूतियों को अवॉर्ड से सम्मानित करेंगी। बेटियां फाउंडेशन जिला हमीरपुर के कोऑर्डिनेटर शिवकुमार वर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बहुत से बॉलीवुड सेलिब्रिटी जिसमें बॉलीवुड सिंगर मन्नत नूर, साउथ फिल्म स्टार नितिन मेहता, बॉलीवुड सिंगर एक्ट्रेस रचना मनकोटिया, पंजाबी सिंगर वपीटीसी न्यूज चैनल के एंकर विवेक महाजन, मिसेज इंडिया 2024 मेजर नीतिका राणा के अलावा हिमाचल के बहुत से कलाकार इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तथा प्रदेश भर से आई विभूतियों का मनोबल बढ़ाएंगे।

### उचित मूल्य की दुकानों में पहुंची दालें और चीनी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक शिव राम ने बताया कि प्रदेश सरकार की विशेष अनुदानित योजना के तहत दिसंबर माह के मासिक कोटे की दालों और चीनी की सप्लाई हमीरपुर जिले की उचित मूल्य की दुकानों को उपलब्ध करवा दी गई है। जिला नियंत्रक ने बताया कि सभी उपभोक्ता दिसंबर के मासिक कोटे की दालें और चीनी प्राप्त कर सकते हैं।

### रैली जजरी स्कूल में वर्षा जल संचयन प्रोजेक्ट तैयार



**एसके ठाकुर, बड़सर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रैली जजरी के इको क्लब को हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के सौजन्य से छत पर वर्षा जल संचयन प्रदर्शनी प्रोजेक्ट के लिए 2.25 लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। अब यह प्रोजेक्ट बन कर तैयार हो गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के तहत विद्यालय की छत से बहने वाले बरसात के पानी को दो टैंकों जिनकी क्षमता 2000 लीटर है, में एकत्रित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### विधायक सुरेश करेंगे लोहड़ी उत्सव का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल मुख्यालय भोरंज में इस बार लोहड़ी उत्सव पर विशेष धूम रहेगी। विधायक सुरेश कुमार के निर्देशानुसार इसके लिए उपमंडल स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। उत्सव के आयोजन स्थल मिनी सचिवालय परिसर में तैयारियों का जायजा लेते हुए एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों और आयोजन समिति के अन्य सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने बताया कि विधायक सुरेश कुमार सोमवार 13 जनवरी को शाम पांच बजे मिनी सचिवालय परिसर में लोहड़ी उत्सव का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रदेश के जाने-माने लोकगायक इशांत भारद्वाज पहाड़ी गानों से लोगों का मनोरंजन करेंगे।

### कुनाह खड्ड में अवैध खनन को लेकर रोष



**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन की कुनाह खड्ड में अवैध व गैर तकनीकी तरीके से खनन जोरों पर है, जिसे लेकर लोगों में रोष है। मिली जानकारी के अनुसार मौनी बाबा कुटिया फतेहपुर के पास कुनाह खड्ड में सरेआम जेसीबी से अवैध व गैर तकनीकी तरीके से खनन किया जा रहा है जिससे खड्ड में बड़े-बड़े गड्ढे पड़ गए हैं। अवैध खनन के चलते पानी की स्तर काफी नीचे चला गया है, जिसका असर पेयजल स्त्रोतों पर पड़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से आग्रह किया है कि अवैध तरीके से खनन करने वाले माफिया के खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाए।

### सीएम टूर को लेकर थाना प्रभारी ने किया दौरा



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नादौन दौरे को मद्देनजर रखते हुए पुलिस थाना प्रभारी बड़सर प्रवीण राणा ने वीरवार को गलोड़ क्षेत्र का दौरा किया और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दिए। थाना प्रभारी ने गलोड़ बाजार में खड़ी निजी बस जो अपने तय समय के बाद खड़ी थी, जिसके चलते जाम लग गया, उस बस का चालान कर दिया गया। ज्ञात रहे प्रशासन द्वारा बाजार में बस खड़ी करने के लिए पांच मिनट का समय तय किया गया यदि उसके उपरांत कोई कानून का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाती है। प्रवीण राणा ने हडेटा में शिलान्यास स्थल का भी जायजा लिया।

### मुख्यमंत्री के नादौन दौरे की तैयारियां जोरों पर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नादौन विधानसभा क्षेत्र के तीन दिवसीय दौरे के मद्देनजर जिला एवं उपमंडल स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने जिला एवं उपमंडल स्तर के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान उपस्थित रहने तथा अपने-अपने विभागों से संबंधित उपलब्धियों एवं विकास कार्यों का ब्यौरा अपडेट रखने के निर्देश दिए हैं। उधर, नादौन के एसडीएम राकेश शर्मा ने विश्रामगृह सेरा, गांव हडेटा और सीनियर सेकेंडरी स्कूल अमलेहड़ का दौरा कर प्रबंधों का जायजा लिया।

# नीट और जेई परीक्षा की निशुल्क कोचिंग लेने में रुचि नहीं दिखा रहे विद्यार्थी

## आवंति संस्था दे रही ऑनलाइन कोचिंग, प्रदेशभर में 23 हजार छात्रों में 500 का किया है चयन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को नीट और जेई की परीक्षा के लिए तैयारी के लिए कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। वहीं, सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं होती जिसके तहत वे कोचिंग ले सकें, ऐसे ही सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को नीट और जेई की प्रतियोगी परीक्षा को पास करने के लिए वर्ष 2019-20 में हमीरपुर जिला के उपायुक्त राकेश मीणा ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को निशुल्क कोचिंग देने के लिए कायाकल्प कार्यक्रम शुरू किया था।

इसके तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों का टेस्ट लिया गया और जो इस टैस्ट में पास हुए, उन छात्रों को एक स्थान पर सरकारी और प्राइवेट स्कूल के अच्छे अध्यापकों ने नीट और जेई की परीक्षा के लिए निशुल्क तैयारी करवाई थी। निशुल्क कोचिंग लेने वाले छात्रों में लगभग 25 से 30 बच्चों ने गत वर्ष नीट और जेई की परीक्षा पास की थी।

इसी क्रम में प्रदेश भर के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को नीट और जेई की परीक्षा की तैयारी करवाने के लिए निशुल्क कोचिंग देने का जिम्मा अवंति संस्था ने उठाया है। प्रदेश सरकार द्वार स्वर्ण जयंती विद्यार्थी अनुशिक्षण योजना के तहत सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले होनहार बच्चों को यह संस्था निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग दे रही है। इस योजना के तहत कोचिंग लेने के लिए 11वीं और 12वीं के लगभग 23 हजार बच्चों ने टेस्ट दिया था, जिनमें से 500 छात्रों का चयन किया गया है।

इन छात्रों को स्टडी मटेरियल के अलावा ऑनलाइन कोचिंग दी जा रही है, लेकिन छात्र परीक्षा की तैयारी के लिए कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इस टेस्ट के आधार पर जमा दो के 125 मेडिकल और 125 नॉन मेडिकल तथा जमा एक के 125 मेडिकल व 125 बच्चे नॉन मेडिकल के कोचिंग ले रहे हैं ताकि वे भी नीट और जेई की प्रतियोगी परीक्षा की सही तरीके से तैयारी करके इस परीक्षा को पास कर सकें। अवंति संस्था के को-ऑर्डिनेटर चिराग ने बताया कि नीट और जेई के लिए गए टेस्ट के आधार पर प्रदेश भर से 500 छात्रों का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि जमा एक कक्षा के चयनित छात्र ऑनलाइन कक्षाएं नहीं लगा रहे हैं व जो छात्र लगातार ऑनलाइन कक्षाएं नहीं लगाएगा, उसे जमा दो में ऑनलाइन करवाई जाने वाली तैयारी में नहीं शामिल नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जमा दो कक्षा में भी कई छात्र कक्षाएं नहीं लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जमा दो कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों की ऑनलाइन कक्षाएं परीक्षा होने तक चलेंगी, जबकि जमा एक कक्षा की ऑनलाइन कक्षाएं फरवरी तक आयोजित की जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

# सुजानपुर के विधायक कै. राणा के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर



रक्तदान शिविर में रक्तदानी का हौसला बढ़ाते सुजानपुर के विधायक कै. रणजीत सिंह।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर ब्लॉक युवा कांग्रेस द्वारा विधायक रणजीत राणा के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान शिविर पर लगाया गया। इस अवसर पर विधायक कैप्टन रंजीत सिंह ने केक काटा और लोगों ने उन्हें उनके जन्मदिवस पर बधाई दी।

इस अवसर पर कैप्टन रंजीत सिंह ने कहा कि सुजानपुर की जनता का प्यार वह कभी नहीं भूलेंगे। उन्होंने इस अवसर पर स्थानीय बाल आश्रम में जाकर छात्रों से भेंट की तथा उन्हें गिफ्ट भेंट किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुख की सरकार ने जिन बच्चों के माता-पिता नहीं है, उनके लिए विशेष योजनाएं चलाई हैं। सुक्खु सरकार ने प्रदेशभर में लोगों के लिए कई विकास योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु सुजानपुर का जल्द ही दौरा करेंगे। इस दौरान वह कई स्कीमों का लोकार्पण तथा उद्घाटन करेंगे। इससे पहले यहां पहुंचे विधायक का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पार्टी कार्यकर्ताओं स्थानीय लोगों, नारी शक्ति नगर परिषद के पार्षदों, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। अपने जन्मदिवस पर विधायक ने सबसे पहले अपने घर पर अपनी माता सहित अन्य परिजनों का आशीर्वाद लिया।

विधायक ने सुजानपुर बाल आश्रम में पहुंचकर यहां जीवन बसर कर रहे अनाथ बच्चों से मिलकर उन्हें अपने जन्म दिवस पर गर्म ट्रैकसूट वितरित किए। इसके बाद विधायक ने सुजानपुर बस स्टैंड पर युवा कांग्रेस द्वारा उनके जन्म दिवस पर लगाए गए रक्तदान शिविर का भी शुभारंभ किया। उन्होंने रक्त वीरों का हाल-चाल जाना और कहा कि हर स्वस्थ इंसान को रक्तदान जरूर करना चाहिए, क्योंकि यह जान बचाने में काम आता है।

## अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में पहुंचा बिलासपुर

**अनंत ज्ञान, नादौन**

क्रिकेट स्टेडियम अमतर में बिलासपुर व हमीरपुर की अंडर-14 टीम के क्वार्टर फाइनल क्रिकेट मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए बिलासपुर की टीम ने पहली पारी में 48 रन की बढ़त बनाकर क्वार्टर फाइनल मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश पा लिया है।

बिलासपुर की टीम ने पहली पारी खेलते हुए 77.5 ओवर में 157 रन बनाए थे, जिसका पीछा करते हुए पहली पारी में हमीरपुर की टीम 38 रन से आगे खेलते हुए पहली 41.3 ओवर में मात्र 109 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बल्लेबाज दिवांश 25, कनिष्क 22 जबकि अशांक ने 31 रन बनाए। बिलासपुर की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अंश ने 3 विकेट झटके जबकि शिवांश, मयंक व प्रतीक ने 2-2 तथा प्रिंस ने एक विकेट ली।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व स्टेडियम के प्रभारी संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि बिलासपुर की टीम को पहली पारी में 48 रन की लीड मिली। बिलासपुर की टीम ने दूसरी पारी खेलते हुए 36 ओवर में 3 विकेट पर 60 रन बनाए। बल्लेबाज अखिल 32 रन बनाकर नाबाद रहा। हमीरपुर की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए अशांक शर्मा, विवान व अशरफ ने 1-1 विकेट ली। बिलासपुर की टीम को पहली पारी में मिली बढ़त के आधार पर विजेता घोषित किया गया।

## 25 तक बंद रहेगी लघवाण-टौणी देवी सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** लघवाण-टौणीदेवी सड़क के कुछ हिस्से पर पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 25 जनवरी तक बंद किया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कार्यवाहक जिलाधीश राहुल चौहान ने बताया कि लघवाण-टौणी देवी सड़क पर पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य को अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 25 जनवरी तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बड्डू-ककड़ियार-टपरे सड़क से आवाजाही कर सकते हैं। उन्होंने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

# बारीं स्कूल में चार माह से पानी नहीं

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

बमसन तहसील मुख्यालय के साथ लगते राजकीय प्राथमिक पाठशाला बारीं में चार माह से नल में पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी है। हालात यह है कि स्टूडेंट्स को खातरी का पानी उबाल कर पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। अब खातरी का पानी भी समाप्त होने से दिक्कतें और बढ़ गई हैं।

गौरतलब है कि समाजसेवी स्वर्गीय बीरबल दास ठाकुर ने करीब एक किलोमीटर दूर से अपने खर्च पर बारी स्कूल के बच्चों के लिए पाइपलाइन बिछाई थी। नेशनल हाईवे निर्माण के चलते निर्माण कंपनी ने इस पाइपलाइन को तोड़ डंगे में दबा दिया। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन निर्माण कंपनी ने पानी की पाइपलाइन अब तक नहीं जोड़ी।



**खातरियों का पानी भी हुआ खत्म, अब बच्चों की कैसे बुझाई जाएगी प्यास**

स्कूल के पूर्व मुख्य शिक्षक अशोक शर्मा, ग्रामीणों देशराज, बलवंत सिंह, भूमि राज, जय राज, हंस राज, जसवंत सिंह, पुरुषोत्तम, हेमराज, सुनील चौहान इत्यादि ने बताया कि अब पानी न होने से स्टूडेंट्स को वॉशरूम तक जाने की मुश्किल पैदा हो गई है। जेबीटी अध्यापिका ज्योति ने बताया कि स्टाफ और स्टूडेंट्स को पानी न मिलने से कई दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। मिड-डे मील तक पकाने के लिए पानी नहीं है। ग्रामीणों ने कहा है कि सरकारी प्राइमरी स्कूल वैसे ही बंद होने के कगार पर है और ऊपर से पानी की समस्या ने स्थिति को और खराब कर दिया है।

इस बारे बारी पंचायत के प्रधान रविंद्र ठाकुर ने बताया कि नई पाइपलाइन तहसील कार्यालय के लिए बिछाई गई है। एक दो दिन में इसी नई पाइपलाइन से स्कूल को भी नया कनेक्शन देने की बात जल शक्ति विभाग से की गई है। उधर, नेशनल हाईवे वाटर विंग के इंजीनियर अनय सिंह ने बताया कि पुरानी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जल शक्ति विभाग को नई लाइन से स्कूल को भी पानी की सप्लाई देने को कहा गया है। (अनंत ज्ञान)

# थलसेना की अग्निवीर भर्ती के लिए जिला प्रशासन तैयार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हमीर भवन में जिले के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान राहुल चौहान

एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने बताया कि अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड एवं डिग्री कॉलेज परिसर में 17 से 24 जनवरी तक आयोजित होने वाले थलसेना की अग्निवीर भर्ती के फिजिकल टेस्ट, मेडिकल परीक्षण और दस्तावेजों की जांच के लिए, जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

वीरवार को हमीर भवन में जिले के प्रशासनिक, पुलिस, अन्य संबंधित विभागों, नगर निगम तथा सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान राहुल चौहान ने कहा कि इस भर्ती रैली में जिला हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना के केवल उन युवाओं का ग्राउंड टेस्ट, मेडिकल जांच और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगी, जो कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा पास कर चुके हैं। रैली के दौरान प्रतिदिन लगभग 600 उम्मीदवारों का फिजिकल टेस्ट, मेडिकल परीक्षण और दस्तावेजों की जांच होगी।

राहुल चौहान ने कहा कि पात्र उम्मीदवारों की मैदान में एंट्री सुबह 3-4 बजे शुरू हो जाएगी। इसलिए, सभी विभागों को इसी समय के अनुसार तैयारी करनी होगी। उन्होंने कहा कि भर्ती के लिए बाहर से आने वाली सेना की टीम के रहने और वाहनों की पार्किंग इत्यादि के लिए जिला पंचायत संसाधन केंद्र सलासी, एनआईटी और अन्य स्थानों पर विशेष व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर एसपी भगत सिंह ठाकुर, सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल, एसडीएम संजीत सिंह, सेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के मेजर हरीश और अन्य अधिकारियों ने भी विभिन्न प्रबंधों पर महत्वपूर्ण सुझाव रखे।

वहीं, एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और थलसेना भर्ती कार्यालय हमीरपुर के अधिकारियों के साथ अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड तथा इसके आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## अभ्यर्थियों का डोप टेस्ट होगा, संदिग्धों पर रहेगी कड़ी नजर

कार्यवाहक उपायुक्त ने कहा कि भर्ती रैली के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा अपनी शारीरिक क्षमता एवं प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाइयों के प्रयोग और रैली स्थल के आसपास संदिग्ध लोगों पर भी कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि शारीरिक क्षमता एवं प्रदर्शन बढ़ाने वाली लगभग 20 चिह्नित दवाइयों के दुरुपयोग की जांच के लिए अभ्यर्थियों का डोप टेस्ट होगा। इसलिए, सभी अभ्यर्थी इन दवाइयों के प्रयोग से बचें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इसके प्रति युवाओं तथा कैमिस्टों को आगाह करने के निर्देश भी दिए। राहुल चौहान ने बताया कि युवाओं को भर्ती के नाम पर झांसा या प्रलोभन देने वाले संदिग्ध लोगों पर नजर रखने के लिए खुफिया एजेंसियां भी अलर्ट पर रहेंगी।

# टौणी देवी में एसडीएम कार्यालय खुलवाने के लिए राजेश ने सीएम सुक्खू से उठाई मांग



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** जिला किसान कांग्रेस हमीरपुर के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिलकर टौणी देवी में एसडीएम कार्यालय खुलवाने की मांग की है। राजेश ठाकुर के अनुसार सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव के समय सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू ने टौणी देवी में एसडीएम उपमंडल कार्यालय खोलने की घोषणा की थी। उन्होंने सीएम को बताया कि स्थानीय लोगों की यह मांग बड़ी पुरानी है क्योंकि एसडीएम कार्यालय हमीरपुर व सुजानपुर होने के कारण लगभग 15 से 20 किलोमीटर सफर कर जाना पड़ता है। राजेश ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनहित में इस मांग को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया है।

## इंदिरा गांधी पर निम्न स्तरीय टिप्पणी करना बीमार मानसिकता और अज्ञानता की निशानी : प्रेम कौशल



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आयरन लेडी स्वर्गीय इंदिरा गांधी पर की गई कंगना रनौत की टिप्पणी को कांग्रेस ने शर्मनाक और निंदनीय करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कंगना को बिगड़ैल, अहंकारी और असभ्य करार देते हुए कहा कि वह भाजपा की चहेती इसलिए बनी हैं क्योंकि भाजपा का नेतृत्व ऐसे ही लोगों को प्रोत्साहित करता है। कौशल ने कहा कि भाजपा का मुख्य एजेंडा नेहरू-गांधी परिवार को बदनाम करना है और कंगना रनौत जैसे लोगों को इस काम के लिए मोहरा बनाया गया है। उन्होंने स्वर्गीय इंदिरा गांधी की देश की एकता और अखंडता के लिए दी गई कुर्बानी को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि उनके साहस और दूरदर्शिता का प्रमाण दुनिया के नक्शे पर एक नए राष्ट्र बांग्लादेश की स्थापना है। कौशल ने कहा कि इंदिरा गांधी, जिन्होंने 100 से अधिक देशों का प्रतिनिधित्व किया, पर इस तरह की निम्न स्तरीय टिप्पणी करना बीमार मानसिकता और अज्ञानता को दर्शाता है। कांग्रेस ने इस बयान के माध्यम से भाजपा और कंगना रनौत पर तीखा हमला किया है।

## गरीब मेधावी बच्चों का भविष्य संवार रही सीनियर सिटीजन काउंसिल



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सिटीजन काउंसिल हमीरपुर मरीजों की सेवा करने के साथ गरीब व असहाय बच्चों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। काउंसिल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में दाखिल मरीजों को तीन समय का निशुल्क भोजन तो उपलब्ध करवा ही रही है, साथ ही गरीब मेधावी व असहाय बच्चों की पढ़ाई का खर्च भी उठा रही है। यही वजह है कि संस्था द्वारा दी गई आर्थिक सहायता से गरीब मेधावी बच्चे प्रोफेशनल कोर्स करके देश व प्रदेश में अच्छे पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। वर्तमान में संस्था लगभग 40 गरीब मेधावी बच्चों को आर्थिक सहायता दे रही है और ये छात्र बीएड, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, इंजीनियर आदि की पढ़ाई कर रहे है। इस दौरान 2025-26 में पढ़ाई करने वाले छात्रों को मेरिट कोटा वालों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके लिए बच्चे के परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हों और आर्थिक रूप से कमजोर हों। इसके अलावा संस्था निर्धन बेटियों की शादी में भी राशन व आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। संस्था से बेटियों की शादी के लिए राशन लेने के लिए 20 दिन पहले प्रार्थना पत्र संस्था के कार्यालय में देना होगा, उसके बाद ही संस्था सहायता करेगी। संस्था के अध्यक्ष विजय पुरी ने उक्त जानकारी दी।

## भोटा में साधारण अधिवेशन 12 को

**अनंत ज्ञान, भोटा।** दी भोटा कृषि सेवा सहकारी सभा का वार्षिक साधारण अधिवेशन 12 जनवरी को सुबह 10 बजे सभा के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सभा द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यों की जानकारी दी जाएगी। यह जानकारी सभा के प्रधान कैप्टन मुख्तार सिंह व सचिव मनोज कुमार ने दी।

## भोरंज उपमंडल में लोहड़ी के बजाए सायर पर्व पर होगी लोकल छुट्टी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर में दो लोकल छुट्टियों के संबंध में जिलाधीश की ओर से पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। संशोधित आदेश के अनुसार भोरंज उपमंडल में इस वर्ष सोमवार 13 जनवरी के बजाय 16 सितंबर को सायर उत्सव के दिन स्थानीय अवकाश रहेगा, जबकि जिले के अन्य उपमंडलों हमीरपुर, सुजानपुर, बड़सर और नादौन में 13 जनवरी को लोहड़ी पर स्थानीय अवकाश रहेगा। जिलाधीश की ओर से पूर्व में जारी आदेश के अनुसार 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा के अवसर पर जिले के सभी उपमंडलों में स्थानीय अवकाश होगा।

## सुजानपुर उपमंडल के कई क्षेत्रों में कल बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** सुजानपुर उपमंडल के अंतर्गत आने वाले सुजानपुर की कुछ एक क्षेत्रों में 11 जनवरी को बिजली बाधित रहेगी। सैनिक स्कूल, राधा स्वामी मोहल्ला, डोली, पेट्रोल पंप, ढाइला, मिहाड़पुर, छोटा, भलेठ, चमियाणा, टिक्करू, चरोट, पटलांदर, कनेरड़, ठाणा, रियाह, रंगस, मैहड़ू, नलाही, जियाना, जोल लम्बरी और आंसला सहित अन्य क्षेत्रों में 11 जनवरी को सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपमंडल सुजानपुर के सहायक अभियंता ई. अंकज गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इस दिन 11 केवी लाइनों के साथ लगने वाले पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य किया जाएगा, जिसके कारण बिजली आपूर्ति को अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। उन्होंने लोगों से इस असुविधा के लिए सहयोग की अपील की।

# आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बड़ा को अपग्रेड करने की एक बार फिर उठी मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन की आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बड़ा को अपग्रेड करने की क्षेत्रवासियों ने एक बार फिर जोरदार मांग उठाई है। वहीं, आयुर्वेदिक विभाग ने भी इसको अपग्रेड करने की अपनी कवायद शुरू कर दी है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी द्वारा इस डिस्पेंसरी को अपग्रेड करने की मांग भी युवा खेल एवं आयुष मंत्री योगिन्द्र गोमा के समक्ष उस दौरान रखी थी, जब वह मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के साथ कस्बा बड़ा के धनपुर में जायका प्रोजेक्ट का शिलान्यास करने आए थे।

इस दौरान उन्हें यह भी बताया गया था कि आयुर्वेदिक विभाग द्वारा इस डिस्पेंसरी को अपग्रेड करने के लिए नए भवन के निर्माण के लिए कस्बा बड़ा में जो भूमि की भी तलाश की जा रही है, इसके लिए विभाग के अधिकारी ने आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बड़ा के नए भवन के निर्माण के लिए क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क किया था ताकि क्षेत्र के लोगों द्वारा काफी अरसे से इस डिस्पेंसरी को अपग्रेड करने की जो मांग उठाई जा रही थी, उसे अतिशीघ्र सकारात्मक रूप दिया जाए। इस संदर्भ में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने आयुर्वेदिक विभाग को आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बड़ा के नए भवन के निर्माण के लिए कुछ स्थान सुझाए जा रहे हैं। वहीं, क्षेत्र के एक परिवार द्वारा अपनी मलकीती भूमि भी आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बड़ा के नए भवन के निर्माण के लिए दान देने की बात कही है।

क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से दोबारा जोरदार मांग करते हुए आग्रह किया है कि आयुर्वेदिक विभाग द्वारा कस्बा बड़ा की आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी को जो अपग्रेड करने की जो क्रवायद शुरू की थी, उसे अतिशीघ्र सकारात्मक रूप दिया जाए। (अनंत ज्ञान)

**जायजा** कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने की तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश

# अणू मैदान में होगा जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने हमीर भवन में विभिन्न विभागों और नगर निगम के अधिकारियों के साथ गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक की।

76वां गणतंत्र दिवस समारोह हमीरपुर जिले में भी 26 जनवरी को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके लिए जिला एवं उपमंडल स्तर पर तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। एडीएम एवं कार्यवाहक उपायुक्त राहुल चौहान ने वीरवार को हमीर भवन में विभिन्न विभागों और नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक करके जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के मैदान में अभी कार्य पूरा नहीं हुआ है, इसलिए जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह अणू के सिंथेटिक ट्रैक के मैदान में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को सुबह 11 बजे समारोह के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और भव्य परेड की सलामी लेंगे। इस परेड में हिमाचल प्रदेश पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, एनएसएस और स्काउट्स एंड गाइड्स की टुकड़ियां भाग लेंगी।

राहुल चौहान ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस परेड में अधिक से अधिक शिक्षण संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित करें तथा इनकी सूची एसपी कार्यालय को भेजें, ताकि इन संस्थानों की टुकड़ियों को परेड की रिहर्सल में शामिल किया जा सके। कार्यवाहक उपायुक्त ने कहा कि अणू के मैदान में 17 से 24 जनवरी तक भर्ती रैली भी होगी।

इस रैली के लिए पहले ही आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं, इसलिए रैली के तुरंत बाद सभी संबंधित विभाग और नगर निगम के अधिकारी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दे दें। मौसम खराब होने की स्थिति के लिए भी पूरी तैयारी रखें।

कार्यवाहक उपायुक्त ने सलामी मंच और फ्लैग पोस्ट के निर्माण, आयोजन स्थल पर पेयजल, शौचालय, सफाई, बिजली आपूर्ति और अन्य सभी व्यवस्थाओं के लिए लोक निर्माण विभाग, बिजली बोर्ड, नगर परिषद और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए।

## न्यूज ब्रीफ

### फिर उठी एसीपीस और एनपीए की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी महासंघ ने प्रदेश सरकार से आगामी बजट में पशु पालन विभाग में कार्यरत पशु चिकित्सा अधिकारियों के लिए एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन स्कीम और नॉन-प्रैक्टिस एलाउंस बहाल करने की मांग की है। प्रदेश महासचिव डॉ. मधुर गुप्ता ने बताया कि पशु चिकित्सा अधिकारी पशुपालकों और किसानों की घर द्वार सेवा करते हुए प्रदेश की आर्थिकी में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस संदर्भ में पशु चिकित्सक अपनी सेवाएं विषम परिस्थितियों में घर द्वार चिकित्सा उपलब्ध करवाते है। पशु चिकित्सकों के पास पूरे सेवाकाल में पदोन्नति के बहुत ही सीमित अवसर होते हैं। जिसके लिए पूर्व में उन्हें एश्योर्ड कैरियर प्रोग्रेशन स्कीम की सुविधा थी, जो कि अब बंद हो गई है जिससे उनके पूरे सेवाकाल में पदोन्नति का कोई भी तरीका नहीं बचा है। संघ ने मांग उठाई है कि इन दोनों को जल्द ही बहाल किया जाए, ताकि पशु चिकित्सकों के साथ कोई आर्थिक अन्याय न होने पाए। उन्होंने बताया कि नॉन प्रैक्टिस एलाउंस जो कि सेवा में देरी पर आने से और पशु पालकों के हित के लिए पशु चिकित्सकों को दिया जाता था, जो अभी नए भर्ती हुए पशु चिकित्सकों के लिए बंद पड़ा है। उन्होंने इस पर भी सरकार से विचार करने और आगामी बजट सत्र में बहाल करने का आग्रह किया है।

### टैक्सी से 3.98 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत बुधवार देर रात को नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एचपी 01ए-5510 टैक्सी को जांच-पड़ताल के लिए रोककर उसकी तलाशी ली तो उससे 3.98 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान शिलादेश गांव के सुजन के रूप में हुई है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने बताया है कि एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर युवक को गिरफ्तार किया गया है।

### ठियोग में चिट्टे समेत एक व्यक्ति काबू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला में पुलिस आए दिन आरोपियों को चिट्टे संग धर-दबोच रही है। ताजे मामले में ठियोग पुलिस ने 76.050 ग्राम चिट्टे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता उस समय मिली जब पुलिस ने बुधवार की रात रहीघाट में गश्त के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार हर्ष सैनी की तलाशी ली। आरोपी हरिद्वार जिले के रुड़की का निवासी है। ठियोग पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### राज्य सहकारी बैंक ने लगाया साक्षरता शिविर




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक की शाखा चिड़गांव में नाबार्ड द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के तहत एक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पुजारली में लगाया गया। शिविर में बैंक के सहायक प्रबंधक सोबत नेगी ने लोगों को बैंक द्वारा दी जा रही ऋण सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरान महिलाओं को सशक्त महिला ऋण, सपनों का संचय व जीवन सुरक्षा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति व प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर में लगभग 300 से 320 लोगों ने भाग लिया।


### एनसीसी कैडेट्स ने किया अभ्यास



**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में एनसीसी इकाई के कैडेट्स के द्वारा राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस की परेड हेतु अभ्यास किया जा रहा है। महाविद्यालय के सभी कैडेट्स इस अभ्यास सत्र में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। ये कैडेट्स राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित एनसीसी की शिमला इकाई द्वारा आयोजित शिविर में भाग लेंगे और शिविर से चयनित कैडेट्स शिमला के रिज में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस की परेड का हिस्सा बनेंगे। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला: चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी ने कहा कि हिमाचल जैसे शांति प्रिय प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। प्रदेश में भ्रष्टाचार का बोलबाला है पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को कानून व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार समाप्त करने की कोई चिंता नहीं है, उनको चिंता है तो केवल अपनी व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि हर रोज प्रदेश में कानून व्यवस्था की घटनाएं बढ़ती ही जा रही है, जो कि चिंताजनक है। केंद्रीय सहकारी बैंक केसीसीबी की ऊना शाखा ने एक होटल कारोबारियों को 20 करोड़ रुपए का ऋण दिया। ऋण देने के मामले में बैंक प्रबंधन ने स्वयं की ऋण नीति, भारतीय रिजर्व बैंक और राष्ट्रीय ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के दिशा-निर्देशों की सरेआम अवहेलना की। प्रदेश भ्रष्टाचार व्यापक रूप से हो रहा है, पर कांग्रेस सरकार मौन है।



### सीएम ने किया कैलेंडर का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संघ के मुख्य सलाहकार डॉ. संतलाल, अध्यक्ष डॉ. राजेश राणा, राज्य कोषाध्यक्ष डॉ. प्रवीण चौहान, जिला शिमला के अध्यक्ष डॉ. दीपक, जिला सचिव डॉ. योगराज वर्मा और डॉ. अंजली चौहान सहित अन्य

# दिल्ली चुनाव में 'आप' व कांग्रेस का होगा सूपड़ा साफ : जयराम ठाकुर

## कहा-दिल्ली के लोग देख और समझ चुके हैं कांग्रेस और 'आप' की हकीकत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि दिल्ली में इस बार भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इस विधानसभा चुनाव में सूपड़ा साफ हो जाएगा, झूठ के हाथ पांव नहीं होते हैं और यह बहुत जल्दी बेनकाब हो जाता है।

कांग्रेस और आपका विकास और गरीब विरोधी चेहरा पूरी तरीके से बेनकाब हो चुका है इसलिए वह दिल्ली में चाहे जितने झूठ बोल लें या चाहे जितनी कसमें खा ले एक भी दिल्ली वासी अब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की बातों पर ऐतबार नहीं करेगा। झूठ बोलकर बार-बार किसी का यकीन नहीं हासिल किया जा सकता, इसलिए कांग्रेस और आप अब दिल्ली के मतदाताओं का यकीन और समर्थन नहीं हासिल कर सकती है। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर जितना झूठ बोल सकती थी, जितने फरेब कर सकती थी सब कर चुकी है। इन दोनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजय रथ रोकने के लिए दिल्ली में एक साथ मिलकर भी चुनाव लड़ा।

दिल्ली के लोगों को एक से एक सब्जबाग दिखाएं, लेकिन दिल्ली के लोगों ने साफ कर दिया कि उन्हें झूठे लोगों से दूरी बनाकर रखनी है। नेता

### झूठी गारंटियों के नाम पर कांग्रेस ने हिमाचल में जो किया, पूरे देश में चुकानी पड़ेगी उसकी कीमत



प्रतिपक्ष ने कहा कि गारंटियों का जो मॉडल हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के नेताओं ने दिखाया और कांग्रेस ने गारंटियों के नाम पर हिमाचल प्रदेश को जिस प्रकार से छला वैसा उदाहरण भारत की राजनीति में शायद ही कभी मिले। हिमाचल में कांग्रेस के आला नेताओं से लेकर छोटे-मोटे नेताओं ने सिर्फ सत्ता हथियाने के लिए झूठ बोलने की सारी हदें पार कर दी।

एक से बढ़कर एक झूठ बोले, एक से बढ़कर एक गारंटियां दी, एक से एक बढ़कर वादे किए। लेकिन सत्ता पाते ही कांग्रेस के लोग तानाशाह हो गए, जो भी गारंटियां दी थीं उसके उल्टा काम करना शुरू किया। हिमाचल में यह पहली सरकार थी जो अपने चुनावी वादों के अपने मैनिफेस्टो के विपरीत काम कर रही है। इसके अलावा प्रदेश के स्वास्थ्य सुविधाओं का जो बंटाधार व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर हिमाचल प्रदेश में हुआ है वह अप्रत्याशित और निराशाजनक है।

### 'एंटी गारंटी और एंटी मेनिफेस्टो गवर्नमेंट' है सुक्खू सरकार

**हिमाचल** की सुक्खू सरकार 'एंटी गारंटी और एंटी मेनिफेस्टो गवर्नमेंट' है। जिन वादों पर हिमाचल के लोगों ने कांग्रेस को जनादेश दिया, उसके विपरीत ही सारे काम सरकार द्वारा किए गए। जयराम ने कहा कि कांग्रेस की सरकार हिमाचल प्रदेश में 18 से 59 साल की हर महिला को 1500 रुपए देने, पहली कैबिनेट बैठक में एक लाख नौकरियां देने और 5 साल में 5 लाख नौकरियां देने, गोबर खरीदने 100 रुपए किलो दूध खरीदने, युवाओं को स्टार्ट फंड देने, 300 यूनिट बिजली फ्री देने के नाम पर सत्ता में आई थी। लेकिन, हालात इसके पूर्णतया विपरीत है। हिमाचल सरकार ने पहले से कार्यरत 15000 आउटसोर्स कर्मियों को नौकरी से निकाला है। खाली पड़े सारी पद समाप्त कर दिए हैं, 18 से 60 साल की प्रदेश की हर महिलाओं को 1500 रुपए देने से सरकार ने बैठे लोगों ने ही हाथ खड़े कर दिए हैं। 300 यूनिट फ्री बिजली देने की गारंटी देने वाली सरकार पिछली सरकार द्वारा दी जा रही है 125 यूनिट फ्री बिजली की सुविधा को खत्म कर दिया है और अब पहले से मिलती रही बिजली स्लैब की सब्सिडी को भी वापस ले लिया है।

## पुस्तक का किया विमोचन



शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू डॉ. राजीव बंसल, डॉ. बासु सूद और डॉ. प्रभात मित्तल द्वारा लिखित पुस्तक 'जेंडर पर्सपेक्टिव्स इन पब्लिक पॉलिसी एंड डेवलपमेंट' का विमोचन करते हुए।

# चिड़गांव से लेकर यूको बैंक बाजार तक 11 और 12 को बिजली बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहडू**




विद्युत उपमंडल चिड़गांव नंबर-1 के सहायक अभियंता ई. सत्यपाल बटवान ने प्रेस बयान के माध्यम से बताया कि सहायक अभियंता इलेक्ट्रिकल सिस्टम सब डिविजन एचपीएसईबी लिमिटेड नोगली के माध्यम से सूचित किया गया है कि आंध्रा में 66/22केवी एचवी लाइन में तारों को कसने का कार्य व टावर लगाने के लिए यह शटडाऊन विद्युत अनुभाग चिड़गांव के क्षेत्र 22केवी कंट्रोल प्वाइंट चिड़गांव से लेकर यूको बैंक बाजार तक 11 जनवरी को सुबह 9 बजे से सांय साढ़े 5 बजे व कार्य समाप्ति तक रहेगा।

वहीं, 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे से साढ़े पांच बजे या कार्य समाप्ति तक विद्युत अनुभाग जांगला, देवीधार व चिड़गांव आदि के क्षेत्र में बिजली बाधित रहेगी। कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर करेगा।

# आधार कार्ड से लिंक होगी भूमि की जमाबंदी

**अनंत ज्ञान-चौपाल/नेरवा**

अब न तो कोई आपके जमीन की फर्जी तरीके से रजिस्ट्री करा सकता है और न ही फर्जी तरीके से आप की जमाबंदी से रसीद कटवा सकता है। इसको लेकर राजस्व विभाग के द्वारा नई पहल की गई है। राजस्व विभाग ने सभी जमीन मालिकों की जमाबंदी को आधार कार्ड से लिंक करने का कार्य आरंभ कर दिया है और संबंधित राजस्व कर्मचारियों को आगामी 16 जनवरी तक भूमि मालिकों के जमाबंदी से आधार लिंक करने के आदेश भी दे दिए हैं।

जमाबंदी में आधार कार्ड लिंक किए जाने के बाद जमीन से संबंधित होने वाले कई तरह के फर्जीवाड़े को रोका जाएगा, इसे लेकर यह पहल

### फर्जी रजिस्ट्री और अन्य किस्म के जमीन के फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक



की गई है। तहसीलदार चौपाल रेखा शर्मा ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार जमीन से संबंधित सभी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध करा रही है, ताकि घर बैठे मोबाइल से जमीन की जानकारी को चेक किया जा सके, लेकिन जमीन ऑनलाइन देखने के लिए उससे संबंधित जानकारी जैसे, गांव, तहसील, खसरा नंबर आदि होने चाहिए। इसलिए सरकार ऐसे समस्या से निपटने के लिए, जमीन के सभी रिकॉर्ड आधार कार्ड से लिंक कर रही है, ताकि लोग अपने आधार कार्ड का उपयोग कर जमीन के सभी जानकारी को ऑनलाइन चेक कर सके।

उन्होंने कहा कि जमाबंदी मालिक की भूमि को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए राजस्व विभाग के द्वारा संबंधित अधिकारियों को आधार लिंक करने का निर्देश दिया गया है उन्होंने सभी भूमि मालिकों से आग्रह किया है कि वे राजस्व रिकॉर्ड को आधार से लिंक करने में पटवारी का सहयोग करे।

# उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों को ऋण स्वीकृति के पत्र किए वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह लोन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि इस बैठक में उपस्थित सभी लोग सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए कार्य कर रहे हैं, इसलिए जानकारी पूरी और सटीक होनी चाहिए। जिला को 800 महिलाओं को ऋण दिलाने का लक्ष्य रखा गया था जिसके तहत 674 मामले बैंकों को भेजे गए हैं और 84 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण किया गया है। बैठक में बताया गया कि खंड मशोबरा, छोहारा, ठियोग, रामपुर और चौपाल ने 100 प्रतिशत से अधिक का लक्ष्य प्राप्त किया है। उपायुक्त ने सभी महिलाओं का कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें खुशी है सभी जमीनी स्तर पर बेहतरीन कार्य कर रही हैं। उपायुक्त ने जिन खंड के स्वयं सहायता समूह का लोन स्वीकृत हुआ है उनको प्रमाणपत्र वितरित किए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने एफएलसीआरपी/क्रेडिट मोबिलाइजर को सम्मानित किया। इसके अलावा लोन वितरण में बेहतर कार्य करने वाले बैंकों को भी सम्मानित किया। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, जिला विकास अधिकारी कीर्ति चंदेल आदि उपस्थित रहे।

# वीरगाथा प्रोजेक्ट में छाए हिमाचल के छात्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

रक्षा मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में लांच किए गए प्रोजेक्ट वीरगाथा 4.0 में हिमाचल प्रदेश के छह बच्चों ने कड़ी मेहनत और प्रतिभा की बदौलत सुपर 100 में अपनी जगह बनाई है। यह प्रोजेक्ट वीरता पुरस्कार विजेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस प्रतियोगिता में देशभर के स्कूलों के कक्षा तीसरी से कक्षा 12वीं तक के छात्र भाग लेते हैं। हिमाचल में वीरगाथा प्रोजेक्ट के तहत विभिन्न गतिविधियां समग्र शिक्षा माध्यम से करवाई गई।

प्रोजेक्ट वीरगाथा 4.0 की लॉन्चिंग इस वर्ष 5 सितंबर को की गई थी, जिसके तहत स्कूल स्तर पर बच्चों ने अपनी पोर्टल पर ऑनलाइन जमा की। छात्रों ने वीरता पुरस्कार विजेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित विभिन्न गतिविधियां जैसे कविताएं, पैराग्राफ लेखन, पेंटिंग और मल्टी-मीडिया प्रस्तुतियों में भाग लिया। इसमें हिमाचल के छह बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर सुपर 100 विजेता में शामिल रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में इस आयोजन में करीब 1.70 लाख बच्चों ने भाग लिया। जिला स्तर पर बच्चों का मूल्यांकन करने के बाद, 3543 छात्रों का चयन राज्य स्तर के लिए किया गया। राज्य स्तर पर समग्र शिक्षा निदेशालय द्वारा गठित एक कमेटी ने मूल्यांकन किया और 40 छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का अवसर प्रदान किया, जिनमें से छह छात्रों ने देश के 'सुपर-100' में अपनी जगह बनाई। सुपर 100 के बच्चों को रक्षा एवं शिक्षा मंत्रालय द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वीरगाथा प्रोजेक्ट से बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए समग्र शिक्षा निरंतर प्रयास कर रहा है।

# कर्मचारियों की लंबित मांगें बजट में शामिल करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहडू।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित आगामी बजट में वित्त मंत्री निर्मला सितारमण से कर्मचारियों की लंबित मांगें बजट में शामिल कर पूर्ण करने की मांग की है। महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष विपन कुमार डोगरा ने जारी प्रेस बयान में वित्त मंत्री से आठवें वेतन आयोग का शीघ्र गठन करने की मांग की है, ताकि 2026 से देय वेतनमान कर्मचारियों को समय पर मिल सके। उन्होंने पूरे देश में एक विधान, एक कानून, एक साथ चुनाव के साथ-साथ देश के सभी केंद्रीय व राज्य के कर्मचारियों को एक समान वेतनमान, भत्ते, मंहगाई भत्ता व अन्य सुविधाएं देने की भी मांग की है।



# तत्तापानी में जिला स्तरीय मकर संक्रांति मेला 13 व 14 को

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**



प्राकृतिक सल्फर युक्त प्राकृतिक ग्रीष्म जल स्रोतों के लिए प्रदेश भर में प्रसिद्ध महर्षि जमदग्नि की तपोस्थली तत्तापानी में जिला स्तरीय मकर संक्रांति मेले को लेकर तैयारियां जोरो-शोरो से चल रही हैं। बाहरी राज्यों से आने वाले अस्थायी व्यापारियों की दुकानों के लिए वीरबार को प्लॉट आवंटित किए गए।

मेला कमेटी अध्यक्ष दिनेश वर्मा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला स्थल पर विशेष इंतजाम किए जाएंगे। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े इसके लिए प्रशासन और मेले कमेटी द्वारा हर सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि यातायात और कानून-व्यवस्था को सुचारु रूप से चलने के लिए करसोग थाना से जवान तैनात किए जाएंगे। गाड़ियों की पार्किंग के लिए भी स्थान चिन्हित किए जाएंगे। स्नान स्थल पर भी गर्म पानी के को साफ-सुथरा रखा जाएगा। बता दें कि मकर संक्रांति के दिन तत्तापानी में आस्था का सैलाब उमड़ता है।

# बीडीओ क्षेत्र का विस्तृत दौरा कर समस्याएं ढूंढें : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि जिला के सभी खंड विकास अधिकारी अपने क्षेत्रों का विस्तृत दौरा करें और समस्याओं को ढूंढ कर उनके निराकरण का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे हैं लेकिन फिर भी कहीं न कहीं प्रतिबद्धता की कमी है जिससे कार्यों की गुणवत्ता में कुछ कमी रह रही है।

उपायुक्त वीरवार को जिला के सभी खंड विकास अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारी



अपने क्षेत्र में मॉडल विलेज और एस्पिरेशनल विलेज बनाने के लिए भी कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारी अपने क्षेत्र के बैंकों में ऐसे खातों की जांच करें, जो काफी समय से निष्क्रिय हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे खातों में अभी भी कुछ योजनाओं का बजट पड़ा हो सकता है, जिसे किसी और योजना के तहत व्यय कर लोगों को लाभान्वित किया जा सकता है। विभाग के कनिष्ठ अभियंता और एसडीओ को धरातल पर किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच करनी होती है और उसके लिए उनका प्रशिक्षण समय-समय पर करवाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने सभी बीडीओ को यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में बताया कि सभी खंड विकास अधिकारियों को अपने खंड के तहत 5 परंपरागत संरचनाओं का कायाकल्प करने के संबंध में निर्देश दिए गए थे जिसको लेकर आज सभी ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से उनके क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से उपायुक्त को अवगत करवाया। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना की खंडवार समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा, जिला विकास अधिकारी कीर्ति चंदेल, सभी खण्ड विकास अधिकारी और विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# शिमला बना ओवरऑल चैंपियन

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

दो दिवसीय पीएमश्री विद्यालय सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रतियोगिता का समापन कार्यक्रम गुरुवार को पीएमश्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ उत्कृष्ट माध्यमिक पाठशाला के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य ललित शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रबंधक सचिव एवं प्रधानाचार्य सुन्नी विपिन रघुवंशी ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी तथा स्मृति



चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत लोक नाट्य करयाला ने खूब वाहवाही लूटी। इसके अलावा स्कूली बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश कीं। इस दौरान ओवरऑल चैंपियन की ट्रॉफी से जिला शिमला को नवाजा गया। इस अवसर पर बलबीर सिंह गुलेरिया, कमल चौहान, अमित सिंघा आदि मौजूद रहे।

# फल एवं सब्जी उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार प्रयासरत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में जिला निगरानी समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें नाबार्ड एवं अन्य एजेंसियों के अधीन बनी 34 किसान उत्पादक कंपनियों के कार्य की समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने बताया कि जिला शिमला के सभी फल एवं सब्जी उत्पादक किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार प्रयासरत है और नाबार्ड के माध्यम से हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिला के विभिन्न क्षेत्रों में नाबार्ड के माध्यम से किसान उत्पादक कंपनियां स्थापित की गई जो लगातार किसानों के उत्पादन को बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण देने के साथ-साथ गुणवत्ता किस्म के फल व सब्जियां उत्पादन करने में सहयोग कर रही है।

उन्होंने कहा कि जिला शिमला के किसानों बागवानों को अपने उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक मंच पर आकर संयुक्त रूप से एक ब्रांड के निर्माण की आवश्यकता है, जिससे किसानों बागवानों के स्थानीय उत्पाद अधिक से अधिक बाजार तक पहुंचाए जा सके। उन्होंने कहा कि सभी एफपीओ और सीबीबीओ आपसी तालमेल से काम करें ताकि शिमला जिला का किसान आगे बढ़ सके।

### राथल जातर को जिला स्तरीय मेला घोषित करने पर सीएम का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, रोहडू।** जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के लोगों की आस्था का केंद्र व पौराणिक राथल जातर मेला जो सैंकड़ों वर्षों से मनाया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में उसको जिला स्तरीय घोषित करने के लिए सरस्वती नगर से जिला परिषद सदस्य कौशल मुंगटा ने मुख्यमंत्री सुक्खू और विशेषकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का धन्यवाद किया है। महाराज पवासी महासू की पावन स्थली भौलाड़ व महाराज देशमौलिया, बनाड़ व क्यालू महाराज के पावन स्थल शराचली के लोगों के लिए इस मेले को जिला स्तरीय बनाने से लोगों में खासा उत्साह है।

**आरोप**

## जुब्बल-कोटखाई कांग्रेस अध्यक्ष झूठे आंकड़े पेश कर मुख्यमंत्री को कर रहे गुमराह

# विकासात्मक योजनाओं को शापित कहना दुर्भाग्यपूर्ण: संदीप

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

जुब्बल कोटखाई कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में मंच से कोटखाई विकास भवन और ठियोग हाटकोटी सड़क को शापित योजनाएं कहना दुर्भाग्यपूर्ण है।

भाजपा जुब्बल-नावर-कोटखाई उपाध्यक्ष संदीप गांगटा ने कहा कि कोटखाई मिनी सचिवालय का भव्य भवन आम जनमानस एक छत के नीचे सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू द्वारा समर्पित किया गया। मिनी सचिवालय भवन के उद्घाटन अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष को मुख्यमंत्री का आभार व जनता को बधाई देनी चाहिए थी, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष ने इन महत्वपूर्ण योजनाओं को शापित योजना कहकर क्षेत्र की जनता और मुख्यमंत्री की गरिमा को ठेस पहुंचाने का कार्य किया।

गांगटा ने कहा कि कोटखाई में स्थापित मिनी सचिवालय भवन को लेकर कांग्रेस की मंशा हमेशा संदेहास्पद रही है, क्योंकि जुब्बल-नावर-कोटखाई कांग्रेस राजनैतिक दुर्भावना से ग्रसित है। इस भवन की नींव पूर्व बागवानी मंत्री स्व नरेंद्र बरागटा ने रखी थी और भाजपा



कार्यकाल में लगभग 7 करोड़ से ऊपर की राशि भी इस भवन के निर्माण के लिए खर्च हुई है। जिसका लेखा-जोखा लोक निर्माण विभाग के पास आज भी मौजूद है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने विकास भवन के निर्माण मे खर्च हुई राशि का गलत विवरण मुख्यमंत्री के सामने रखते हुए जुब्बल-नावर-कोटखाई की प्रबुद्ध जनता को गुमराह करने का प्रयास किया। जिसकी जुब्बल कोटखाई भाजपा घोर निंदा करती है।

ठियोग हाटकोटी सड़क का शिलान्यास तत्काल पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने वर्ष 2008 में किया था। इस सड़क पर भी कांग्रेस के नेताओं द्वारा राजनीतिक लाभ के लिए, जनता में विभिन्न प्रकार के झूठ फैलाए गए। वर्ष 2014 में सत्यप्राह सड़क संघर्ष यात्रा पूर्व बागवानी मंत्री नरेंद्र बरागटा की अध्यक्षता में निकाली गई, जिसके परिणामस्वरूप ठियोग हाटकोटी सड़क के निर्माण कार्य को गति मिली। हालांकि, इस सड़क की देख-रेख और कार्य में गति देने के लिए बरागटा ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका भी दायर की थी। जिस कारण यह सड़क चकाचक बनकर तैयार हो पाई। आज ठियोग, जुब्बल कोटखाई और रोहडू विधानसभा की जनता को अच्छी सड़क सुविधा मिल रही है, लेकिन जुब्बल-नावर-कोटखाई कांग्रेस अध्यक्ष इस सड़क को भी शापित सड़क कह रहे है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पुन्नर के विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रधानाचार्या अंजू लता ठाकुर की अगुवाई में जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने आम जनमानस को यातायात नियमों से अवगत करवाया व सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी सुधीर गुलेरिया व अन्य अध्यापक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### नौरा स्कूल के बच्चों को बताए रोड सेफ्टी रूल्स



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा में सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सीमा पठानिया के द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने कहा कि हमें यातायात के नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए।इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी अश्विनी द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों से अवगत करवाया गया। उन्होंने बच्चों से निवेदन किया कि वे कम उम्र में किसी भी वाहन को न चलाएं। वे अपने परिवार के सदस्यों से भी यातायात के नियमों के बारे में बात करें कि दोपहिया वाहन बिना हेलमेट के व चार पहिया वाहन बिना सीट बेल्ट के न चलाएं। रैली के दौरान बच्चों ने सड़क पर चलते हुए नारों के जरिए लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर पाठशाला का सभी स्टाफ मौजूद रहा।

### बच्चों ने ली टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए अभियान शुरू किया हुआ है। इसी कड़ी में हेल्थ ब्लॉक फतेहपुर की टीम ने वीरवार को शिक्षा खंड फतेहपुर के तहत पड़ती राजकीय प्राथमिक पाठशाला व राजकीय माध्यमिक पाठशाला बटाहड़ी के बच्चों को क्षेत्र को टीबी मुक्त बनाने की शपथ दिलवाई। इस दौरान बच्चों को टीबी ग्रस्त मरीज से दूरी न बनाने का आह्वान किया गया। साथ ही बताया टीबी की बीमारी अब लाइलाज नहीं रही है, बशर्ते इसका पूरा उपचार लिया जाए। उन्होंने स्कूली बच्चों व स्कूल प्रशासन से अपील की कि अगर वह भी अपने आसपास टीबी के लक्षण वाले मरीज को जानते हैं तो उसकी सहायता को आगे आते हुए स्वास्थ्य विभाग को अवगत करवाएं।

### पुलिस ने बिगड़ैल वाहन चालकों के काटे चालान



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर की टीम ने बुधवार को एएसआई इंद्र सिंह ने नेतृत्व में फतेहपुर-बडूखर मार्ग पर स्थित झंडे दा ठेर नामक स्थान पर नाका लगाते हुए बिगड़ैल बाहन दोपहिया बाहन चालकों पर शिंकजा कसा। इस दौरान चार पहिया वाहन चालकों के कागजात चेक करने के साथ ही सीट बेल्ट लगाने की हिदायत दी गई, तो वहीं बिना हेलमेट व ट्रिपल राइडिंग के कुछ चालान भी काटे गए। इस बारे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी फतेहपुर पवन गुप्ता ने कहा यातायात नियमों का पालन करवाने के लिए पुलिस द्वारा जगह-जगह नाके लगाकर वाहन चालकों को जागरूक करने के साथ ही नियमों की अवहेलना करने वालों के चालान भी काटे जा रहे हैं। आने वाले समय में नियमों का पालन करवाने के लिए पुलिस द्वारा और सख्ती की जाएगी।

# पठानिया ने स्टूडेंट्स को बांटे ट्रैक सूट व जूते

## उपमुख्य सचेतक बोले, सुखाश्रय योजना से प्रेरित होकर जरूरतमंद बच्चों की कर रहे सहायता




**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कल्याड़ा के वार्षिक उत्सव के दौरान राजकीय प्राथमिक पाठशाला कल्याड़ा-1, राजकीय प्राथमिक पाठशाला कल्याड़ा-2, राजकीय प्राथमिक पाठशाला ओडर तथा घिरथेड़ के कुल 79 विद्यार्थियों को को निशुल्क ट्रैक सूट एवं जूते वितरित किए, जिनमें 40 छात्र तथा 39 छात्राएं थीं। शाहपुर वेलफेयर सोसायटी व कल्याड़ा कांग्रेस कमेटी के सौजन्य से वितरित इन ट्रैक सूट और जूतों को पाकर बच्चे बेहद प्रसन्न दिखे। केवल पठानिया ने शाहपुर में सेवारत अध्यापकों से आह्वान किया है कि वे बच्चों से पारिवारिक रिश्ता बनाएं और उनसे संवाद करें।

इस अवसर पर उपमुख्य सचेतक ने बच्चों से संवाद भी किया और उनके परिवार की जानकारी भी ली। बकौल केवल पठानिया, उन्होंने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह की सुख आश्रय योजना से प्रेरणा लेते हुए अपने विधानसभा क्षेत्र में बच्चों की सेवा करने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष धारकंडी क्षेत्र की राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुठारना, लंघा, नोहली, रावा, खड़ी बही, अप्पर खड़ी बही, सुक्कुघाट, बोह तथा राजकीय माध्यमिक स्कूल कुठारना, रामापा रावा तथा राजकीय उच्च पाठशाला करेरी खास के लगभग 454 विद्यार्थियों जिनमें 225 छात्र एवं 229 छात्राएं शामिल हैं, को अपने खर्च पर उन्होंने स्वेटर उपलब्ध करवाए थे।

उन्होंने बताया कि राजकीय प्राथमिक स्कूल रैत के 15 बच्चों को भी स्वेटर उपलब्ध करवाए गए हैं। इसके अतिरिक्त वह अन्य स्कूलों के सैकड़ों बच्चों को भी स्वेटर व जूते मुहैया करवा चुके हैं। केवल ने कहा कि ग्रामीण परिवेश के बच्चे ज्यादातर गरीब परिवार से संबंध रखते हैं। इस अवसर प्रारंभिक शिक्षा उप निदेशक कांगड़ा अजय समयाल, प्रधानाचार्य कल्याड़ा अजय, सीएचटी रेखा देवी एवं दलजीत पठानिया, कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत राणा, कल्याड़ा कांग्रेस नेता बलवीर चौधरी, उपप्रधान नागनपट्ट सुशील, सरिता सैनी, उपमुख्य सचेतक के सलाहकार विनय, पूर्व प्रधान पीटीएफ रैत राकेश कुमार, तिलक, अराजपत्रित कर्मचारी संघ जिला कांगड़ा के प्रधान राजिंदर मन्हास, बीईईओ कार्यालय शाहपुर के अधीक्षक एएन विशिष्ट के अतिरिक्त अन्य स्कूलों के अध्यापक उपस्थित रहे।

### बोले- नर सेवा ही नारायण सेवा

**पठानिया** ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए उन्होंने शाहपुर विधानसभा में जरूरतमंद लोगों की सहायता हेतु शाहपुर वेलफेयर सोसायटी का गठन किया है। इस सोसायटी के माध्यम से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में गरीब लोगों की हर संभव सहायता की जा रही है। उन्होंने कहा कि वे अपनी विधानसभा के लोगों के लिए दिन-रात काम करने में तत्तपर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ण समर्पण और सेवा भाव के साथ क्षेत्र के लोगों के लिए काम करने के लिए ही लोगों ने उन्हें चुना है और वे अपने इस दायित्व को बखूबी निभाने का हमेशा प्रयास करते हैं।

## गगल एयरपोर्ट पर हाईकोर्ट में डेढ़ घंटे हुई बहस

**अनंत ज्ञान, गगल।** गगल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण को लेकर उच्च न्यायालय में चल रहे मामले को लेकर आठ जनवरी को उच्च न्यायालय में दोनों पक्षों में लगभग डेढ़ घंटे लंबी बहस हुई। याचिका दायरकर्ता के वकील ने न्यायाधीश को अवगत करवाया कि जहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाया जा रहा है, वहां भूकंप जोन का खतरा पहले ही दर्शाया गया है। इस दौरान हवाई अड्डे के अधीन आने वाले मांझी पुल को लेकर भी बहस हुई। संघर्ष समिति के अध्यक्ष द्वारा याचिका दायर करता रजनीश मोना जो सुनवाई में भाग लेने शिमला गए थे, ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधा वालिया तथा न्यायाधीश सतेंद्र वैद की खंडपीठ में हुई चली लंबी बहस हुई। इसी के चलते अब अदालत द्वारा इस मामले में अगली सुनवाई पांच मार्च रखी गई है। उधर, इस मामले को लेकर ग्रामीण बेसब्री से न्यायालय के फैसले का इंतजार कर रहे हैं।

**मामले में अब पांच मार्च को होगी अगली सुनवाई**

# बिना पुलिस वेरिफिकेशन के सामान बेचने वालों की पुलिस से करें शिकायत: चमन लाल

## नगरोटा बगवां थाना प्रभारी ने पंचायत प्रतिनिधियों से की अपील

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पुलिस थाना नगरोटा बगवां में वीरवार को क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों एवं विभिन्न मामलों के पीड़ित लोगों के मामलों को सुलझाने हेतु बैठक का आयोजन थाना प्रभारी चमन लाल की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि पंचायत क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों की जानकारी तुरंत पुलिस थाना में दें।

इसके साथ ही गांवों में यदि कोई भी अप्रवासी व्यक्ति बिना पुलिस वेरिफिकेशन के सामान बेचता है तो इसकी सूचना पुलिस स्टेशन को दें, ताकि ऐसे व्यक्तियों की पहचान करने के लिए उचित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को हिदायत देते हुए कहा है कि वे अपने बच्चों को बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस वाहन चलाने से रोकें, ताकि उनके अनमोल जीवन की रक्षा हो सके।

पुलिस थाना प्रभारी ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने क्षेत्र में अवैध रूप से नशा बेचने वाले समाज विरोधी व्यक्तियों की गुप्त सूचना पुलिस को दे, ताकि ऐसे समाज विरोधी व्यक्तियों की धर पकड़ की जा सके। उन्होंने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और नगर परिषद नगरोटा बगवां के प्रतिनिधियों से यह भी अपील की है कि प्रदेश से बाहर रहने वाले किसी भी अनजान अप्रवासी को मकान या दुकान किराए पर देने से पूर्व उस व्यक्ति का सही पता, आधार कार्ड की वेरिफिकेशन पुलिस थाना में करवा लें अन्यथा मकान मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया जा सकता है। उन्होंने ठेकेदारों से भी अपील की है कि वे अपने पास काम पर रखे अप्रवासियों के नाम व पते थाना पुलिस स्टेशन में दर्ज करवा लें।

## बगली में कल मनाई जाएगी इलेक्ट्रोहोम्योपैथी आविष्कारक की जयंती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्राकृतिक वनस्पति जगत पर आधारित इलेक्ट्रोहोम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के आविष्कारक काउंट सीजर मैट्टी की 216वीं जयंती सर्वोदय भवन बगली में 11 जनवरी को मनाई जाएगी। प्रेस विज्ञप्ति में संस्थान के निदेशक डॉ. सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है और उन्हें उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया जाएगा, जबकि कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटें जाएंगे। उल्लेखनीय है कि इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के संस्थापक काउंट सीजर मैट्टी का जन्म 11 जनवरी,1809 को इटली के बलोग्ना प्रांत में हुआ था और उन्होंने 1865 में विशुद्ध वनौषधियों पर आधारित मानव स्वास्थ्य के लिए दिव्य चिकित्सा पद्धति की खोज की।

# भूमि दिलाने के नाम पर ठगे 6 लाख, पुलिस ने वापस दिलाए

**अनंत ज्ञान, गगल**

गगल हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के चलते विस्तारीकरण की जद में आ रहे गांव के ग्रामीणों के खातों में भूमि के मुआवजा की राशि पड़ते ही धोखाधड़ी का दौर भी शुरू हो गया है। इसका प्रमाण उस समय मिला जब इलाके के विस्थापित परिवारों में एक पूर्व सैनिक जिसके खाते में सरकार ने मुआवजा राशि डाली थी, से कुछ बिचौलियों ने पुनर्वास के लिए भूमि दिलाने के नाम पर 6 लाख रुपए ऐंठ लिए। यही नहीं इन बिचौलियों ने एक फर्जी इकरारनामा भी बनवाकर उसको दिया था, लेकिन जब भूमि न मिलने का मामला प्रकाश में आया तो उक्त पूर्व सैनिक ने राशि वापस लेने के लिए बिचौलियों को कहा। बिचौलियों द्वारा राशि न दिए जाने पर ठगी का शिकार हुए पूर्व सैनिक ने इसकी शिकायत कांगड़ा की एसपी शालिनी अग्निहोत्री से की, जिस पर एसपी ने यह मामला गगल के पुलिस स्टेशन के प्रभारी उधम सिंह के पास भेज दियाा।

उन्होंने जल्द एक्शन लेते हुए फर्जी बिचौलियों से 6 लाख रुपए की राशि पूर्व सैनिक को वापस दिलाई। थाना प्रभारी ने इलाकावासियों को सतर्क किया है कि वे ऐसे मामलों में सावधान रहें और भू माफिया से खरीद-फरोख्त करते समय सावधानी से कदम उठाएं।




# सर्द ऋतु में त्वचा की करें खास देखभाल



*नवंबर माह को सर्दियों का प्रारंभ माना जाता है। अक्तूबर माह के आखिरी सप्ताह में रोजमर्रा का तापमान गिरना शुरू हो जाता है तथा दिन के अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में भी गिरावट आनी शुरू हो जाती है। वातावरण में बदलाव से हमारी त्वचा बुरी तरह प्रभावित होती है। सर्द ऋतु की तेज हवाओं से त्वचा शुष्क तथा पपड़ीदार होने के साथ ही होठों का फटना भी शुरू हो जाता है। सर्द मौसम के शुरुआती दिनों में त्वचा को क्रीम, मॉइस्चराइजर, फलों, पेय पदार्थों तथा उचित पोषाहार के माध्यम से नमी तथा आर्द्रता प्रदान की जानी चाहिए। सर्दियों के माह के आरंभ में मौसम में आर्द्रता की कमी से त्वचा में खिंचाव आना शुरू हो जाता है। जैसे ही वातावरण में ही आर्द्रता कम होना शुरू होती है, वैसे ही शुष्क तथा फोड़े, फुंसी से ग्रसित त्वचा के लिए परेशानियों का दौर शुरू हो जाता है। अगर आप अपनी रसोई तथा किचन गार्डन से कुछ पदार्थों का सही उपयोग करें, तो त्वचा से संबंधित सभी परेशानियों को प्राकृतिक तरीके से आसानी से उपचार किया जा सकता है।*

**त्वचा पर लगाएं शहद :** तैलीय त्वचा के बाहरी रूखेपन से निपटने के लिए चेहरे पर प्रतिदिन दस मिनट तक शहद लगाकर इसे साफ ताजे पानीसे धो डालिए। होंठों की त्वचा अत्यन्त संवेदनशील होती है तथा इस त्वचा पर तैलीय ग्रन्थियों की कमी होती है जिसमें अक्सर होंठ सूख जाते है। होंठों को साफ पानी से धोने के बाद होठों पर बादाम तेल या बादाम क्रीम की मालिश करके इससे रात्रि भर रहने दीजिए इससे होठों की त्वचा मुलायम होगी होंठों पर बाम लगाने से भी होंठ मुलायम हो जाते है।

**घरेलू उपाय :** सामान्य त्वचा को मुलायम तथा कोमल बनाने के लिए प्रतिदिन दस मिनट चेहरे पर शहद लगाकर इसे साफ एवं ताजे पानी से धो डालिए। शुष्क त्वचा के लिए शहद में अंडे का पीला भाग या एक चम्मच शुद्ध नारियल तेल डालकर त्वचा को मालिश कीजिए। तैलीय त्वचा के लिए शहद में अंडे का सफेद हिस्सा तथा कुछ बूंदे नींबू जूस डालकर त्वचा की मालिश कीजिए। सेब के छिल्के तथा गूढ़ा भाग को बलेंडर में पूरी तरह पीस कर लेप बना लीजिए। इसे 15 मिनट तक चेहरे पर फेश मास्क की तरह लगाइए तथा इसके बाद ताजे ठंडे पानी से धो डालिए। यह सभी प्रकार की त्वचा के लिए अत्याधिक प्रभावी स्किन टोनर साबित होता है। धृतकुमारी सबसे प्रभावकारी मॉइस्चराइजर है। प्रतिदिन चेहरे पर ऐलोवेरा जेल लगाकर चेहरे को 20 मिनट बाद ताजे साफ पानी से धो डालिए। यदि आपके घर आंगन में धृतकुमारी का पौधा उगा है तो आप पौधे से सीधे जैल या जूस चेहरे पर लगा सकते हैं।

***एलोवेरा जैल पत्तियों के बाहरी भाग के बिलकुल नीचे विद्यमान रहता है। यदि आप इसे अपने आंगन से सीधा प्रयोग में ला रहे है तो पौधे को साफ करना कतई न भूले।***

***आधा चम्मच शहद एक चम्मच गुलाब जल तथा एक चम्मच सुखा दूध पाउडर मिलाकर इसका पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाकर 20 मिनट बाद इसे ताजे साफ पानी से धो डालिए।***

### प्रतिदिन ऐसे साफ रखें अपनी त्वचा

**सर्दियों** में सामान्य तथा शुष्क त्वचा को सुबह तथा रात्रि में क्लीजिंग क्रीम तथा जैल से ताजे सामान्य पानी से धोना चाहिए। इस मौसम में त्वचा की आर्द्रता वातावरण में मिल जाती है तथा त्वचा को खोई हुई आर्द्रता को प्रदान करना अत्याधिक आवश्यक होता है। त्वचा में आर्द्रता तथा नमी की लगातार कमी से त्वचा में रूखापन, पपड़ी, खुरदरापन तथा लालगी आनी शुरू हो जाती है। रात्रि में त्वचा से मेकअप तथा प्रदूषण की वजह से नमी गंदगी को हटाने के लिए त्वचा की क्लींजिंग अत्याधिक जरूरी हो जाती है। त्वचा पर क्लींजर की मदद से हल्के से मालिश कीजिए तथा गीली काटन वूल से साफ कर दीजिए। गीली काटन वूल त्वचा से किसी भी प्रकार की नमी को नहीं सोखती, जिसकी वजह से त्वचा में शुष्कता को रोकने में मदद मिलती है।

सुबह सवेरे त्वचा की क्लीजिंग के बाद त्वचा को गुलाबजल आधारित स्किन टॉनिक या गुलाब जल से काटनवूल की मदद से टोन कीजिए। टोनिंग की बवजह से त्वचा में रक्त संचार बढ़ता है।

### दिन में करें सनस्क्रीन का उपयोग

**सर्दियों** के मौसम में दिन के समय त्वचा को धूप की किरणों से बचाने के लिए सनस्क्रीन का उपयोग कीजिए। सूर्य की तपिस की वजह से त्वचा में नमी में कमी आ जाती है। अधिकतर सनस्क्रीन में मॉइस्चराइजर विद्यमान होते है। मॉइस्चराइजर क्रीम तरल पदार्थ के रूप में उपलब्ध होते है। तरल मॉइस्चराइजर को फाउंडेशन लगाने से पहले प्रयोग करना चाहिए। जब भी त्वचा में रूखापन बढ़ना शुरू होता है तभी त्वचा पर द्रव्य मॉइस्चराइजर का प्रयोग कीजिए। रात्रि को त्वचा को नाईटक्रीम से पोषित करना चाहिए। त्वचा पर नाईटक्रीम लगाने से त्वचा चिकनी तथा मुलायम हो जाती है, जिससे त्वचा में नमी बनी रहती है। त्वचा की क्लींजिंग के बाद त्वचा पर पोषक क्रीम लगाकर त्वचा के उपरी तथा नीचले हिस्सों में अच्छी तरह मालिश करनी चाहिए तथा इसके बाद क्रीम को गीली काटन वूल से साफ करना चाहिए। आंखों की बाहरी त्वचा के इर्द-गिर्द क्रीम लगाकर 10 मिनट बाद इसे गीले काटन वूल से धो डालना चाहिए। अक्सर तैलीय त्वचा को सतही तौर पर रूखेपन की समस्या से रू-ब-रू होना पड़ता है। तैलीय त्वचा साफ करने के तुरंत बाद रूखी बन जाती है, लेकिन अगर इस त्वचा पर क्रीम या मॉइस्चराइजर की मालिश की जाए तो फोड़े, फुंसियों आदि उभर आती हैं। इस त्वचा में रूखेपन की समस्या के निदान के लिए क्लीजिंग मिल्क, फेशवाश या हल्के मॉइस्चाराइजर लोशन का उपयोग किया जा सकता है। इस त्वचा पर तेल रहित क्रीम लगाने से भी राहत मिलती है।



**शहनाज हुसैन**

*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।*



**सर्दी का मौसम त्वचा के लिए काफी चुनौती भरा हो सकता है। ठंडी हवा और कम ह्युमिडिटी स्किन को रूखा और बेजान बना सकती है, लेकिन घबराएं नहीं, कुछ आसान नाइट-टाइम स्किन केयर टिप्स के साथ आप सर्दियों में भी अपनी त्वचा को ग्लोइंग और मुलायम बनाए रख सकते हैं। आइए जानते हैं कैसे।**

# ठंड में भी सॉफ्ट और ग्लोइंग बनी रहेगी स्किन

## रात को सोने से पहले अपनाएं ये स्किन केयर टिप्स

**ऑयल बेस्ड क्लेंजर :** सर्दियों में ऑयल बेस्ड क्लेंजर का इस्तेमाल करना बेहतर होता है। ये क्लेंजर त्वचा को गहराई से साफ करते हैं और नमी को बरकरार रखते हैं। डबल क्लेंजिंग मेकअप को पूरी तरह हटाने के लिए डबल क्लेंजिंग का तरीका अपनाएं। पहले ऑयल बेस्ड क्लेंजर और फिर फोम या जेल बेस्ड क्लेंजर का इस्तेमाल करें।

**टोनर का इस्तेमाल :** एल्कोहल फ्री टोनर त्वचा का पीएच स्तर बैलेंस करता है और पोर्स को टाइट करता है। सर्दियों में हाइड्रेटिंग टोनर का इस्तेमाल करना बेहतर होता है। ये त्वचा को नमी देते हैं और उसे मुलायम बनाते हैं।

**सीरम लगाना :** हाइल्यूरोनिक एसिड स्किन की नमी बनाए रखने में मदद करता है। यह त्वचा को हाइड्रेटेड और मुलायम बनाता है। वहीं, विटामिन-सी त्वचा को चमकदार बनाने और दाग-धब्बों को कम करने में मदद करता है।

**मॉइश्चराइजर लगाना:** सर्दियों में थिक मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। ये मॉइश्चराइजर त्वचा को गहराई से नमी प्रदान करते हैं और उसे रूखेपन से बचाते हैं।

**नाइट क्रीम :** नाइट क्रीम में हाइड्रेटिंग और एंटी-एजिंग गुण होते हैं। यह त्वचा को रात भर पोषण देती है और उसे मजबूत बनाती है।

**आई क्रीम लगाना :** आंखों के आसपास की त्वचा बहुत पतली होती है। इसलिए इस क्षेत्र के लिए अलग से आई क्रीम का इस्तेमाल करना चाहिए। आई क्रीम आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स और सूजन को कम करने में मदद करती है।

**लिप बाम लगाना :** होंठों को रूखेपन से बचाने के लिए सोने से पहले लिप बाम लगाना जरूरी है। लिप बाम में मॉइश्चराइजिंग और हीलिंग गुण होते हैं।

**एक्सफोलिएशन :** सप्ताह में एक बार हल्का एक्सफोलिएशन करना चाहिए। यह डेड स्किन सेल्स को हटाता है, त्वचा को ग्लोइंग बनाता है।

**हाइड्रेशन :** भरपूर मात्रा में पानी पीना त्वचा को हाइड्रेटेड रखने के लिए बहुत जरूरी है। वहीं, कमरे में ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करने से हवा में नमी बढ़ती है और त्वचा रूखी नहीं होती।

**विटामिन और मिनरल्स:** विटामिन और मिनरल्स से भरपूर डाइट स्किन को हेल्दी रखने में मदद करता है।

**योग और मेडिटेशन :** योग और ध्यान करने से तनाव कम होता है और त्वचा स्वस्थ रहती है।



### इन बातों का भी ध्यान रखें

**गर्म पानी से न नहाएं:** गर्म पानी त्वचा से नमी छीन लेता है। इसलिए गुनगुने पानी से नहाएं।

**सर्द हवा से बचें :** सर्द हवा त्वचा को रूखा बनाती है। इसलिए सर्द हवा से बचें।

**सनस्क्रीन लगाएं :** सर्दियों में भी सूरज की हानिकारक किरणों से बचने के लिए सनस्क्रीन लगाएं।

# इन नेचुरल तरीकों से रखें बालों को काला और हेल्दी

**आज के समय में कम उम्र में बालों का सफेद होना एक आम समस्या बन गई है, जो जेनेटिक कारणों, तनाव, पोषण की कमी और अनहेल्दी लाइफस्टाइल के कारण होती है। यह बात और है कि कुछ नेचुरल उपायों और सही आदतों को अपनाकर, बालों के समय से पहले सफेद होने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सकता है। यहां कुछ बहुत ही बेहतरीन उपाय दिए गए हैं, जो आपको इस समस्या से निपटने में मदद करेंगे। तो आइए जानते हैं इनके बारे में।**



**आंवला का नियमित इस्तेमाल:** आंवला, जिसे भारतीय करौंदा भी कहते हैं, विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। यह बालों की सफेदी को रोकने में सहायक है। आंवला का रस पिएं, इसे नारियल तेल में उबालकर बालों में लगाएं या आंवला पाउडर का हेयर मास्क बनाएं।

**नारियल तेल और करी पत्ते का इस्तेमाल:** करी पत्तों में मौजूद बीटा-कैरोटीन और अन्य पोषक तत्व बालों को सफेद होने से रोकते हैं। करी पत्तों को नारियल तेल में उबालें और ठंडा करके इस तेल से बालों की जड़ों में मसाज करें।

**हेल्जी डाइट अपनाएं:** आयरन, विटामिन-बी12, प्रोटीन और ओमेगा-3 से भरपूर फूड आइटम्स जैसे अंडे, मछली, हरी सब्जियां, नट्स और फल।

**तनाव कम करें:** बहुत ज्यादा तनाव बालों को जल्दी सफेद करने में बड़ी भूमिका निभाता है। योग, ध्यान, और एक्सरसाइज को अपनी डेली लाइफ में शामिल करें। यह तनाव कम करेगा और बालों की सेहत को बेहतर बनाएगा।

**नियमित तेल मालिश करें**

तेल मालिश बालों की जड़ों को पोषण देकर उनकी सफ़ेदी को धीमा करती है। नारियल तेल, बादाम तेल, या अरंडी का तेल हल्का गर्म करके सप्ताह में 2-3 बार बालों की मसाज करें।



## न्यूज ब्रीफ

### 12,000 भिक्षुओं ने की भूकंप पीड़ितों के लिए प्रार्थना



**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कर्नाटक के बाइलाकुप्पे की तिब्बती बस्ती में पुनर्स्थापित ताशी ल्हुनपो मठ के मंदिर में वीरवार को लगभग 12,000 के करीब बौद्ध भिक्षुओं, भिक्षुणियों और आम लोगों ने तिब्बत में आए विनाशकारी भूकंप के पीड़ितों के प्रार्थना के लिए एकत्रित हुए। भूकंप से तिब्बत के सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र शिगात्से और डिंगरी थे। दलाईलामा वर्तमान में दक्षिण भारत में पुनर्स्थापित ताशी ल्हुनपो मठ में रह रहे हैं। इसलिए शिगात्से और डिंगरी के लोगों के लिए प्रार्थना करने के लिए एक बड़ी सभा में उनका शामिल होना विशेष रूप से शुभ माना गया है। सभा में जब दलाईलामा पहुंचे तो उन्होंने बुद्ध और प्रथम दलाईलामा की विशाल स्वर्णिम छवियों के सामने अपना आसन ग्रहण किया। दलाई लामा के साथ शारपा चोजे रिनपोछे, मठाधीश और पूर्व मठाधीश, केंद्रीय तिब्बती प्रशासन और निर्वासित तिब्बती संसद के सेवानिवृत्त सदस्य भी थे। पूरी सभा ने भूकंप से प्रभावित सभी लोगों के लिए अवलोकितेश्वर के मंत्र- ओम मणि पद्मे हुंग का पाठ किया। सत्र का समापन 'तीन रत्नों का आह्वान करते हुए सत्य वचनों की प्रार्थना' के साथ हुआ।

### पंजाला में बताईं केसीसी बैंक की योजनाएं



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा संसाल ने वीरवार को नाबार्ड के सौजन्य से ग्राम पंचायत पंजाला में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया। इसमें नाबार्ड के डीएम हिमांशु, ग्राम पंचायत पंजाला की प्रधान अंजू देवी, वार्ड पंच अरुण, सेहल समिति के सेक्रेटरी गणेश और पंजाला एसओएस के सदस्य प्रीतम व ग्राम पंचायत सदस्यों ने भाग लिया। शाखा प्रबंधक मीनाक्षी महाजन ने लोगों को सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी इसमें सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना के बारे में बताया। वहीं, डीडीएम नाबार्ड हिमांशु ने लोगों को दिन प्रतिदिन बढ़ रहे साइबर क्राइम फेक फोन कॉल से बचने और स्वयं सहायता समूह के बारे में विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी। बैठक में बैंक की ओर से निशांत विश्व ने भी भाग लिया।

### कौना स्कूल में बच्चों को बताए ट्रैफिक रूल्स

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कौना में विद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा- जीवन रक्षा विषय पर विद्यालय के प्राचार्य रणदीप सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सुनील कुमार प्रभारी पुलिस चौकी थुरल ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की तथा विद्यार्थियों को यातायात नियमों व नशा निवारण के विषय में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे बिना ड्राइविंग लाइसेंस के गाड़ी न चलाएं तथा यातायात नियमों का पालन करें। इससे सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से सचेत करते हुए आह्वान किया कि नशे से दूर रहें, क्योंकि नशा समाज को खोखला कर रहा है तथा नौजवानों को मृत्यु की ओर धकेल रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि कोई संदिग्ध व्यक्ति आपके विद्यालय के आसपास नशीले पदार्थ बेच रहा है तो आप इसकी सूचना पुलिस या विद्यालय प्रशासन को दें। इस मौके पर सड़क सुरक्षा क्लब के प्रभारी वीरेंद्र सिंह, यशपाल सिंह,अनिल कुमार, विश्वजीत, विनोद कुमार, जोगिंद्र सिंह, अरुण कुमार, अश्वनी गुलेरिया, अजीव सिंह, मोनिका, रितु बाला, अंजलि, जसवीर सिंह,रक्षा, सावित्री आदि उपस्थित रहे।

### शहीदों की याद में बनेंगे प्रवेश द्वार : सुधीर शर्मा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पूर्व मंत्री एवं वर्तमान में भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि शहीद मेजर अभिजय थापा और शहीद राइफलमैन सुनील जंग महत की याद में रामनगर और पटोला में चार-चार लाख रुपए की राशि से भव्य प्रवेश द्वारों का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। सुधीर ने यह बात पटोला में राम नगर यूथ क्लब द्वारा आयोजित शहीद मेजर अभिजय थापा, शहीद राइफलमैन सुनील जंग महत और शहीद राइफलमैन सुभाष चंद ठाकुर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में कही। उन्होंने अपनी तरफ से आयोजकों को बीस हजार रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने युवा पीढ़ी से खेलों से जुड़ने का आह्वान किया और नशे से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि वह धर्मशाला के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं तथा हर मोर्चे पर धर्मशाला के हितों की आवाज बुलंद करेंगे।

### द हंस फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**अनंत ज्ञान, डरोह।** द हंस फाउंडेशन के मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरा में निशुल्क नाक, कान, गला तथा सी रोग का विशेष निदान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 135 लोगों की निशुल्क जांच करवाई गईं। शिविर के दौरान द हंस फाउंडेशन के स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस शिविर के दौरान जनरल ओपीडी में एमएमयू के चिकित्सा अधिकारी द्वारा लाभार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सभी गांववासियों, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी वर्कर व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरा के प्रशासन द्वारा द हंस फाउंडेशन के इस अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया गया। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिमन्यु व प्रदीप राजत, सी रोग विशेषज्ञ डॉ. हरमीत कौर व सौरभ द हंस फाउंडेशन की टीम से चिकित्सा अधिकारी डॉ. संगम, डॉ. उदयशंकर प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर गौरव शर्मा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी दीक्षा कुमारी, शक्ति प्रसाद माया दास व बनिता देवी, फार्मासिस्ट आकृति व आशीष लैब टेक्नीशियन सोनू कुमार व अर्पिता तथा पायलट संजीव व अनिल कुमार सहित सभी का सराहनीय सहयोग रहा।

### ऑल इंडिया कांगड़ा ओपन शतरंज चैंपियनशिप कल से

**आशीष दमीर, कांगड़ा।** ऑल इंडिया कांगड़ा ओपन शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 11 और 12 जनवरी को सूद भवन कांगड़ा में कांगड़ा चेस क्लब द्वारा किया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए चेस क्लब कांगड़ा के चेयरमैन अमित वर्मा ने कहा कि यह टूर्नामेंट हिमाचल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है, जिसमें 201000 रुपए के कैश प्राइज खिलाड़ियों को दिए जाएंगे इसमें ओपन कैटेगिरी, अंडर-15 वर्ग ब्वॉयज एंड गर्ल्स व स्पेशल इनाम दिए जाएंगे जोकि अंडर-7 और अंडर-11 कैटेगरीज में रखे गए हैं। यह टूर्नामेंट हिमाचल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट है और इसमें वर्ल्ड चैंपियन वीर सिंह, अरेना ग्रैंडमास्टर ध्रुवम झुंकला भी भाग ले रहे हैं। अतिश ठाकुर, जो कि हमीरपुर से हैं, 1930 रेटिंग और बिलासपुर से रितेश भारद्वाज 1616 रेटिंग वाले खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 150 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के लिए अपना पंजीकरण करवाया है, जिसमें जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश से भी खिलाड़ी शामिल हैं। इस मौके पर क्लब के चेयरमैन अमित वमा, संजय शर्मा प्रधान, सचिव दीपक चुग आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### घाड़ स्कूल में पढ़ाया सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ

**अजय पाल, पालमपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घाड़ में यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों संबंधी कैंप लगाया गया, जिसमें थाना प्रभारी पंचरुखी विद्यासागर बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य अंजू महाजन ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी ने बच्चों को यातायात व सड़क सुरक्षा के नए नियमों के बारे व अवैध नशे चरस व चिट्टे से भी दूर रहने का परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि चिट्टा एक धीमा जहर है, जिसको भी इसकी एक बार लत लग जाए तो इसको छोड़ना बहुत मुश्किल हो जाता है। यह एक ऐसा जहर है जो शरीर को खोखला कर देता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया की अगर आपके आस पड़ोस में कोई भी नशे का कारोबार करता या नशे का सेवन करता हो तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। ताकि समय रहते हो उन पर कार्रवाई करके हम युवा पीढ़ी को बर्बाद होने से बचा सकें। (अनंत ज्ञान)

### वीरेंद्र दूसरी बार परागपुर के बीडीओ नियुक्त

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** वीरेंद्र कुमार को दूसरी बार विकास खंड परागपुर का बीडीओ नियुक्त करने की अधिसूचना वीरवार को सरकार द्वारा जारी कर दी गई है। इससे पहले भी वीरेंद्र कुमार इस ब्लॉक में बतौर बीडीओ अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अब विभाग ने उन्हें दोबारा यहां भेजा है।

# बीडीओ कार्यालय को नगरोटा सूरियां से जवाली शिफ्ट करने पर भड़के लोग

## मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री के खिलाफ की नारेबाजी, कहा-7 दिन में अधिसूचना रद्द करे सरकार

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां**

नगरोटा सूरियां के विकास खंड कार्यालय को जवाली शिफ्ट करने तथा नगरोटा सूरियां को नगर पंचायत का दर्जा देने के विरोध में वीरवार को क्षेत्र के लोग भड़क उठे। लोगों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व कृषि मंत्री चंद्र कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने कहा कि यदि 7 दिन के भीतर नगरोटा सूरियां को नगर पंचायत का दर्जा देने व विकास खंड कार्यालय को जवाली शिफ्ट करने की अधिसूचना रद्द नहीं हुई, तो जनता एकजुट होकर धरना-प्रदर्शन व क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर देगी।



वीरवार को कथोली पंचायत प्रधान जीएस बेदी व ब्लॉक पंचायत समिति उपाध्यक्ष धीरज अत्री के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में कथोली में उपस्थित होकर नगर पंचायत बनाने व ब्लॉक मुख्यालय को शिफ्ट करने के विरोध में चंद्र कुमार मुर्दाबाद, नगर पंचायत नहीं बनेगी व ब्लॉक मुख्यालय शिफ्ट नहीं होने देंगे के नारे लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। ब्लॉक पंचायत उपाध्यक्ष धीरज अत्री, कथोली पंचायत प्रधान जीएस बेदी, खब्बल पंचायत प्रधान रिंपल, नगरोटा सूरियां पंचायत पूर्व प्रधान संजय महाजन ने कहा कि नगरोटा सूरियां विकास खंड मुख्यालय को कमजोर करने के लिए एक साजिश के तहत पहले दस पंचायतों को नगरोटा सूरियां से तोड़कर देहरा विकास खंड से जोड़ा गया और बाद में चार और पंचायतों को जोड़कर नगरोटा सूरियां को नगर पंचायत का दर्जा देने की अधिसूचना जारी कर दी। प्रधान जीएस बेदी ने कहा कि कथोली पंचायत के लोगों की चिंता यह है कि वह दिहाड़ी लगाकर परिवार पालें या नगर पंचायत में लगने वाले भारी भरकम टैक्स भरें। नगरोटा सूरियां पंचायत के पूर्व प्रधान संजय महाजन ने कहा कि नगर पंचायत में शामिल की गई पंचायतों में 80 प्रतिशत लोग दिहाड़ीदार मजदूर हैं और गरीबी रेखा से भी नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। सभी ग्रामीणों ने एकजुट होकर कहा कि नगरोटा सूरियां को नगर पंचायत व विकास खंड मुख्यालय को जवाली किसी भी सूरत में नहीं जाने दिया जाएगा। अगर सात दिन के अंदर नगर पंचायत की अधिसूचना वापस नहीं ली गई तो 18 जनवरी को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जवाली दौरे पर काले झंडों के साथ उनका स्वागत किया जाएगा।

## जीजीडीएसडी कॉलेज के छात्रों ने की आसपास के क्षेत्रों की सफाई

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय राजपुर में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। 3 जनवरी से 9 जनवरी तक चले इस शिविर

**सात दिवसीय एनएसएस कैंप का हुआ समापन**

का उद्घाटन महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा की अगुवाई में हुआ। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक अरविंद कुमार की देखरेख में इस सात दिवसीय शिविर के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने कहा कि ऐसे शिविर छात्रों में टीम वर्क और समाज सेवा की भावना का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से जल स्त्रोतों और पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आग्रह भी किया। कार्यक्रम के प्रथम दिन छात्रों ने महाविद्यालय और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की गई तो





वहीं आखिरी दिन एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह में महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष सुमन कुमार, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शिल्पी और आईटी सेल के प्रमुखसंदीप गोपाल उपस्थित रहे। अंतिमदिन के इस कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद प्रस्ताव एनएसएस स्वयंसेवी कुमारी आस्था ने प्रस्तुत किया।

## देहरा में खुले आरटीओ ऑफिस : मनकोटिया

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विधानसभा क्षेत्र जसवां-परागपुर व देहरा विधानसभा लोगों को अपने आरटीओ व एक्साईज से संबंधित कार्य करवाने के लिए धर्मशाला जाना पड़ता है। सरकार इन दोनों विभागों का कार्यालय अगर



देहरा विधानसभा में खोल देती है तो जिला कांगड़ा के कई गांवों के लोगों को इसका सीधा लाभ होगा। यह बात कांग्रेसी नेता सुरिंद्र सिंह मनकोटिया ने कांग्रेस पार्टी की एक मीटिंग के दौरान कही। उन्होंने मुख्यमंत्री से अपील करते हुए कहा कि इन दोनों विभागों के दफ्तर जसवां-परागपुर व देहरा से काफी दूरी पर हैं, जिससे लोगों को इन विभागों से संबंधित कार्यों के लिए लगभग 100 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है, जिससे लोगों को काफी असुविधा होती है। मनकोटिया ने सरकार से मांग की है कि इन दोनों विभागों के कार्यालयों को देहरा विधानसभा में खोला जाए।

### जिला परिषद कांगड़ा की बैठक में हुआ हंगामा

## पार्षद ने हॉल के मरम्मत कार्य में घोटाले के लगाए आरोप

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

जिला परिषद कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक गुरुवार को धर्मशाला कॉलेज के प्रयास भवन में आयोगित की गई, जिसमें कई मुद्दों पर जमकर हंगामा हुआ। बैठक के दौरान पार्षद जोगिंदर कुमार ने जिला परिषद के हॉल की मरम्मत के कार्य पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री इस हॉल का उद्घाटन करने आएंगे तो इस काले बिल्ले लगाकर विरोध किया जाएगा। हॉल की मरम्मत कार्य में घोटाला हो रहा है, लेकिन इस ओर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। घोटाले के आरोप के बीच बैठक में भारी विरोध शुरू हो गया तथा एक-दूसरे पर आरोपों को सिलसिला भी देखा गया। बैठक में अन्य कई मुद्दों पर चर्चा के साथ बेहस का दौर भी चलता रहा। बैठक जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़ ने सभी से शांतिपूर्वक अपने प्रस्तावों को रखने का अग्रह किया। बैठक के दौरान जिला परिषद हॉल की मरम्मत कार्य पर लगभग 37 लाख रुपए खर्च करने के बाद भी गुणवत्ता पूर्ण कार्य न होने पर पार्षद जोगिंद्र सिंह पंकू ने इसकी विजिलेंस जांच की मांग उठाई। सभागार में मानकों के अनुसार कार्य न होने और ठेकेदार को फिर से समय देने की बात पर माहौल गरमा गया। इस पर जोगिंद्र ने अपना इस्तीफा बैठक के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष रमेश बराड़ को सौंप दिया। पार्षद पंकू ने कहा कि टेंडर में जिन टाइलों को लगाने की बात कही थी, उसकी जगह दूसरी टाइलें लगा दी गईं। इस पर एडीसी कम सीईओ जिला परिषद विनय कुमार ने कहा कि ठेकेदार को तीन सप्ताह के भीतर काम को पूरा करने और इसको हैंडओवर करने की बात कही। इस पर सदन के सभी पार्षदों ने इस मामले की विजिलेंस जांच करवाने की एकमत से आवाज उठाई। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



टिकरी (जयसिंहपुर) की कैरवी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## मिड-डे मील की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय फतेहपुर में वीरवार को भिन्न-भिन्न स्कूलों में कार्यरत मिड-डे मील प्रभारियों की एक अहम बैठक हुई। बैठक बारे जानकारी देते हुए खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी फतेहपुर बलवान सिंह ने कहा कि सभी प्रभारियों को मिड-डे मील की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। औचक निरीक्षण अभियान दौरान अगर कहीं पर मिड-डे मील में गड़बड़ी पाई गई तो संबंधित प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही स्कूलों में किचन गार्डन तैयार करने के भी निर्देश दिए गए, ताकि बच्चों को ताजी सब्जियां मिल पाएं।

## 17 युवाओं को मिला रोजगार

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय आईटीआई प्रशिक्षण बड़ोह सरोत्री में श्री राम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड पथरौडी मिवाड़ी राजस्थान द्वारा लिए गए इंटरव्यू में 17 युवाओं को चयनित किया गया। प्रधानाचार्य वंदना ओर ट्रेडिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी मनोज कुमार ने चयनित हुए कैंडिडेट को शुभकामनाएं दीं।

## खुंडियां नगर पंचायत में मिलाने पर लोगों में गुस्सा, किया विरोध-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी**

छिलगा पंचायत के दो वार्डों ठंबा एक व ठंबा दो को प्रस्तावित खुंडियां नगर पंचायत में मिलाए जाने के विरोध में लोग भड़क उठे हैं। वीरवार को सैकड़ों लोगों ने खुंडियां बस स्टैंड से लेकर सिहोटी स्थित अमर शांति पब्लिक स्कूल तक शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। वार्डवासियों का कहना है कि उनके पास आय के बहुत ही सीमित साधन हैं। प्रस्तावित नगर पंचायत खुंडियां में मिलाए जाने पर वे अतिरिक्त टैक्स देने में असमर्थ रहेंगे। ऐसे में उनके वार्डों को खुंडियां में मिलाए जाने पर सरकार का घोर विरोध करेंगे। लोगों का कहना है कि वे किसी भी हालत में खुंडियां पंचायत में नहीं मिलेंगे। लोगों ने सुक्खू सरकार से विनम्र आग्रह किया है कि पहले रोजगार के अवसर पैदा किए



जाएं। छिलगा पंचायत प्रधान बिक्रम सिंह राणा ने कहा कि जनता जो चाहेगी, वही होगा। जनता ने अपनी आपत्तियां जिलाधीश के पास दर्ज करवा दी हैं। अभी तक उनकी आपत्तियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस मौके पर लोगों ने खुंडियां के तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा। वहीं, तहसीलदार हुसैन चंद का कहना है कि छिलगा पंचायत के लोगों ने अपने वार्डों को खुंडियां पंचायत में मिलाने के विरोध में सरकार को ज्ञापन सौंपा है। इसे सरकार को भेज दिया जाएगा।

## कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से मिल रही मुफ्त विधिक सलाह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** लोक मित्र केंद्रों के माध्यम से लोगों को विधिक सलाह और परामर्श की निशुल्क सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। लोक मित्र केंद्र के जिला प्रबंधक सीआर ठाकुर ने बताया कि लोक मित्र केंद्रों के माध्यम से लोगों को विधिक सलाह और परामर्श देने के लिए पैनल वकीलों को तैनात किया गया है। लोकमित्र संचालक ग्राम स्तर पर पैनल वकीलों के साथ लाभार्थियों के ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि टेली-लॉ वंचितों तक पहुंच एक ई-इंटरफेस तंत्र है, जो मुकदमेबाजी से पहले के चरण में विधिक सलाह और परामर्श देता है। यह पंचायत स्तर पर स्थित सभी सीएससी पर उपलब्ध वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग टेलीफोनिक सुविधाओं के माध्यम से जरूरतमंद और हाशिये पर पड़े लोगों को विधिक सहायता के लिए पैनल वकीलों से जोड़ता है।

## 'गद्दी' कुत्ते को मिली हिमालय क्षेत्र की पहली पंजीकृत नस्ल की मान्यता: नवीन

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने गर्व के साथ घोषणा की कि हिमाचली गद्दी कुत्ते को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत राष्ट्रीय आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (आईसीएआर-एनबीएजीआर), करनाल द्वारा आधिकारिक तौर पर एक स्वदेशी कुत्ते की नस्ल के रूप में मान्यता दी गई है। यह मान्यता विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और पशुपालन विभाग के अधिकारियों के परिश्रमी प्रयासों के बाद मिली है। कुलपति नवीन कुमार ने इस बात पर प्रकाश डाला कि गद्दी कुत्ता अब भारत में आधिकारिक रूप से पंजीकृत होने वाली चौथी स्वदेशी कुत्ते की नस्ल है और हिमालय क्षेत्र की पहली ऐसी नस्ल है। उन्होंने आगे बताया कि नस्ल



का नाम गद्दी जनजाति के नाम पर रखा गया है, जो पारंपरिक रूप से भेड़ और बकरियों को चराने के काम के लिए जानी जाती है। ये कुत्ते पशुओं और मनुष्यों के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में काम करते है। चरवाहों की सहायता करते हैं, पशुओं की रक्षा करते हैं और चरवाहों के साथ एक अनोखा बंधन स्थापित करते हैं। डॉ. नवीन कुमार ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने में वैज्ञानिकों की टीम और डॉ. जीसी नेगी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रविंद्र कुमार को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी।

## मंड क्षेत्र में अवैध खनन करने पर एक जेसीबी और टिप्पर जब्त

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

थाना इंदौरा के अंतर्गत माइनिंग पर शिकंजा करते हुए एसपी नूरपुर अशोक रतन के दिशा निर्देशानुसार काफी दिनों से शिकायत मिली थी कि मंड क्षेत्र में लगातार अवैध खनन जोरों पर है तथा खनन माफिया द्वारा सामग्री पंजाब के क्रशर वालों को भारी दामों में बेचकर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। गत रात इंदौरा मंड क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 में कुछ लोगों द्वारा एक जेसीबी मशीन तथा एक टिप्पर को अवैध खनन करते हुए पाया गया, जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत थाना इंदौरा के प्रभारी आशीष



पठानिया को दी जिन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए जेसीबी चालक तथा टिप्पर चालक बलकार तथा जनरल को मौके पर अवैध खनन करते हुए पाया गया तथा दोनों गाड़ियों को कब्जे में लेकर वाहन चालकों बलकार सिंह तथा जरनैल पर अवैध खनन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## शिक्षा से होता है सही और गलत का ज्ञान : राधिका

### नूरपुर की तहसीलदार ने चरूड़ी स्कूल के वार्षिक समारोह में नवाजे होनहार

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

विकास खंड नूरपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाखा स्कूल चरूड़ी ने अपना वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास से मनाया। कार्यक्रम में तहसीलदार राधिका सैनी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

मुख्यातिथि रने शैक्षणिक और अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मुझे इस मंच पर गर्व हो रहा है



क्योंकि मैं स्वयं एक सरकारी स्कूल की छात्रा रही हूं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए कहा कि शिक्षा का मतलब सिर्फ सरकारी नौकरी पाना ही नहीं होता, बल्कि शिक्षा हमें जीना सिखाती है, शिक्षा हमें गलत तथा सही के बीच में निर्णय लेने की भी क्षमता प्रदान करती है।

वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य घनश्याम ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया तथा मुख्यातिथि को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

## स्टूडेंट्स को बताए टीबी के लक्षण और बचाव के उपाय

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थुरल में टीबी मुक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत शिविर का आयोजन किया। इसमें सिविल अस्पताल जयसिंहपुर से डॉ. ऋचा, डॉ. सालकी, डॉ. वरुण, डॉ. सन्नी और अंकित ने पाठशाला के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की व टीबी रोग के फैलने, उससे बचने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग चिकित्सा खंड थुरल की टीम ने स्कूली छात्र-छात्राओं और उपस्थित स्कूल के स्टाफ को टीबी मुक्त भारत बनाने की भी शपथ दिलाई।

**आदेश** — बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल ने मंधोल में सुनीं जनसमस्याएं, कुड़ंग गांव भी पहुंचे

# प्रशासन को अग्निकांड प्रभावित को हरसंभव मदद करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

विधायक किशोरी लाल ग्राम पंचायत महाकाल के गांव मंधोल में लोगों से रू-ब-रू हुए तथा लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। किशोरी लाल ने कहा कि प्रदेश सरकार, समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार सुशासन की सरकार है और लोगों की समस्याओं का समाधान अभिलंब किया जा रहा है।



विधायक ने अपर मंधोल महिला मंडल भवन की ऊपरी मंजिल के निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने तथा मंधोल के लिए सुबह बस सेवा की मांग को प्राथमिकता पर हल करने का आश्वासन दिया। उन्होंने लोगों की मांगों एवं अन्य समस्याओं को भी गंभीरता से लेते हुए कहा कि वे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और लोगों की हर समस्या को सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। इसके उपरांत विधायक किशोरी लाल ने कुड़ंग गांव में सुभाषा देवी के मकान में हुए अग्निकांड का मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और प्रशासन को प्रभावित परिवार को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत महाकाल राधा देवी, उप प्रधान बस्सी बाबा, कैप्टन जोगिंद्र सिंह, ब्रहम दास, श्रवण कुमार, श्रवण कुमार , रविंद्र राणा, रणबीर सिंह, अर्जुन सिंह, राकेश बख्शी, संजू बक्शी, विजय कुमार, रणबीर जी, प्रधान कुड़ंग लुहरी देवी, ओम प्रकाश, महेंद्र सिंह , कैप्टन पीएस राणा , राजकुमार एसडीओ विद्युत विभाग सुभाष कपूर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

अनंत ज्ञान

क्लासीफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**बेदखली सूचना**

**मैं, टेक चंद** (63 वर्ष) पुत्र श्री प्रताप सिंह निवासी गांव व डाकघर जंडपुर, तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरे पुत्र संदीप ठाकुर और अमित ठाकुर मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं अपने दोनों पुत्रों को अपनी तमाम चल-अचल सपंत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य मुख्य सलाहकार बने हारून मोहम्मद

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** गत दिवस जिला सोलन के नालागढ़ में आयोजित द ऑल हिमाचल मुस्लिम आर्गेनाइजेशन वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसम्मिति से जिला बिलासपुर के समाजसेवक जमा मस्जिद जिला बिलासपुर के प्रधान हारुन मोहम्मद को द ऑल हिमाचल मुस्लिम आर्गेनाइजेशन के राज्य मुख्य सलाहकार चुना गया। इसके अलावा बिलासपुर रौड़ा सेक्टर निवासी मोहम्मद रफी को राज्य महासचिव चुना गया। गौरतलब है कि हारून मोहम्मद हिमाचल प्रदेश के प्रमुख मत्स्य ठेकेदार हैं। धार्मिक गतिविधियों के अलावा सामाजिक एवं खेलकूद गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। नवनियुक्त द ऑल हिमाचल मुस्लिम आर्गेनाइजेशन के राज्य मुख्य सलाहकार हारून मोहम्मद एवं राज्य महासचिव मोहम्मद रफी ने कहा कि ऑर्गेनाइजेशन का मुख्य उद्देश्य देश की उन्नति एवं राष्ट्र हित के लिए जातीय भेदभाव को खत्म कर आपस में भाईचारा पैदा करना व इंसानियत धर्म का संचार करना है।

### उल्लास कार्यक्रम के तहत लगाया प्रशिक्षण शिविर



**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जुखाला द्वारा उल्लास कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शिक्षा खंड कार्यालय श्री नयना देवी जी में किया गया, जिसका शुभारंभ खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी चंद्रकांता द्वारा किया गया। उप प्रधानाचार्य डाइट संजय सामा ने आरंभिक संबोधन में इस कार्यक्रम में असाक्षरों को पढ़ाने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों को मिशन के साथ इस कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान किया। जिला नोडल अधिकारी राकेश ठाकुर ने इस कार्यक्रम के उद्देश्यों तथा वयस्क असाक्षरों को पढ़ाने के नए तौर तरीकों के बारे में बताया गया। राज्य शिक्षा एवं अनुसंधान परिषद सोलन द्वारा तैयार की गई उल्लास प्रवेशिका को गतिविधियों के माध्यम से रोचक तरीके से पढ़ाने की जानकारी सांझा की गई। डाइट कोऑर्डिनेटर कुलदीप सिंह ने सभी स्वयंसेवी शिक्षकों को लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर राजीव ने बुनियादी साक्षरता एवं संख्याओं की जानकारी को पुख्ता करने के बारे में अपने विचार रखें।

### टैक्सी यूनियन ने परिवहन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** जय ठाकुरद्वारा टैक्सी आपरेटर यूनियन झंडूता द्वारा झंडूता में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा। जय ठाकुरद्वारा टैक्सी ओपरेटर यूनियन झंडूता के प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि झंडूता में प्राइवेट गाड़ियों में सवारियों को ढोने का सिलसिला थम ही नहीं रहा, जिसके लिए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने प्राइवेट गाड़ियों में सवारियों को ढोने वाले लोगों को चेताया कि अगर उन्होंने सवारियां ढोना बंद नहीं किया तो पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने के लिए उप प्रधान रमाकांत, महासचिव राकेश कुमार, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष अमित सिंह चंदेल, अड्डा प्रभारी मुख्यत्यार, कानूनी सलाहकार राजीव कुमार, अमीर सेन, अजीत सिंह, चमन लाल, अंकुश, सुरेश, व्यापार मंडल के प्रधान प्रवीण शर्मा उपस्थित रहे। जय ठाकुरद्वारा टैक्सी ओपरेटर यूनियन झंडूता के प्रधान मनोज का कहना है कि जो लोग प्राइवेट टैक्सियों का उपयोग करते हैं वह न करें क्योंकि अगर उसमें कोई दुर्घटना होती है तो सवारी को कोई भी क्लेम नहीं मिलेगा। इस पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कौशल ने बताया कि जो वाहन पर्सनल के नंबर से रजिस्टर्ड है। वह केवल घर के काम व अपने घर के लोगों को ले जाने के लिए अधिकृत है। वह लोगों को किराये पर नहीं ले जा सकते।

### 18 व 20 को होगा विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य जिला में सड़क सुरक्षा नियमों को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में वाहन चालकों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बताया कि 18 जनवरी को बस स्टैंड बिलासपुर में 11:30 बजे, घुमारवीं बस स्टैंड में 2:30 तथा 20 जनवरी को 11:30 बजे स्वारघाट बस स्टैंड व 2:30 पंचायत घर इण्डूता बस स्टैंड के नजदीक विभिन्न वर्गों के वाहन चालकों की निशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच की जाएगी। उन्होंने आग्रह किया है कि ज्यादा से ज्यादा वाहन चालक इस शिविर का लाभ उठाएं।

### पलसोटी गांव के लोगों ने धर्माणी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** त्यूनखास से हटाकर दोबारा ग्राम पंचायत कोठी से जोड़ने की मांग इलाका वासियों ने की है कि उन्हें पुरानी पंचायत से जोड़ा जाए। इलाका वासियों के कहना है कि पिछले पंचायतीराज चुनावों से पहले हुए परिसीमन में सरकार ने करीब 25 से अधिक परिवारों को सड़क मार्ग से 10 किलोमीटर दूर पड़ने वाली पंचायत से जोड़ दिया। अब इन परिवारों ने सरकार से दोबारा पुरानी पंचायत से जोड़ने की मांग की है, जो करीब आधा किमी दूर है। मामला घुमारवीं उपमंडल के पलसोटी गांव का है। अब उनको मूलभूत सुविधाओं और छोटे-छोटे काम के लिए वन क्षेत्र से होते हुए पैदल करीब 10 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत के मुख्यालय त्यून खास जाना पड़ता है। अगर बस से जाना हो तो ग्राम पंचायत की दूरी 10 किलोमीटर दूर पड़ती है। इतना ही नहीं, इन परिवारों के लिए मतदान केंद्र भी पैदल करीब 10 किमी दूर बनाया गया है। इस मसले पर इलाका वासियों ने पंचायती राज मंत्री व अनिरुद्ध सिंह और जिला उपायुक्त बिलासपुर से भी गुहार लगाई है कि उन्हें पुरानी पंचायत कोठी में ही रखा जाए ताकि पंचायत स्तर पर होने वाली बैठकों व अन्य कार्यक्रमों में वह अपनी सहभागिता निभा सकें।

### संस्कृति और पंचायतीराज प्रणाली का किया आदान-प्रदान

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नेहरू युवा केंद्र (भारत सरकार) के तत्वाधान में अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान पांच दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन प्रतिभागियों को डॉ सुनील ठाकुर प्रोफेसर सरदार पटेल विश्वविद्यालय ने हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति, शिक्षा, कौशल विकास के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में पंचायत प्रधान शुभम शर्मा ने प्रदेश की पंचायत राज प्रणाली के बारे में बताया। तृतीय सत्र में सुश्री मंजुला कुमारी उपनिदेशक लोक संपर्क विभाग द्वारा प्रदेश की जीवन शैली एवं कार्यशैली पर प्रकाश डाला। नेहरु युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी भारती मोगरा ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह कार्यक्रम युवाओं को एक-दूसरे के राज्यों की संस्कृति, भाषा, और परंपराओं के बारे में जानने का अवसर प्रदान करता है, जिससे वे आपसी समझ और सहयोग को बढ़ा सकें।

---

### फरवरी माह में बिलासपुर में आयोजित होगी पैराग्लाइडिंग की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता

# जिला प्रशासन ने प्रतियोगिता के लिए मांगा फंड

**शुभम राही, बिलासपुर**

**डीसी आबिद बोले-इस प्रतियोगिता के आयोजित होने से बिलासपुर को मिलेगी पहचान**





फरवरी माह में बिलासपुर की बंदलाधार पर अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग पायलट नजर आएंगे। जी हां, बिलासपुर की पैराग्लाइडिंग बंदलाधार पर जिला प्रशासन बिलासपुर एक अंतरराष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता करवाने जा रहा है। जिसमें विदेशों से पायलट बिलासपुर पहुंचेंगे और यहां पर अपनी पैराग्लाइडिंग की टेकनिक को बिलासपुर की जनता के सामने रखेंगे। बिलासपुर की बंदलाधार में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है। इस प्रतियोगिता को लेकर जिला प्रशासन बिलासपुर ने अपनी तैयारियां कर दी है और प्रतियोगिता को लेकर प्रशासन ने प्रिंसिपल सेक्रेटरी टूरिज्म को फंड के लिए पत्र भी लिखा है, ताकि इस प्रतियोगिता को और बेहतर बनाया जा सकें।

जानकारी के अनुसार इस प्रतियोगिता को वर्ल्ड पैराग्लाइडिंग ग्रेड 2 प्रतियोगिता बोला जाता है। जिसमें प्रत्येक पायलट को एक टास्क दिया जाता है। उस टास्क के मुताबिक पायलट को टेकऑफ व लैंडिंग करनी होती है। इस प्रतियोगिता में भारत के कई एक्सपर्ट पायलट भी भाग ले रहे हैं।

**जिला प्रशासन प्रतियोगिता करवाने की तैयारियों में जुटा**

गौरतलब है कि बिलासपुर की बंदलाधार को वर्ष 2021 में पैराग्लाइडिंग के लिए स्वीकृति मिली थी। इसके बाद से अब तक बंदला घाटी में प्रदेश स्तर की ही प्रतियोगिता हुई है। दो माह पूर्व से प्रशासन यहां एक राष्ट्रीय स्तरीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता करवाने को लेकर योजना बना रहा था, लेकिन अब योजना में बदलाव किया गया है। इसमें बंदलाघाटी में पायलटों की रैंकिंग सुधार के लिए होने वाली सीएटी ग्रेड दो पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाने पर कार्य शुरू किया है। इसको लेकर पैराग्लाइडिंग फेडरेशन के साथ बातचीत हो चुकी है। नीतिगत रूप से स्वीकृति मिलने पर पर्यटन विभाग औपचारिकताएं पूरी करने में जुटा है।

जानकारी के मुताबिक बंदलाधार साइड पर फ्लाइंग के लिए अभी तक दो आपरेटरों ने पंजीकरण करवाया हुआ है। उसके चार पायलट कार्य कर रहे हैं। इस साइट के उत्थान के लिए इस तरह की प्रतियोगिता करवाई जा रही है।

**अंतरराष्ट्रीय स्तर के पायलट ही लेते हैं भाग**

**यहां** बता दें कि सीएटी ग्रेड दो प्रतियोगिता में सभी पायलट भाग नहीं लेते हैं। इसमें वही पायलट भाग लेते हैं, जिनका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पंजीकरण है और अंतरराष्ट्रीय पायलटों की श्रेणी में आते हैं। यह प्रतियोगिता एक्यूरेसी कप की तर्ज पर ही होती है और वैसे ही सटीकता वाले टास्क इसमें होते हैं। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले पायलटों की अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग तैयार की जाती है।

> बिलासपुर में अंतरराष्ट्रीय स्तर की पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। इसके लिए प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। प्रशासन की ओर से प्रिंसिपल सेक्रेटरी टूरिज्म को फंड के लिए पत्र भी लिखा गया है। बंदलाघाटी में सीएटी ग्रेड दो प्रतियोगिता का आयोजन करवाने को लेकर कार्य किया जा रहा है।
>
> -आबिद हुसैन सादिक, डीसी बिलासपुर।

---

# डंगार में पाइप लीकेज से हजारों लीटर पानी हो रहा व्यर्थ, लोग परेशान

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



भराड़ी उपतहसील के तहत आने वाले डंगार कस्बे में स्थित स्कूल परिसर के समीप पानी की पाइप लीक होने से हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है। स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों सहित स्टाफ को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पाइप से व्यर्थ बह रहा पानी के कारण पूरे रास्ते में कीचड़ फैल रहा है। नजदीकी दुकानो तक पानी फैल रहा है। जिस कारण स्थानीय दुकानदारों को भी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

बता दें कि डंगार कस्बे के नजदीक स्कूल परिसर को जाने वाले पैदल रास्ते में जल शक्ति विभाग की पाइप बुरी तरह से लीक है। इस रास्ते से नजदीकी गांव को जाने वाले राहगीर भी गुजरते हैं। वहीं स्कूल आने जाने के लिए भी यही रास्ता है। चार दिनों से पानी लगातार बह रहा है, लेकिन विभाग के कर्मचारी इसकी मुरम्मत नहीं कर पा रहे हैं।

एक तरफ विभाग द्वारा पानी व्यर्थ न गवाने का संदेश देने के लिए लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं दूसरे तरफ विभाग खुद की पाइपें मुरम्मत करने में असमर्थ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस तरह हजारों लीटर पानी व्यर्थ बह रहा है उससे साफ जाहिर हो रहा है कि विभाग कितनी मुस्तैदी से कार्य कर रहा होगा। जो पानी की पाइप पिछले चार दिनों से लीक हो रही है इस पाइप से कई घरों को पानी की सप्लाई जाती है।

ऐसे में उन लोगों के घरों में पानी की आपूर्ति किस तरह हो रही होगी यह सोचनीय विषय है। डंगार कस्बे में व्यर्थ बह रहे पानी के कारण रास्ता फिसलन भरा हो गया है, जिसमें राहगीर फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

**जल्द होगी पाइप ठीक**

**इस** संदर्भ में जल शक्ति विभाग के एसडीओ पवन शर्मा ने कहा कि ध्यान में आज ही बात आई है। जल्द ही उस पाइप को ठीक करवा दिया जाएगा।

---

# पेंशनर्स ने मांगें पूरी करने की उठाई मांग



**अनंत ज्ञान, दधोल**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन भराड़ी इकाई की बैठक इकाई प्रधान डॉ. राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। 20 दिसंबर को हुए चुनाव की कार्यकारिणी को उपस्थित सदस्यों ने बधाई दी।

सचिव प्रेम सागर शर्मा ने पिछली कार्रवाई पढ़कर सुनाई बैठक में ज्यादा से ज्यादा नए सदस्यों को जोड़ने पर बल दिया गया। सदस्यता शुल्क में नवीनीकरण 100 रुपए से बढ़कर 200 रु वार्षिक किया गया। आजीवन सदस्यता को बंद करने का सुझाव दिया गया व पारित किया गया कि जिन्होंने आजीवन सदस्यता ली है। उनकी सदस्यता जारी रहेगी व अगर वह चाहे तो इच्छा अनुसार इकाई को संगठित करने में अपना सुझाव दें। बैठक में एक स्वर में आवाज उठाई गई कि पुराने बकाया राशि जिसमें पे स्केल 2016 का एरियर, पेंशन एरियर, अर्जित अवकाश की बकाया राशि का भुगतान व ग्रेच्युटी को एक मुश्त जारी किया जाए।

इस मौके पर वरिष्ठ उप प्रधान डॉ. राज शर्मा, सचिव प्रेम सागर शर्मा, वित्त सचिव कुलवंत सिंह ठाकुर, देवराज रणौत, चमन जसवाल, अर्मी चंद, भूप सिंह, सुरेश कुमार, नरेश कुमार, जेएन शर्मा सहित आदि मौजूद थे।

# लोहड़ी और सायर मेला जुखाला पर स्थानीय अवकाश



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने वर्ष 2025 के दौरान जिला बिलासपुर में दो स्थानीय अवकाश की सूची जारी कर दी है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए उपायुक्त ने बताया कि जिला बिलासपुर में इस वर्ष सोमवार 13 जनवरी को लोहड़ी और 16 सितंबर को सायर मेला जुखाला के उपलक्ष्य पर स्थानीय अवकाश रहेगा।

# बच्चों ने जाने सड़क सुरक्षा के नियम

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी।

हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के सौजन्य से चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा नियमों के अंतर्गत क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर ने झंडूता उपमंडल में स्थित शिवा गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल झंडूता में सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

उल्लेखनीय है कि हिमाचल सरकार द्वारा पहली जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से आम जनता व संस्थानों में जाकर बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी जा रही है।

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बिलासपुर राजेश कौशल ने बच्चों, अध्यापकों व अभिभावकों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वाहन चलाते समय सभी को सड़क नियमों की पालना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तेज गति में व नशे की हालत में वाहन नहीं चलाना चाहिए। इसके अतिरिक्त वाहन चलाते हुए मोबाइल का प्रयोग न करें। राजेश कौशल ने यह भी बताया कि जो अभिभावक बच्चों को बिना लाइसेंस के गाड़ी चलाने देते हैं। उन पर भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अतः सभी से निवेदन है कि स्वयं की सुरक्षा भी करें और औरों की सुरक्षा भी करें तथा यातायात नियमों का पूरी तरह से पालन करें।

पंकज ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार हिमाचल परिवहन विभाग के तहत गठित सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के माध्यम से राज्य में सड़क हादसों को कम करने के लिए तत्परता एवं आधुनिक प्रौद्योगिकी के समावेश से विभाग कार्य कर रहा है। इसी कड़ी के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता, पंचायत घर बैहना ब्राह्मण व झंडूता बाजार में भी सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी गई।

# बिलासपुर में शुरू होगी इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट लीग

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** जिला प्रशासन बिलासपुर एक बार फिर से इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट लीग करवाने जा रहा है। यह लीग जनवरी माह के अंत में आयोजित करवाई जाएगी, जिसके लिए जल्द ही प्रशासन एक तिथि तय करने जा रहा है। प्रशासन का कहना है कि पिछले साल की भांति इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता बिलासपुर के ऐतिहासिक लुहणू क्रिकेट मैदान में आयोजित करवाई जाएगी।

जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट लीग कर्मचारियों के मध्य आपसी जान पहचान को बढ़ाने व अनुशासन व परस्पर सहयोग का भाव उत्पन्न करने के लिए एक नया मंच स्थापित करने के प्रयास हैं। टूर्नामेंट की तिथियों का ऐलान जल्द हो जाएगा। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि पिछले साल भी इंटर डिपार्टमेंटल क्रिकेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया था। इस साल भी इस प्रतियोगिता को करवाने को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। जनवरी माह में ही इस प्रतियोगिता को शुरू किया जाएगा।

# रानीकोटला स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के कार्यक्रम का दृश्य।

वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रानीकोटला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता सरपाल ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि और साथ आए सभी विशेष अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया।

मुख्यातिथि ने द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। मुख्यातिथि सरपाल ठाकुर ने कहा कि युवाओं को अपनी उर्जा का प्रयोग समाज की भलाई और उत्थान के लिए करना चाहिए। वर्तमान में नशे का प्रचलन हर जगह तेजी से बढ़ रहा है, बच्चों को नशे से बचाना अभिभावकों के साथ शिक्षकों का भी दायित्व है।

उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों तथा प्रतियोगितात्मक गतिविधियों में भी भाग लेना चाहिए। उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयासरत रहने का संदेश भी दिया। यह कार्यक्रम विद्यालय के लिए एक प्रेरणादायक दिन साबित हुआ। प्रधानाचार्या रूमा हांडा ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने खेलकूद, शैक्षिक, सह.शैक्षिक और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में डोभा स्कूल के एचएम अमृत पाल, एसएमसी प्रधान बाबू राम ठाकुर, अधिवक्ता अमित शर्मा पुरोहित, महेश, रानी कोटला पंचायत प्रधान परस राम ठाकुर, उपप्रधान रणजीत सिंह ठाकुर, सुखराम ठाकुर, चमन लाल, कैप्टन जोगेंद्र पाल कौशल, सदा राम ठाकुर, श्याम लाल, सूबेदार मेजर भगत राम ठाकुर, रतन लाल, हिम्मत सिंह, मुंशी राम, रतन लाल, चेतराम, जगत पाल, बाबू राम, महेंद्र कुमार, सीता राम ठाकुर, मनोहर लाल, राम पाल, कुलदीप, मनोहर लाल, सोहन सिंह व सीता राम शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# हेल्पिंग हैंड्स एवं लाडली फाउंडेशन ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र



उपायुक्त को ज्ञापन सौंपने के दौरान फाउंडेशन के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**

लाडली फाउंडेशन के जिला महासचिव इंजीनियर सुमन चड्ढा एवं हेल्पिंग हैंड के जिला अध्यक्ष नीलम सुद की अगुवाई में उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक को तीन सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। तीन सूत्रीय ज्ञापन पत्र में हेल्पिंग हैंड्स एवं लाडली फाउंडेशन ने उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक से मांग कि है कि बिलासपुर शहर में आवारा कुत्तों पर लगाम कसी जाए।

आवारा कुत्ते अचानक स्कूली बच्चों एवं वृद्धो पर हमला कर रहे हैं जिस कारण शहर में खतरे का माहौल बना हुआ है। ज्ञापन में लिखित मांग की गई कि जिन लोगों ने कुत्ते पाले हुए हैं उनका जिला मंडी की तर्ज पर उन कुत्तों का पंजीकरण फीस ली जाए। जिससे पता चल सके कितने कुत्ते पंजीकृत है क्योंकि अधिकतर लोगों ने कुत्ते पाले हुए हैं और कुत्ते जब किसी बच्चों पर हमला करते हैं तो वह कुत्तों के मालिक मुकर जाते हैं कि कुत्ते हमारे नहीं हैं इसलिए कुत्तों का पंजीकरण करना अति अनिवार्य है।

उन्होंने मांग कि गई कि स्कूलों के बाहर सिविल ड्रेस में पुलिस की गस्त बढ़ाई जाए क्योंकि अधिकतर मौखिक रूप से शिकायत मिली है कि शहर में स्थित स्कूलों के बाहर असामाजिक तत्व मोटरसाइकिल में बेढंग तरीके से तेज वाहन चलाते हैं जिससे स्कूली छात्राओं में डर का माहौल रहता है।

---

## परेशानी

### नगर परिषद घुमारवीं के अधिकतर इलाकों में बंदर जमा चुके हैं डेरा

# शहर में लोग बंदरों के उत्पात से परेशान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**





**शहर में लगातार बढ़ती बंदरों की संख्या पर नहीं दिया जा रहा ध्यान**

नगर परिषद घुमारवीं के तहत पूरे शहर में लोग बंदरों के उत्पात से परेशान है। शहर के अधिकतर इलाकों में बंदर अपना डेरा जमा चुके हैं। जिस वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की शहर के अधिकतर इलाकों में कोई भी व्यक्ति अपने छत पर जाता है तो उसके लिए उसे हाथ में डंडा लेकर जाना पड़ता है। क्योंकि अक्सर यह बंदर अकेला आदमी को देखकर उसे काटने को दौड़ते हैं यहां तक कि अब बंदर छतों से होकर घरों के अंदर से सामान तक उठाकर ले जाने लगे हैं।

बताते चले कि पहले तो बंदर शहर के बाहर ही देखे जाते थे, लेकिन अब यह शहर में भी उत्पात मचाने लगे हैं। शहर में बंदरों की संख्या लगातार बढ़ रही है, लेकिन कोई भी इस और ध्यान नहीं दे रहा है। जबकि शहर में लोगों का जीना मुश्किल हो चुका है। पूरे शहर में लोग बंदरों से परेशान है। लोगों का कहना है कि इस शहर में निरंतर बढ़ रहे बंदरों की संख्या तथा उनके द्वारा मचाये जा रहे उत्पात के कारण लोग घरों के अंदर कैद होने को मजबूर हो गए। यहां तक की अब लोग अपने घरों की छतों पर कपड़े तक नहीं सुखा पा रहे हैं क्योंकि अक्सर बंदर कपड़ों को ही उठाकर ले जाते हैं। लोगों का कहना है कि बंदर गलियों की दीवारों पर बंदर टोलियों में एक साथ बैठे रहते हैं ऐसे में राहगीरों का गुजरना तक मुश्किल हो जाता है खासकर बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को हर समय बंदरों का डर बना रहता है। लोगों का कहना है कि बंदर अब घरों में घुसकर आए दिन सामान उठाकर ले जाते हैं। यहां तक की महिलाएं को कपड़े सुखाने के बाद बंदरों के आतंक के चलते कपड़ों की रखवाली करनी पड़ती है वहीं छतों पर रखी पानी की टंकियों को भी बंदर अपना शिकार बनाकर क्षतिग्रस्त कर देते हैं।

यहां तक के अक्सर बंदर पानी की टंकियों के ढक्कन उठाकर ले जाते हैं, जिससे आए दिन लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि जल्द से जल्द उन्हें इन बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाया जाए।

> जल्द ही वन विभाग को इस समस्या से अवगत करवाया जाएगा तथा आग्रह किया जाएगा की वह इस समस्या का कोई ना कोई उपाय करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।
>
> -रीता सहगल, अध्यक्ष, नगर परिषद घुमारवीं।

# गुरु रविदास जी के प्रकाशपर्व पर 11 फरवरी को निकाली जाएगी शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



जानकारी देते हुए महासभा के सदस्य।

बिलासपुर नगर के रौड़ा सेक्टर में स्थित संत शिरोमणी गुरु रविदास मंदिर परिसर में वीरवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास महासभा की जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान मदन लाल ने की जबकि जिला भर से आए पदाधिकारियों ने बैठक में शिरकत की।

बैठक में नए साल का एजेंडा तैयार कर सभा पटल पर रखा गया तथा विकासात्मक कार्यों को लेकर चर्चा की गई। वहीं बैठक में पारित प्रस्तावों की जानकारी देते हुए जिला प्रधान मदन लाल ने बताया कि इस बार संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज का प्रकाशपर्व 12 फरवरी को मनाया जा रहा है। जिला सभा तथा अन्य धार्मिक संगठनों की सहयोग से इस बार 11 फरवरी को विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। जो शहर के साथ जिला के विभिन्न स्थानों की परिक्रमा कर वापिस गुरु रविदास मंदिर परिसर में पहुंचेगी।

उन्होंने बताया कि 12 फरवरी का विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। प्रधान मदन लाल ने कहा कि निर्माणाधीन मंदिर के विकास को लेकर भी चर्चा की गई जिसमें तय किया गया कि मंदिर परिसर के खिड़की दरवाजों आदि का कार्य इस प्रकाशपर्व से पहले पूर्ण कर लिया जाएगा।

वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अन्य पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिला महामंत्री नंद लाल आचार्य ने बताया कि इस समागम में मोर्चा के अतिरिक्त संत शिरोमणी कबीर दास महासभा, नामदेव महासभा, अंबेडकर यूथ क्लब तथा अन्य संगठन भाग लेंगे। इस बैठक में पूर्व पार्षद रच्छपाल सिंह, मनसा राम, कृष्ण लाल, आसा राम, विकास बादल, कृष्ण दत, राकेश कुमार सहित आदि मौजूद थे।

# आईएएस की तर्ज पर इंडियन मेडिकल सर्विस की स्थापना की जाए : डॉ. तेज प्रताप

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** देश के मेडिकल क्षेत्र में सुधार और चिकित्सा सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए, एक नए प्रस्ताव के अनुसार आईएएस की तर्ज पर इंडियन मेडिकल सर्विस (आईएमएस) की स्थापना की जानी चाहिए।

यह बात विश्व मानव कल्याण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. तेज प्रताप पांडेय ने कही। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव के अनुसार, आईएमएस के अधिकारी देश के विभिन्न हिस्सों में चिकित्सा सेवाओं के प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने पर विशेष ध्यान देंगे, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव का उद्देश्य देश के मेडिकल क्षेत्र में सुधार करना और चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी और कुशल बनाना है।

आईएमएस के अधिकारी देश के कई हिस्सों में चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस प्रस्ताव के समर्थन में कई चिकित्सा विशेषज्ञों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा है कि आईएमएस की स्थापना से देश के मेडिकल क्षेत्र में सुधार होगा और चिकित्सा सेवाएं अधिक प्रभावी और कुशल होंगी।

उन्होंने कहा कि आईएमएस के अधिकारी देश के विभिन्न हिस्सों में चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जा रहा है। यदि यह प्रस्ताव स्वीकृत होता है, तो यह देश के मेडिकल क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन होगा और चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने में मदद करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### राजेंद्र मल्होत्रा को न्याय दिलाने और उनकी आत्मा की शांति के लिए बनीखेत में कैंडल मार्च आज

**मुकेश कुमार, डलहौजी।** बनीखेत के निजी होटल में नए साल के जश्न में जीएम राजेंद्र मल्होत्रा की हत्या कर दी गई थी। उनकी आत्मा की शांति व उचित न्याय की मांग को लेकर शुक्रवार को शाम ठीक साढ़े चार बजे स्थानीय व्यापार मंडल बनीखेत व इसके आसपास के होटल संचालक व कर्मी टैक्सी यूनियन, पिकअप यूनियन के अलावा आसपास के क्षेत्रवासी बस अड्डा से मुख्य बाजार होते हुए भुरू नाग देवता मंदिर परिसर तक शांतिपूर्वक ढंग से कैंडल मार्च निकालेंगे। व्यापार मंडल प्रधान संजीव ठाकुर ने समस्त क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे स्वर्गीय राजेंद्र मल्होत्रा की आत्मा की शांति तथा उन्हें न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च का हिस्सा बनें।

### भाषण प्रतियोगिता में पुष्पेंद्र रहा अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला चंबा द्वारा सौ दिवसीय टीबी



जांच एवं पहचान अभियान के अंतर्गत वीरवार को राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंबा में विद्यार्थियों के लिए टीबी जन भागीदारी अभियान के तहत भाषण, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता ओर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि सौ दिवसीय टीबी जांच एवं पहचान अभियान के अंतर्गत आज स्कूल छात्रों के लिए भाषण ओर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में पहला स्थान पुष्पेंद्र, दूसरा स्थान नैतिक और तीसरा स्थान अमन ने प्राप्त किया। पोस्टर मेकिंग में पहला स्थान आर्यन, दूसरा स्थान सुमित और तीसरा स्थान कार्तिक व आदित्य ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्य जितेंदर सिंह और मेडिकल ऑफिसर डॉ. कार्तिक पठानिया ने छात्रों को पुरस्कार बांटे। डॉ. कार्तिक पठानिया ने कहा कि टीबी लक्षणों वाले मरीजों की पहचान कर उन्हें जल्द ही निदान के लिए स्वास्थ्य केंद्र मे भेजें। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान टीबी मुक्त पंचायत, टीबी बीमारी और लक्षणों और बचाव बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल प्रवक्ता दीपक कुमार, मनोहर शर्मा, स्वास्थ्य विभाग छांगा राम और दीपक जोशी भी मौजूद रहे।

### कशमल के अवैध खनन के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** झुलाड़ा, कुठेड़ व चंबा के समाजसेवियों के प्रतिनिधिमंडल



द्वारा कशमल के अवैध खनन को लेकर जिलाधीश चंबा को लिखित में सूचित किया गया और साथ ही जिलाधीश के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भी लिखित में पत्र दिया गया। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल द्वारा मुख्य अरण्यपाल चंबा को भी सूचित किया एवं पूरी घटना विस्तार से बताई कि निजी भूमि की आड़ में बहुत भारी मात्रा में वन भूमि पर कशमल का अवैध खनन हुआ है। उन्होंने उसी समय वहां पर उपस्थित डीएफओ चंबा, जोकि वहीं पर उपस्थित थे को आदेश दिए कि जो भी कशमल के ढेर हैं, उनको वन विभाग कब्जे में ले और रेंज ऑफिस में रखे और ठेकदारों को वहां से भगाए। उधर, अवैध कशमल की छानबीन के लिए विजिलेंस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने वीरवार को मसरूंड रेंज का पुनः दौरा किया है। मामले में तमाम दस्तावजों की जांच चल रही है और इस बात का भी खुलासा होगा कि लोगों ने अपने किस खसरा नंबर से इतनी भारी मात्रा में कशमल का खनन करके ठेकेदारों को बेचा है। निजी भूमि पर भी केवल 40 प्रतिशत कशमल के खनन हेतु ही वन विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाती है।

# डॉ. जनक ने केंद्रीय मंत्री को बताईं पावर प्रोजेक्ट प्रभावितों की समस्याएं

## नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में दिल्ली में मनोहर लाल खट्टर से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंबा/भरमौर**

भरमौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. जनक राज ने नई दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात की। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र भरमौर में जल विद्युत परियोजनाओं के द्वारा प्रभावित परिवारों की समस्याओं के बारे में अवगत करवाया और खट्टर के समक्ष विधानसभा क्षेत्र में एनएचपीसी के सौजन्य से केंद्रीय विद्यालय खोलने का भी प्रस्ताव रखा। विधायक ने कहा है कि इससे लोगों की खेती की जो ज़मीन जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण में प्रयोग में आई है, उस क्षेत्र की आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो और उनका भविष्य सुरक्षित हो और तथाकथित गैर जनजातीय क्षेत्र के लोगों को भी मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। मंत्री ने



उनकी मांगों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और यह आश्वासन दिया कि इस विषय पर वांछित और जरूरी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

वहीं, केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से पांगी में रह रहे जनजातीय लोगों के जीवन को सुधारने और सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पठानकोट वाया चंबा-तीसा-साच पास राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की योजना तेजी लाने का आग्रह किया। यह राजमार्ग केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा, बल्कि पांगी घाटी को विकास के मुख्यधारा से जोड़ेगा। उन्होंने पांगी की कनेक्टिविटी और समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा की और मंत्री को

**गडकरी से किया पठानकोट वाया चंबा-तीसा-साचपास एनएच योजना में तेजी लाने का आग्रह**

इस संबंध में एक पत्र सौंपा। जनक राज ने बताया कि 21वीं सदी में भी चंबा जिले का पांगी उपमंडल सर्दियों के छह महीने तक शेष विश्व से कटा रहता है। सालभर इस क्षेत्र को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाला कोई मार्ग नहीं है। सरकार ने कुछ वर्षों पहले पठानकोट-द्रम्मण-वनिखेत-चंबा वाया तीसा-साच पास-किलाड राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की घोषणा की थी, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्य नहीं हुआ। पांगी घाटी के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण क्षेत्र के जनजातीय लोगों के जीवनस्तर को सुधारने के साथ-साथ सामरिक दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

## अवैध कटान को लेकर वन विभाग पर लगाए आरोप निराधार: कृतज्ञ

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा वन मंडल की मसरूंड रेंज में अवैध कटान के मामले में वन विभाग के वन मंडल अधिकारी कृतज्ञ कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विभाग पर जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, वे सब निराधार हैं। जो फोटो और वीडियो समाजसेवी दिखा रहे हैं, वे वर्ष 2017 के हैं। उस दौरान भी एक शिकायत विभाग के पास पहुंची थी। उसमें जांच की गई तो जंगल में सात देवदार पेड़ों के ठूंठ बरामद हुए। इसको लेकर वन परिक्षेत्र अधिकारी ने जांच करके वन मंडल अधिकारी के पास रिपोर्ट जमा करवा दी है। ऐसे में उन्हीं पेड़ों के कटे हुए ठूंठ दोबारा 2025 में दिखाए जा रहे हैं, जबकि उस मामले में विभाग पहले ही अपनी कार्रवाई कर चुका है। वन मंडल अधिकारी कृतज्ञ कुमार ने बताया कि बीते नवंबर और दिसंबर में मसरूंड रेंज की माणी वन बीट में जब विभाग की टीम ने अवैध कटान की सूचना मिलने पर जांच की तो उसमें उन्हें देवदार के पांचवीं श्रेणी के पेड़ कटे हुए मिले। इसको लेकर 11 लोगों की पहचान की गई, जिन्होंने उन पेड़ों का काटा था। सरकारी रेट के अनुसार उन लोगों को 6,500 रुपए प्रति व्यक्ति जुर्माना लगाया गया। जब उन लोगों से पेड़ काटने की वजह पूछी गई तो उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनाने के लिए उन्होंने इमारती लकड़ी के लिए पेड़ों को काटा है।

**कहा, मसरूंड रेंज में अवैध कटान का मामला पुराना**

## कूड़ा संयंत्र में लगी आग से उठता काला धुआं बढ़ा रहा क्षेत्रवासियों की परेशानियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंबा मुख्यालय के साथ लगते कुरांह के कूड़ा संयंत्र में पिछले 14 दिनों से आग लगने से धुएं की वजह चारों तरफ का वातावरण प्रदूषित हो रहा है। इस जहरीले धुएं के उठने से चारों तरफ प्रदूषण फैल रहा है। इससे साथ लगती 12 पंचायतों के लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है।

हालांकि नगर परिषद द्वारा इस आग पर काबू पाने व धुएं को खत्म करने के प्रयास जारी है, लेकिन यहां पर कूड़ा इतना ज्यादा इकट्ठा हो गया है कि आग बुझाए जाने के बाद भी कहीं न कहीं सुलग उठती है। नगर परिषद के कर्मचारी कूड़े को इकट्ठा कर बोरों में बंद कर रहे हैं, लेकिन अंदर से सुलगती आग अभी भी बुझने का नाम नहीं ले रही है। लोगों ने बताया कि पिछले 14 दिनों से



कूड़ा संयंत्र से जो जहरीला धुआं निकल रहा है, उससे चारों तरफ के वातावरण को दूषित कर रखा है जिसके कारण बड़े और छोटे छोटे बच्चों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद को चाहिए कि यहां पर इस आग को बुझाने व इस धुएं को जल्द खत्म किया जाए, ताकि लोगो का स्वास्थ्य और जायदा खराब न हो।

इस बारे उपयुक्त चंबा मुकेश रेपस्वाल ने बताया कि कुरांह के कूड़ा संयंत्र में जो आग लगी थी, उससे अभी भी धुआं निकल रहा है और बार-बार आग सुलग रही है। इस कारण आसपास की पंचायतों के लोगों के स्वास्थ्य खराब होने का खतरा बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है कि इस पर काबू पाया जाए। कहा कि नगर परिषद द्वारा अब रावी नदी से पानी लिफ्ट कर इस समस्या का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित न हो।

## एकलव्य स्कूल में प्रवेश के लिए तीन फरवरी तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

हिमाचल प्रदेश बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल सिलेक्शन परीक्षा (ईएमआरएसएसटी)-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए होगी, जो कक्षा छठी में प्रवेश के इच्छुक हैं। परीक्षा में भाग लेने के लिए उम्मीदवार अनुसूचित जनजाति, लवासा/उग्रवाद/कोविड के कारण माता-पिता को खोने वाले बच्चे, विधवा के बच्चे, दिव्यांग माता-पिता के बच्चे, भूमिदान करने वाले व्यक्ति के बच्चे, अनाथ बच्चे और अन्य श्रेणियां से संबंधित होने चाहिए। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया नौ जनवरी 2025 से शुरू हो जाएगी और उम्मीदवार तीन फरवरी, 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन में कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवारों को आवेदन में सुधार करने का अवसर चार फरवरी से छह फरवरी, 2025 तक मिलेगा, जिसमें कोई विशेष जानकारी में बदलाव किया जा सकता है। ईएमआरएस के लिए परीक्षा का आयोजन दो घंटे की अवधि में किया जाएगा, जिसमें 100 सवाल पूछे जाएंगे। इस परीक्षा में मानसिक क्षमता, अंकगणित और भाषा परीक्षण शामिल होंगे। ईएमआरएस के तहत कुल 150 सीटें निर्धारित की गई हैं, जो विभिन्न जिलों के लिए आबंटित की गई हैं। इस परीक्षा के चार दिन पहले एडमिट कार्ड बोर्ड की बेवसाइट पर अपलोड कर दिए जाएंगे। परीक्षा की तिथि और अधिक जानकारी के लिए छात्र अपने नजदीकी ईएमआरएस से संपर्क कर सकते हैं।

## रिटायर्ड कानूनगो और पटवारियों से मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि राजस्व विभाग में कानूनगो एवं पटवारियों के रिक्त पदों के दृष्टिगत विभाग से सेवानिवृत्त कानूनगो एवं पटवारियों को पारिश्रमिक के आधार पर अल्प अवधि के लिए नियुक्त करने के लिए सरकार के निर्णय के अनुरूप कार्यों के इच्छुक सेवानिवृत्त कर्मियों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन 18 जनवरी तक कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इन्हें पारिश्रमिक के आधार पर अल्प अवधि के लिए ही नियुक्त किया जाएगा। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में जिला राजस्व अधिकारी के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

## भंगरोटू स्कूल ने मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह



छात्राओं को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**विनोद जसवाल, नेरचौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक आदर्श विद्यालय भंगरोटू ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया। इस मौके पर पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी बतौर मुख्यातिथि समारोह में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुई। इससे पूर्व मुख्यातिथी द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर स्कूल की गतिविधियों से अवगत करवाया।

विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को मुख्यातिथि ने इस अवसर पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। (अनंत ज्ञान)

## विद्यार्थियों का जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट में जलवा

**अनंत ज्ञान, लडभड़ोल।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी द्वारा 1 दिसंबर 2024 को आयोजित जनरल एप्टीट्यूड टेस्ट परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

पाइनग्रोव इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

इस प्रतिष्ठित स्कूल के विद्यार्थियों ने कक्षा नवमीं और 11वीं में पूरे जोन में पहला स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा दसवीं में दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा, दसवीं में पंडोल स्कूल और बारहवीं में गवर्नमेंट स्कूल लडभड़ोल ने पहला स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर पाइनग्रोव स्कूल के प्रबंधक निदेशक बलवंत ठाकुर ने विद्यार्थियों, शिक्षकों, और अभिभावकों को बधाई दी।

## भाई पर जानलेवा हमला करने वाले जेठ-जेठानी को कठोर कारावास

**रितेश, सरकाघाट**

माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरकाघाट, डॉ. अबीरा बासू की अदालत ने सरकार बनाम तारा चंद एवं अन्य मामले में दोषियों को कठोर सजा सुनाई है। उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि तारा चंद और उनकी पत्नी प्रमिला देवी, निवासी गांव भदरेहड़, डाकघर गरोड़ू, तहसील टीहरा, जिला मंडी, को विभिन्न धाराओं के तहत दोषी करार दिया गया। धारा 307 (हत्या का प्रयास) 10 वर्ष का कठोर कारावास और 20,000 का जुर्माना। जुर्माना न देने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास। धारा 325 (गंभीर चोट पहुंचाना) 7 वर्ष का कठोर कारावास और 10,000 का जुर्माना। जुर्माना न देने पर 15 दिन का अतिरिक्त कारावास। अन्य धाराएं (323, 342, 504, 506) अलग-अलग कठोर कारावास और जुर्माने की सजाएं। यह मामला 9 सितंबर 2018 का है जब स्नेहा चंदेल ने पुलिस चौकी में सूचना दी थी कि उनके पिता प्रकाश चंद को उनके ताया तारा चंद और ताई प्रमिला देवी ने डंडों से पीटकर घसीटते हुए अपने मकान के कमरे में बंद कर दिया। उन्होंने कमरे की चिटकनी लगाकर पीड़ित के साथ मारपीट की और बाहर से ताला लगाकर कुर्सी पर बैठ गए।

पुलिस ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर उपप्रधान मनोज कुमार और वार्ड पंच की मौजूदगी में कमरे का ताला तोड़कर पीड़ित को सुरक्षित बाहर निकाला।

उप जिला न्यायवादी राजीव शर्मा ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने अदालत में 18 गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए। सबूतों के आधार पर दोषियों को कठोर सजा सुनाई।(अनंत ज्ञान)

## युवक से 7 ग्राम चिट्टा बरामद

**मंडी ।** बीएसएल थाना पुलिस ने दल ने शकिदेव वाटिका के किनारे हाईवे पर वीरवार शाम को नाके के दौरान एक कार सवार युवक से 7 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही आरंभ कर दी है। बीएसएल थाना पुलिस के दल ने शुकदेव वाटिका के निकट नाका लगा रखा था। इस दौरान कार में सवार युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 7 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। जिस पर पुलिस ने आरोपी राजेश कुमार पुत्र चिंत राम निवासी गांव व डाकघर खुराहल तहसील सुंदरनगर को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चिट्टा को भी मौका पर ही सील किया है। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लेकर कार्यवाही आरंभ कर दी है।

## शिवरात्रि व्यवस्था को लेकर भीम चंद सरोच बने वरिष्ठ उपप्रधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक के दौरान मौजूद गणमान्य।

सर्व देवता सेवा समिति जिला मण्डी की कार्यकारिणी की बैठक संस्कृति सदन /देव सदन मंडी में प्रधान शिव पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में अध्यक्ष ने कहा कि शिवरात्रि महोत्सव 26 फरवरी से आरंभ होगा जिसको लेकर उपायुक्त जिला मंडी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पिछले कल पड्डल का निरीक्षण किया।

देवताओं को सीढ़ियों पर बैठने पर आने वाली समस्याओं के बारे में शिव पल शर्मा ने उपायुक्त को अवगत कराया जिस पर उपायुक्त महोदय ने मौके पर ही निर्णय लिया और यह भी कहा कि देवी-देवताओं को पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। जलेब के कारदारों को सुझाव दिया कि समय पर जलेब के लिए माधोराय के प्रांगण में पहुंचना सुनिश्चित करें और जो प्रमुख देवता एक दिन पहले शिवरात्रि के लिए माधोराय जी के पास आते है वो निर्धारित समय पर पहुंच जाए।

शिवरात्रि की व्यवस्था और कार्य को देखते हुए भीम चंद सरोच को वरिष्ठ उपप्रधान, मोहन लाल को उपप्रधान ओर रेवती राम शर्मा को मुख्यसलाहकार मनोनीत किया गया।

### सूडोकु 0042 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनर्वृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0041 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## अनंत ज्ञान आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

10 जनवरी, 2025, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** एकादशी (10:22): **नक्षत्र** कृत्तिका (01:46), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** शुभ (2:36) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:07-12:49), **राहुकाल** (11:10 -12:28)।

### विशेष दिन

- 11 जनवरी 2025 : शनि प्रदोष व्रत कल।
- 10 जनवरी 2025 : पुत्रदा एकादशी व्रत आज।

**मेष:** सम्भावना कि आपके आसपास आपके विचार चुराकर अपने करियर में प्रगति करना चाहेगा। इसीलिए किसी से बात करते हुए सावधान रहें।

**वृषभ:** आज अपने पिछले समय में से किसी पुराने व्यक्ति से मिलने की सम्भावना है। और यह व्यक्ति आपके भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**मिथुन:** परिवार और संतान के विषय में आपको आनंद के साथ संतोष का अनुभव होगा। व्यापार में धन की उगाही के लिए बाहर जाना पड़ेगा ।

**कर्क:** मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। बेहतर यही होगा कि आप जिनके साथ रहते हैं उनके साथ विवादों में पडने़ की बजाय विवादों से दूर ही रहें।

**सिंह:** आपकी एकाग्रता का अभाव मानसिक अस्वस्थता बढ़ाएगा। आरोग्य के विषय में सावधानी रखिएगा। शिथिलता और आलस्य बना रहेगा।

**कन्या :** आज आपको काफी आरक्षित और सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि कुछ लोग आपके रास्ते में बाधा बनने की कोशिश कर सकते हैं।

**तुला:** आपसे कोई मिलने आएगा। सेहत और आराम का खास ध्यान रखें। जल्द ही वित्तीय स्थिति बन रही है जो फायदे का सौदा साबित होगी।

**वृश्चिक:** आज दिनभर आनंद मन पर छाया रहेगा। अपने कार्य में व्यवस्थितरूप से आप आगे बढ़ा पाएंगे और योजना के अनुसार कार्य भी कर पाएंगे।

**धनु :** आपकी भागदौड़ भरी दिनचर्या के कारण आपका जीवनसाथी खुद को दरकिनार महसूस कर सकता है। मनोकामनाएं दुआओं के जरिए पूरी होंगी।

**मकर :** आर्थिक कार्य सुखपूर्वक संपन्न होंगे। नकारात्मक विचारों से दूर रहिएगा। कार्य सफलता और प्रतिस्पर्धियों पर विजय मिलने से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभ :** यात्रा करने के लिए अच्छा दिन है। प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद न करें। शांतिपूर्ण मन स्थिति में औरों के सवालों से बाधा पहुचाएंगी।

**मीन :** खरीदारी संबंधी किसी ऑफर या लाटरी खरीदने का जोखिम उठा सकते हैं। भाग्य साथ है, इसलिए जीतने का अच्छा मौका आपके पास रहेगा।

## सब्जी मंडी धनोटू का हाल बेहाल

**भीम बसेड़ू, महादेव**



चौतरफा के गंदे वातावरण के प्रदूषण से घिरी क्षेत्र भर की एक बड़ी सब्जी मंडी धनोटू अपने प्रांगण की गंदगी भरी नाली से गुलजार है वहीं परिसर के एक बड़े भाग में फैले बास मारते कूड़े-कचरे, पत्थरों के ढेर तथा बदबू मारते शौचालय से सब्जी मंडी में सब्जी-फल आदि बेचने एवं खरीदने के लिए आने-जाने वाले खासे परेशान होते हैं। मंडी से संबंधित फर्श आदि की निर्माण गुणवत्ता सवालों के घेरे में साफ-साफ दिखाई देती है क्योंकि अनावश्यक रास्तों की गंदगी से भरे परिसर के टाइल्स और पलस्तर उखड़ चुका है।

बुद्धिजीवी लोगों ने विभाग व उपायुक्त मंडी से गुहार लगाई है कि विदेशी वायरस का ख्याल कर शीघ्र ही धनोटू सब्जी मंडी-आसपास का वातावरण स्वच्छ बनाया जाए।(अनंत ज्ञान)

## पढ़ाई के साथ खेलकूद गतिविधियों में हिस्सा लेना जरूरी

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद विद्यार्थी व साथ हैं अन्य।

न्यू बिम पब्लिक स्कूल धर्मपुर में शैक्षणिक सत्र का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ विकास अधिकारी पुष्पेंद्र ठाकुर बतौर मुख्यातिथि व कश्मीर सिंह समाजसेवी वष्शिट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। प्रधानाचार्य भूप सिंह ठाकुर व स्कूल प्रबंधन समिति सहित स्टाफ के अन्य सदस्यों ने मुख्यअतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

मुख्यातिथि ने कहा कि आज के बच्चे कल का देश का भविष्य है उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद सांस्कृतिक गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए।

## आईआईटी मंडी ने 2025-27 बैच के लिए आमंत्रित किए आवेदन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी आईआईटी मंडी में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने अपने प्रमुख एमबीए डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डीएसएंडएआई प्रोग्राम के 2025-27 बैच के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं।

2022 में लॉन्च किया प्रमुख एमबीए प्रोग्राम पहले ही एआई-संचालित व्यावसायिक शिक्षा में अग्रणी के रूप में स्थापित हो चुका है। शिवालिक पर्वतमाला के बीच स्थित आईआईटी मंडी शिक्षा मंत्रालय द्वारा एनआईआरएफ 2024 रैंकिंग में नवाचार श्रेणी में 8वीं रैंक हासिल करते हुए इंस्टीट्यूट ऑफ एक्सीलैंस के रूप में तेजी से उभरा है। वहीं प्रबंधन विद्यालय नवाचार और उद्यमिता पर जोर देते हुए इंटरडिसीप्लीनरी एजुकेशन और रिसर्च के अवसर प्रदान करता है। स्कूल ऑफ मैनेजमेंटए डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑपरेशंस मैनेजमेंट, फाइनेंशियल मैनेजमेंट, मार्केटिंग मैनेजमेंट अन्य सहित क्षेत्रों में अपने संकाय सदस्यों के माध्यम से पूरी रेंज प्रस्तुत करता है। ऑनलाइन आवेदन की तिथि 31 जनवरी 2025 तक है।

## रिवाल्वर के साथ रील बनाने पर आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवी थाना के तहत आने वाले एक युवक को बंदूक, रिवाल्वर के साथ रील बनाना महंगा पड़ गया। युवक अब सलाखों के पीछे है। पहले तो युवक जैसे ही पुलिस के हत्थे चढ़ा तो युवक की गाड़ी से जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। ऐसे में कारतूस कहां से आया व युवक ने जिन हथियारों से रील बनाई है वो हथियार कहां हैं पुलिस इसकी जांच में जुट गई । युवक से पूछताछ के दौरान एक अन्य व्यक्ति का नाम सामने आया क्योंकि गिरफ्तार किए गए युवक ने बताया कि यह हथियार किसी दूसरे व्यक्ति का है जो कि दूसरे राज्यों से हथियार तथा गोलियां लाता था। मामला उसे वक्त बेहद संवेदनशील हो गया जब युवक ने पूछताछ के दौरान इस बात कभी खुलासा किया कि वह व्यक्ति एक सुनसान जगह पर गोली चलाने का अभ्यास किया करता था। जिसके बाद पुलिस युवक को लेकर मौके पर पहुंची तो पुलिस को उस स्थान पर करीब सात चले हुए तथा एक जिंदा कारतूस मिला । जिसके बाद अब पुलिस के हाथ करीब आठ कारतूस हाथ लग चुके है।

जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार किए गए युवक की शिनाख्त पर बुधवार रात उस दूसरे युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है । गिरफ्तार युवक चार दिनों से पुलिस हिरासत में है।

जानकरी के मुताबिक घुमारवी के गाहर पंचायत के मुहाणा गांव का युवक सोशल मीडिया पर बंदूक व रिवाल्वर के साथ फोटो शेयर करता था। बताते चले कि मुहाणा गांव के जिस युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है वह नशे के आरोप में पहले भी पुलिस हिरासत में आ चुका है।

> सोशल सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा पिस्तौल से फायर करने का वीडियो वायरल होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस ने उस युवक को एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि यह पिस्तौल तथा कारतूस किसी दूसरे व्यक्ति के हैं, जो दूसरे राज्यों से यह पिस्तौल और कारतूस लेकर आता है।युवक की शिनाख्त के आधार पर इस दूसरे व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया है दोनों से पूछताछ जारी है।
> -संदीप धवल (पुलिस अधीक्षक, जिला बिलासपुर)

वास्तव में हमारे देश की लाठी कमजोर नहीं है, बल्कि वह जिन हाथों में है, वे कांप रहे हैं। –अटल बिहारी वाजपेयी

## संपादकीय

# नौतोड़ का जिन्न

हिमाचल प्रदेश में नौतोड़ भूमि का जिन्न एक बार फिर बाहर निकल आया है। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में नौतोड़ भूमि के आवंटन के मुद्दे को लेकर राजभवन व सुक्खू सरकार के बीच तकरार थमने का नाम नहीं ले रही। ये नौतोड़ भूमि असल में है क्या, जिसको लेकर प्रदेशभर में बवाल मचा है? जवाब यह है कि राज्य में 1970 में जिन परिवारों के पास भूमि कम थी, उन्हें सरकार ने भूमि दी थी। इसे नौतोड़ का नाम दिया गया। इसके लिए राज्य में हिमाचल प्रदेश नौतोड़ एक्ट 1968 बनाया था। प्रावधान किया गया था कि जिन लोगों की सालाना आय 2,000 रुपए से कम थी, उन्हें इसके लिए पात्र माना गया। दरअसल, नौतोड़ एक प्रकार की भूमि है जो किसी व्यक्ति या परिवार की मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारियों को नहीं दी जाती है, बल्कि उसे राज्य सरकार अधिग्रहित कर लेती है। नौतोड़ भूमि की उत्पत्ति मध्ययुगीनकाल में हुई थी, जब राजाओं और जमींदारों के पास बड़े-बड़े जमीनें तथा संपत्तियां होती थीं। जब कोई जमींदार या राजा मर जाता था, तो उनकी संपत्ति को उनके उत्तराधिकारियों को नहीं दिया जाता था, बल्कि उसे राज्य की ओर से अधिग्रहित कर लिया जाता था।

प्रदेश के जनजातीय इलाकों में पात्र लोगों को नौतोड़ कानून के तहत जमीन मिलती है। जनजातीय इलाकों में जिन लोगों के पास 20 बीघा से कम जमीन होती है, उन्हें जमीन देने के लिए नौतोड़ कानून के तहत मंजूरी दी जाती है। इसके लिए पात्र व्यक्ति राजस्व विभाग में आवेदन कर सकता है। इस समय राज्य के पास करीब 12 हजार 742 आवेदन लंबित हैं। केंद्र के फॉरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट यानी एफसीए के प्रावधानों के लागू होने से जमीन उपलब्ध करवाने में अड़ंगा डल रहा है। यह सिर्फ राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र में है कि वे जनजातीय इलाकों में एफसीए के प्रावधानों को निरस्त कर सकते हैं। उसके बाद ही नौतोड़ के तहत आवेदनकर्ताओं को जमीन राज्य सरकार दे सकती है। जब राजभवन से एफसीए एक्ट जनजातीय इलाकों के लिए निर्लंबित होगा, तभी राजस्व विभाग पात्र आवेदकों को जमीन देगा। राजभवन ने इस विधेयक में पात्र लोगों के नाम व पते मांगे हैं, लेकिन राज्यपाल को इसमें गड़बड़ी की शंका दिखी कि कहीं कानून की आड़ में कोई गलत व्यक्ति जमीन न हथिया ले। बस इसी बात को लेकर सुक्खू सरकार और राजभवन आमने-सामने हो गए। राज्यपाल ने नौतोड़ भूमि से संबंधित बिल भी सरकार को वापस लौटा दिया है।


दोनों तरफ से तीखी बयानबाजी हो रही है, जिससे मामला काफी हद तक बिगड़ गया है। नौतोड़ जमीन मुद्दे पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के सवालों का राजस्व एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने जवाब दिया है। नेगी ने तर्क दिया कि प्रदेश में पहली बार नौतोड़ आवंटन के लिए एफसीए में छूट देने की बात नहीं कही जा रही, बल्कि इससे पहले भी तीन राज्यपाल एफसीए में छूट दे चुके हैं। नौतोड़ भूमि आवंटन के लिए एफसीए में छूट देने की तमाम शक्तियां राज्यपाल के पास हैं। ऐसा नहीं है कि नौतोड़ भूमि का आवंटन कांग्रेस ही करवा रही है, बल्कि भाजपा सरकार के वक्त भी नौतोड़ जमीन आवंटित की गई थी। बहरहाल, इस मुद्दे पर दोनों पक्षों को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। भाजपा भी जनजातीय लोगों को नौतोड़ जमीन भूमि देने की पक्षधर रही है और उसकी सरकार के वक्त भी लोगों को नौतोड़ भूमि दी गई। नौतोड़ भूमि का मसला कैसे सुलझाया जा सकता है, इस पर दोनों पक्षों को आपसी सहमति बनानी चाहिए।

सबसे पहले तो भूमि के मालिकाना हक को स्पष्ट करने के लिए भूमि रिकॉर्ड को अद्यतन करना आवश्यक है। इसके लिए भूमि मालिक को अपने जमीन के कागजात को वेरिफाई करना होगा और यदि आवश्यक हो तो उन्हें अद्यतन करना होगा। इसके अलावा, नौतोड़ भूमि के मामले में दाखिल-खारिज की प्रक्रिया को पूरा करना आवश्यक है। यह प्रक्रिया भूमि के स्वामित्व में बदलाव को दर्ज करने के लिए की जाती है और यह सुनिश्चित करती है कि भूमि का स्वामित्व सही व्यक्ति के पास है। नौतोड़ भूमि के मामले में जमाबंदी पंजी को भी अद्यतन करना आवश्यक है। जमाबंदी पंजी में भूमि और उसके मालिक का पूरा विवरण होता है और यह सुनिश्चित करती है कि भूमि का स्वामित्व सही व्यक्ति के पास है। नौतोड़ भूमि के मामले में सर्वेक्षण करवाना भी श्रेयस्कर रहेगा। इन सभी कदमों को उठाने से नौतोड़ भूमि का मसला सुलझाया जा सकता है और भूमि के स्वामित्व को स्पष्ट किया जा सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### उच्चतम न्यायालय के अनुभवी अधिवक्ता

**फली** सैम नरीमन भारत के जाने-माने कानूनविद और उच्चतम न्यायालय के अनुभवी वरिष्ठ अधिवक्ता थे। उनका एक अधिवक्ता के तौर पर 70 साल से ज्यादा का अनुभव रहा। वह 1971 से भारत के सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील थे और 1991 से 2010 तक 'बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष रहे थे। बंबई उच्च न्यायालय के बाद फली एस नरीमन ने सन 1972 से सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की। वे मई 1972 में भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल भी नियुक्त हुए थे। उन्हें पद्म भूषण, 1991 और पद्म विभूषण, 2007 से भारत सरकार ने सम्मानित किया था। सन 1929 में रंगून (वर्तमान म्यांमार) में पारसी माता-पिता सैम बरियामजी नरीमन और बानू नरीमन के घर जन्मे फली एस नरीमन ने अपनी स्कूली शिक्षा बिशप कॉटन स्कूल, शिमला से की। इसके बाद उन्होंने सेंट जेवियर्स कॉलेज, मुंबई से अर्थशास्त्र और इतिहास में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उसके बाद 1950 में गवर्नमेंट लॉ कॉलेज, मुंबई से कानून की डिग्री (एलएलबी) ली। परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद और किंलॉक फोर्ब्स गोल्ड से वह सम्मानित हुए। फली एस नरीमन के पिता शुरू में चाहते थे कि वे भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में बैठें, चूंकि वह उस समय इसका खर्च वहन नहीं कर सकते थे, इसलिए उन्होंने कानून को अपने अंतिम विकल्प के रूप में चुना। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने फली एस नरीमन के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि- 'वह एक महान बुद्धिजीवी थे'। ■



फली सैम नरीमन
जन्म : 10 जनवरी, 1929
मृत्यु : 21 फरवरी, 2024

## कविता — कोहरा



राज कुमार कौंडल

*कोहरे की चादर में लिपटा है सारा शहर,*
*पास हैं सब मगर आता नहीं कोई नजर।*
*कितनी भी तेज भले ही हो किसी की नजर,*
*धुंध की मार से सब धुंधला ही आता है नजर।*
*कितना भी चले भले ही राह में कोई बचकर,*
*किसी दूसरे की गलती मुश्किल बनाती है सफर।*
*हर जीवन का भी कोहरे जैसा ही है मंजर,*
*सुख की खिली धूप में, सब साथ आते हैं नजर।*
*मुश्किलों के कोहरे का जब होता है असर,*
*उस वक्त जीवन में नहीं आता कोई नजर।*
*तपिश सूरज की पहुंचती है तलहट्टियों पर,*
*तब फिर कोहरा हो जाता है वहां से छूमंतर।*
*रिश्तों में विश्वास की तपिश जब आती है नजर,*
*जीवन की सही तस्वीर सबको आती है नजर।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मोबाइल फोन एक वरदान भी और अभिशाप भी



मोबाइल फोन एक ऐसा उपकरण है जिसने हमारे जीवन को आसान और सुविधाजनक बना दिया है। यह हमें दुनियाभर के लोगों के साथ जुड़ने जानकारी प्राप्त करने और अपने कामों को आसानी से करने में मदद करता है। वर्तमान समय में लगभग हर व्यक्ति के पास मोबाइल फोन है और वह अपनी ज्ञान की पूर्ति तथा अपनी जानकारियां मोबाइल फोन के माध्यम से दूसरे व्यक्तियों तक पहुंचता है तथा दूसरी व्यक्तियों की जानकारियां कुछ ही सेकंड में आसानी से प्राप्त कर लेता है। मोबाइल फोन एक प्रकार का संचार उपकरण है जो उपयोगकर्ताओं को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के दौरान भी संचार करने की अनुमति देता है। यह एक प्रकार का वायरलेस टेलीफोन है जो सेल्युलर नेटवर्क के माध्यम से संचार करता है। मोबाइल फोन एक पोर्टेबल उपकरण है जिसे आप अपने साथ कहीं भी ले जा सकते हैं। मोबाइल वायरलेस संचार की अनुमति देता है, जिससे आप एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के दौरान भी संचार कर सकते हैं।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

मोबाइल फोन सेल्युलर नेटवर्क के माध्यम से संचार करता है, जो एक विशाल नेटवर्क है जो दुनिया भर में फैला हुआ है। आधुनिक मोबाइल फोन में मल्टीमीडिया क्षमताएं होती हैं, जैसे कि इंटरनेट ब्राउजिंग, ईमेल, सोशल मीडिया, गेमिंग, और वीडियो स्ट्रीमिंग। इस में कैमरा और वीडियो रिकॉर्डिंग की क्षमता होती है, जिससे आप तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं। मोबाइल फोन का मुख्य उपयोग संचार के लिए होता है, जैसे कि फोन कॉल, एसएमएस, ईमेल, और सोशल मीडिया। मोबाइल फोन का उपयोग इंटरनेट ब्राउजिंग के लिए भी किया जा सकता है। मोबाइल फोन में गेमिंग की क्षमता होती है, जिससे आप विभिन्न प्रकार के गेम खेल सकते हैं। मोबाइल फोन में कैमरा की क्षमता होती है, जिससे आप तस्वीरें ले सकते हैं तथा वीडियो रिकॉर्डिंग की क्षमता होती है, जिससे आप वीडियो रिकॉर्ड कर सकते हैं। फोन का सदुपयोग एक महत्वपूर्ण विषय है जिस पर हमें ध्यान देना चाहिए। आजकल, फोन हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है।

हम इसका उपयोग अपने दैनिक जीवन में कई तरह से करते हैं, अधिकतर बच्चे फोन का अत्यधिक प्रयोग करते हैं जिससे उनके जीवन शैली पर बहुत ही नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। फोन का अत्यधिक उपयोग हमारे जीवन पर नकारात्मक प्रभाव भी डाल सकता है।

फोन के अलावा अन्य गतिविधियों पर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है। जैसे कि पढ़ना, लिखना, खेलना आदि। जब आप फोन का उपयोग नहीं कर रहे हों, तो इसे बंद कर दें। इससे आपको ऊर्जा की बचत करने में मदद मिले। फोन के अत्यधिक प्रयोग से कई प्रकार के नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं जैसे कि नींद की कमी, आंखों की समस्याएं आदि, आप फोन का उपयोग सीमित समय के लिए कर सकते हैं और अन्य गतिविधियों पर ध्यान दे सकते हैं। फोन का सदुपयोग करके, आप अपने दैनिक जीवन में अधिक उत्पादक बन सकते हैं। फोन के नकारात्मक प्रभावों से बचने से आपके स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। फोन का सदुपयोग करके, आप अपने संबंधों में सुधार कर सकते हैं। फोन का सदुपयोग करके, आप अपने ज्ञान में वृद्धि भी कर सकते हैं और करते भी हैं। मोबाइल फोन की अत्यधिक प्रयोग की वजह से फोनों से अनेक प्रकार की हानिकारक तिरंगे निकलते हैं जो व्यक्ति के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालती है और व्यक्ति को अनेक प्रकार की बीमारियों से भी घेर लेती हैं इसलिए फोन का प्रयोग आवश्यकता अनुसार ही करना चाहिए। मोबाइल फोन के प्रयोग के लिए अत्यधिक मोबाइल टावरों का प्रयोग किया गया है, जिससे पूरे पर्यावरण पर विपरीत असर पड़ा है और इन टावरों से निकलने वाली अनेक प्रकार की तरंगों से पक्षियों के जीवन को भी खतरा हुआ है, जिससे आज हमारे वातावरण से बहुत प्रकार पक्षियों का अस्तित्व वैसे ही समाप्त हो गया है। इसकी अतिरिक्त लोग मोबाइल फोन का अत्यधिक प्रयोग करते हैं जिससे उनके समय की भी बर्बादी होती है जो व्यक्ति अन्य कार्य की अपेक्षा प्राथमिकता के आधार पर मोबाइल फोन को देखते रहते हैं।

जिससे उनकी व्यक्तिगत विकास में अपेक्षाकृत कमी आई है। लोग आज के दिन में अपने दिमाग का उपयोग न करके हर एक बातें फोन के गूगल से ही पूछ रहे हैं जिस व्यक्ति की दिनचर्या में अव्यवस्था तथा आई है और वह मोबाइल फोन पर ही निर्भर हो गए हैं। अपने दिमाग का प्रयोग करने ही न लगे हैं यह भी व्यक्ति की मानसिकता के लिए एक ठीक बात नहीं है। एंड्रॉयड फोन में वर्तमान समय में बहुत सी अश्लील साइटों का प्रचलन भी जारी है। जो व्यक्ति बहुत प्रकार की अनैतिक चीजे भी इन फोनों में देखते रहते हैं जो व्यक्ति के चारित्रिक हनन का कारण भी बनती हैं। कई लोग चार्जिंग के समय भी फोनों का प्रयोग करते हैं। परिणामस्वरूप फोन विस्फोटित हो जाते हैं और जो व्यक्ति की मृत्यु का कारण बनते हैं। यह समस्या भी देश में लगातार ही बढ़ती जा रही है। आजकल लोगों में सेल्फी लेने तथा रील बनाने के लिए भी कई बार रास्तों पर चलते समय अपनी जान को जोखिम में डालकर कई प्रकार की गतिविधियों को अंजाम देते हैं परिणाम स्वरूप लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। यह रील बनाने और सेल्फी लेने का जो सिलसिला लगातार जारी रहता है। यह बहुत से लोगों की मृत्यु का कारण बना है।

बहुत बार यह भी देखा गया है कि वाहन चालक वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का न केवल प्रयोग करते हैं अपितु कई बार वह ड्रीम इलेवन जैसी खेलों में टीम बनाने का कार्य भी वाहन चलाते समय करते हैं। जो दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। वर्तमान समय में मोबाइल फोन में मोबाइल हैकिंग जैसी प्रवृत्तियों का प्रयोग भी किया जा रहा है, जिससे बहुत से लोग ठगी का शिकार भी हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त कई बार फर्जी कॉल करके कुछ शातिर मोबाइल उपभोक्ताओं को ब्लैकमेल करते हैं तथा उनकी गाढ़ी कमाई को लूटने का प्रयास भी करते हैं। फोन का सदुपयोग करना बहुत ही महत्वपूर्ण है जिस पर हमें ध्यान देना चाहिए। फोन का सदुपयोग करके, हम अपने दैनिक जीवन में अधिक उत्पादक बन सकते हैं, स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं, संबंधों में सुधार कर सकते हैं और ज्ञान में वृद्धि कर सकते हैं। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि हम फोन का सदुपयोग करें और इसके नकारात्मक प्रभावों से बचें। फोन के दुरुपयोग पर एक महत्वपूर्ण विषय है जिसपर हमें ध्यान देना चाहिए।

आजकल, फोन हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है और इसका उपयोग हम अपने दैनिक जीवन में कई तरह से करते हैं, लेकिन फोन का दुरुपयोग हमारे जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। फोन का दुरुपयोग करने से हमारे स्वास्थ्य, संबंधों, और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। फोन का अत्यधिक उपयोग करने से हमारे आंखों, गर्दन, और हाथों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। अतः मोबाइल फोन का उपयोग करना एक दूरदर्शिता का प्रतिरूप है जो काफी हद तक व्यक्ति के विवेक का परिचायिक है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# बीमारी के निदान के मामले में हम जानवरों से भी पीछे

आज के आधुनिक डिजिटल युग में अधिकांश काम कंप्यूटर और मोबाइल फोन के जरिए एक जगह बैठकर हो रहे हैं, ऐसे में परिवार को स्वस्थ रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है। अधिकांश घरों में किसी न किसी रूप में दवाइयां नियमित रूप से ली जाती हैं। हर दिन नई-नई बीमारियां सामने आ रही हैं, जो देश-विदेश के डॉक्टरों को चुनौती दे रही हैं। हर दिन नई-नई दवाइयां खोजी जा रही हैं, फिर भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

थोड़ा भी बीमार पड़ते ही हम डॉक्टर के पास यह सोचकर जाते हैं कि गोली, इंजेक्शन आदि से हम स्वस्थ हो जाएंगे, लेकिन बीमारी में आराम मिलता है तो दूसरी बीमारी लग जाती है। अगर कोलेस्ट्रॉल में आराम मिलता है तो कोलेस्ट्रॉल की दवा के साइड इफेक्ट से बीपी या डायबिटीज होने का खतरा रहता है। आज हर आधुनिक दवा के साइड इफेक्ट देखने को मिल रहे हैं।

हम इसी भ्रम में फंस गए हैं और गोलियों और इंजेक्शन में अपना समय गुजारते रहते हैं अस्पताल में डॉक्टर आखिरी समय तक इंजेक्शन और दवाइयों की खुराक देते रहते हैं, चाहे शरीर मर रहा हो या नहीं। आखिर में बात यहां तक पहुंच जाती है कि घर वाले कहने लगते हैं कि हे भगवान, अब इसे ले जाओ, हम इसका दर्द नहीं देख सकते हैं। शायद कोई भगवान हो जिसे असली जीवन मिल जाए। क्या हमने कभी सोचा है कि जानवर भी बीमार पड़ते हैं, अगर बीमार पड़ते भी हैं, तो वह कैसे ठीक होते हैं? हां, पालतू जानवर अपवाद हैं, क्योंकि वे अपना स्वाभाविक प्राकृतिक जीवन नहीं जी पाते। फिर भी हमने देखा है कि जब जंगली जानवर या पालतू जानवर बीमार पड़ते हैं, तो वे या तो खाना खाना बंद कर देते हैं या फिर पालतू जानवर भी घास खाने लगते हैं।



हम उपवास करके या अपनी कार, मोटरसाइकिल या कमरे के बारे में पढ़कर खुद को स्वस्थ रखते हैं। हम जिज्ञासावश अपनी कार, मोटरसाइकिल या कमरे के बारे में पढ़कर आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम अनुभवी बने रहना चाहते हैं या शरीर विज्ञान में हमारी रुचि नहीं है। वास्तविक जीवनशैली जो भी है, हमने उसे हल्के में ले लिया है।

आखिर हम कितने डरे हुए हो गए हैं? क्या इससे बीमारी आती है? क्या दवा से बीमारी ठीक हो सकती है? हां, कुछ समय के लिए बीमारी के लक्षण दवा के असर से दब जाते हैं और गायब हो जाते हैं, लेकिन बीमारी दूर नहीं होती। हम मनुष्य अपने आप को बहुत बुद्धिमान समझते हैं, लेकिन बीमारी के निदान के मामले में हम जानवरों से भी पीछे हैं। हां, अगर हम वास्तविकता की तरफ से सोचें तो पाएंगे कि वास्तविक जीवन शैली, वास्तविक उपचार और वास्तविक आहार से बीमारी का निदान बहुत आसान है। यानी अगर आहार, व्यवहार, विचार स्वस्थ हैं तो हम रोग मुक्त रहेंगे। आहार ही औषधि है के सिद्धांत का पालन करके हम लगभग सभी बीमारियों से आसानी से छुटकारा पा सकते हैं। यह सच है। होता यह है कि हम अपने शरीर को हानिकारक भोजन (गैर-प्राकृतिक भोजन) से भरते रहते हैं।यह आध्यात्मिक जागृति और खुद को दिव्य ऊर्जाओं के साथ जोड़ने में भी सहायता करता है।राम मंत्र अत्यधिक लाभकारी है और हिंदू धर्म में इसे शक्तिशाली आध्यात्मिक साधनों में से एक माना जाता है। इसका नियमित जाप मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता, आध्यात्मिक ज्ञान और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार सहित कई लाभ प्रदान करता है।


**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**खाकी** वर्दी पहनने का नाजायज फायदा नहीं उठाना चाहिए, अगर कानून के रखवाले ही कानून को अपने हाथ में लेकर जुर्म करते हैं तो फिर अनुशासनिय जिंदगी जीने का कोई मतलब नहीं रह जाता और गुंडा तत्वों से अधिक पुलिस वालों से डर लगना स्वाभाविक सी बात है। झूठी एफआईआर दर्ज करने सहित और भी कई खबरें देखने पढ़ने को मिलती रहती हैं जिनमें पुलिस महकमे की छवि स्वतः ही धूमिल होती नजर आती है जो नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस वालों को घूस लेते एवं नशे में झूमना, छोटी सी बात के लिए इतना पीटना कि जान ही ले लेना आदि। पुलिस की कार्य प्रणाली पर गहरी नजर रखने के लिए देशभर में एक एक्सन फोर्स हो जिसका नियंत्रण देश के महामहिम राष्ट्रपति के यहां से हो ताकि ऊंच- नीच होने पर देश एवं समाज हित में सही समय पर उचित कार्रवाई अमल में लाई जा सके। **भीम बसेडू राजपूत, मंडी**

# क्यों भारत को चाहिए सैकड़ों डॉ. तितियाल और एम्स?

अभी बीते कुछ दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के राजेंद्र प्रसाद आई सेंटर के अध्यक्ष डॉ. जीवन सिंह तितियाल अपनी सरकारी सेवा से रिटायर होने के बाद साथियों और रोगियों से घिरे हुए हैं। उनकी आंखें नम हैं। दरअसल, प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. तितियाल नेत्र चिकित्सा में अपनी विशेषज्ञता और समर्पण भाव से मरीजों की देखभाल के लिए जाने जाते रहे। वे लगभग साढ़े चार दशकों तक एम्स से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने हजारों रोगियों का इलाज किया और वे लगभग इतने ही छात्रों के गुरु भी रहे।



लेखक : आरके सिन्हा
स्तंभकार एवं पूर्व सांसद

एम्स को देश का सबसे बेहतर अस्पताल माना जाता है, तो उसे इस मुकाम पर लेकर जाने में डॉ. तितियाल जैसे डॉक्टरों का भी अहम रोल रहा है। डॉ. तितियाल के मार्गदर्शन में कई युवा नेत्र रोग विशेषज्ञों ने उच्च स्तर की सफलता हासिल की है। देखिए, किसी भी सफल डॉक्टर को अपने क्षेत्र में हो रहे नए अनुसंधानों को लेकर अपडेट तो होना ही चाहिए। उन्हें नवीनतम चिकित्सा अनुसंधान, उपचार और तकनीकों के बारे में अच्छी तरह पता होना चाहिए।

इस लिहाज से डॉ. तितियान वेजोड़ रहे। डॉ. तितियान सही ढंग से रोग का निदान करने और उपयुक्त उपचार योजना बनाने में भी सक्षम हैं। इसमें रोगी के लक्षणों, चिकित्सा इतिहास और परीक्षण परिणामों का विश्लेषण करना शामिल है। डॉक्टर को मरीजों को उनकी बीमारी और उपचार विकल्पों को स्पष्ट और सरल तरीके से समझाने में सक्षम होना चाहिए।

डॉ. तितियाल एम्स के मरीजों को ध्यान से सुनते थे और उनकी चिंताओं और सवालों को गहराई से समझते थे। उनसे मिलकर रोगी आश्वस्त महसूस करता था। वे सभी मरीजों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण व्यवहार रखते थे, चाहे उनकी पृष्ठभूमि कुछ भी हो। डॉ. तितियाल मोतियाबिंद सर्जरी में विशेषज्ञ हैं.। जिसमें फेकोइमल्सीफिकेशन और इंट्राओकुलर लेस प्रत्यारोपण जैसी आधुनिक तकनीके शामिल हैं।




वे कॉर्निया प्रत्यारोपण, टेरिगियम सर्जरी और अपवर्तक सर्जरी (जैसे लेसिक) में भी कुशल हैं। उनकी विशेषज्ञता कॉर्निया से संबंधित विभिन्न बीमारियों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। डॉ तितियाल ग्लूकोमा के निदान और उपचार में भी अनुभवी हैं, जिसमें दवाओं, लेजर उपचार और सर्जरी का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, वे सामान्य नेत्र रोगों जैसे कि कंजंक्टिवाइटिस, ड्राई आई सिंड्रोम, और अन्य नेत्र संक्रमणों का इलाज करने में भी सक्षम हैं। वे नेत्र विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं। उनके शोध प्रकाशन अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं, जो उनके वैज्ञानिक योगदान को दर्शाते हैं। वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय नेत्र विज्ञान सम्मेलनों में नियमित रूप से भाग लेते हैं और अपने ज्ञान जान और और अनुभव अनुभव को साझा करते हैं। डॉ. तितियाल अपने मरीजों के प्रति समर्पित है। वे व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करने में विश्वास रखते हैं। वे नवीनतम तकनीकों और उपचार विधियों का उपयोग करके मरीजों को सर्वोत्तम संभव देखभाल प्रदान करते रहे। उम्मीद करनी चाहिए कि वे आगे भी अपनी सेवाएं देते रहेंगे।

डॉ. तितियाल ने जटिल मोतियाबिंद के मामलों के प्रबंधन पर भी महत्वपूर्ण शोध किया है, आपको एम्स में देश के कोने-कोने से आए हजारों रोगियों का इलाज होता मिलेगा। यहां पर भिखारी से लेकर भारत सरकार का बड़ा बाबू भी लाइन में मिलेगा। एम्स के डॉक्टर किसी के साथ उनके पद या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं करते। यहां पर सुबह-शाम रोगियों का आना-जाना इस बात की गवाही है कि देश को एम्स पर भरोसा है। एम्स भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री और गांधीजी की सहयोगी राजकुमारी अमृत कौर के विजन का नतीजा है। जिस निष्ठा और निःस्वार्थ भाव से एम्स के डॉक्टर रोगियों को देखते हैं। उससे समझ आ जाता है कि यह अस्पताल क्यों खास है। भारत को अभी बहुत सारे एम्स और डॉ. लितियाल जैसे डॉक्टर चाहिए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# संविधान को संकीर्ण राजनीतिक लड़ाई का उपकरण न बनाएं

संविधान के खात्मे को लेकर खासी बहस चली है। भारत का संविधान अनूठा है, अद्वितीय है। यह देश का राजधर्म है। इस संविधान में अनेक लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। सबकी अपनी सीमा है। यह सीमा भी संविधान निर्देशित है। सभी संवैधानिक संस्थाओं का स्रोत संविधान है। विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियां भी संविधान प्रदत्त है।



लेखक: हृदयनारायण दीक्षित
विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष

संविधान निर्माता भविष्य के भारत के प्रति सजग थे। उन्होंने गहन विमर्श के बाद संविधान बनाया। परस्पर विचार विमर्श अच्छी बात है, लेकिन संविधान को समाप्त करने का दुष्प्रचार करने का विपक्षी दलों का निर्णय अनुचित है। लोकसभा चुनाव के समय संविधान को खत्म करने और बदलने का शोर मचाया गया। संविधान समाप्ति जैसी कोई योजना कभी प्रकाश में नहीं आई। न विचार में, न कर्म में और न ही लेखन सहित अन्य अभिव्यक्तियों में भी। संविधान को खत्म करने की अफवाह देश के कोने-कोने तक पहुंची। शिक्षित लोग सन्न थे कि संविधान के खात्मे की बात कहां से आई? संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी संविधान की किताब लेकर फोटो खिंचवा रहे थे।

मजेदार बात है कि संविधान खत्म किए जाने की सूचना संभवतः सबसे पहले उनको ही प्राप्त हुई। यह झूठ देश के मानस में बार-बार आ रहा है। संविधान के खात्मे का दुष्प्रचार करने वाले व्यक्ति दल/समूह नितांत झूठ का सहारा ले रहे हैं। संविधान बदलने का सबसे बड़ा दुस्साहस 1976 में अधिनियमित 42वें संविधान संशोधन में कांग्रेस ने किया था। दुर्भाग्य से इस संविधान के खात्मे का विषय ठीक से जानने वाले लोगों की संख्या कम है। संसद और विधानमंडल और न्यायालयों की बहसों में संविधान की सर्वोपरिता है। संविधान की उद्देशिका में राष्ट्रजीवन के लक्ष्य हैं। उद्देशिका में उल्लिखित भारत को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास और धर्म उपासना की स्वतंत्रता, अवसर की समता प्राप्त कराना मुख्य उद्देश्य है।



सुप्रीम कोर्ट ने अपने तमाम निर्णयों में उद्देशिका के महत्व और उपयोगिता की चर्चा की है। बेशक संविधान के अन्य प्रावधानों की तरह उद्देशिका को न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं किया जा सकता। उन्हें राज्य का नीति निदेशक तत्व कहा है। संविधान के नीति निदेशक तत्वों (भाग चार-अनुच्छेद 36 से 511 में ऐसे उपयोगी उद्देश्य रखे गए हैं। संविधान में कहा गया है कि प्रशासन और विधि के निर्माण में इन सिद्धांतों का अनुसरण किया जाए। गोवंश का संरक्षण भी ऐसा ही नीति निदेशक तत्व है। बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्राप्त कराने का लक्ष्य भी नीति निदेशक तत्वों में है।

शक्ति के पृथक्करण के सिद्धांत भी सम्मिलित हैं। संविधान निर्माताओं की क्षमता भी अद्भुत थी। नीति निदेशक तत्व किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तित नहीं हैं। वे किसी को सुभाषित लग सकते हैं, लेकिन वस्तुतः सबके लिए मार्गदर्शी है। संविधान में राष्ट्रजीवन के सभी संविधान निर्माता आनते थे की नई राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनम्य काम करना कठिन होगा। सामान्य बोलचाल में युवा प्रश्न करते हैं कि अमेरिका में न्यायपालिका का शासन चनता है और ब्रिटेन में संरषद कर तो भारत में फिसमा शासन चलता है? इसका सीधा उत्तर है कि भारत में संविधान का शासन है। संविधान सगुण है और निर्माण भी। रामण में रूप और चेहरा देखा जाना चाहिए और निर्गुण में आंतरिक भाग। संविधान के पक्ष में खड़े होना अर्थित भात है। अध्यात्म भाव है और सगुण उपासना है। संविधान के एक-एक वाक्य पर निष्ठा रखना उसे अंतःकरण में जगह देना निर्गुण है। कृपया, संविधान को संकीर्ण राजनीतिका बहाई का उपकरण में बनाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# साहणवासी सड़क सुविधा न होने से पलायन को मजबूर

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर क्षेत्र में पूर्व के 35वर्ष ठाकुर महेंद्र सिंह से नेतृत्व किया है और पिछले दो साल से कांग्रेस पार्टी के विधायक को यहां की जनता ने नेतृत्व सौंपा है, लेकिन यहां पर एक गांव ऐसा भी है जिसे वहां के लोग काला पानी की संज्ञा देने के लिए मजबूर हैं। साहण गांव घरवासड़ा ग्राम पंचायत के गरली वार्ड में आता है जिसके तीन तरफ ऊंचे पहाड़ व जंगल तथा प्रवेश द्वार की ओर खड्ड है और इस गांव के लिए सड़क सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है और दर्जनों परिवार यहां से पलायन करने के लिए मजबूर होकर दूसरी जगहों पर जाकर बस गए हैं।




गत सप्ताह यहां के निवासी 65 वर्षीय जीत सिंह राणा जो पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे का देहांत उनकी बेटी के घर टिहरा ग्राम पंचायत के लाम्बरी में हुआ जबकि वे चंडीगढ़ से अपने परिवारजनों पर दबाव डाल रहे थे कि वे अपने घर जाना चाहते हैं और उसी मंशा से उन्हें लाया भी गया, लेकिन उनके गांव के लिए सड़क सुविधा न होने के कारण उन्हें बेटी के घर पर ठहराया गया ताकि तबियत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाया जा सके, लेकिन किसको मालूम था कि वे अपने प्राण सड़क न होने के कारण बेटी के घर में त्यागने के लिए मजबूर होंगे।

मौत पर शोक व्यक्त करने गए पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह के साथ साहण गांव की 92 वर्षीय बुजुर्ग महिला रोशनी देवी, कांता देवी, जुधी देवी, कमर सिंह, शशी कुमार, जैसी राम, संदीप कुमार इत्यादि ने कहा कि जब जीत सिंह बीमार हुआ था तो उसे कुर्सी पर बैठकर गरली बस स्टैंड तक ले गए थे और और मौत होने पर अर्थी पर घर लाया गया।

### पेयजल आपूर्ति नहीं हुई बहाल

इस गांव के लिए जो पेयजल आपूर्ति के लिए स्कीम बनाई गई थी वह भी दो साल पहले भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हो गई थी लेकिन उसे दो साल में भी बहाल नहीं किया गया है जो सरकार व विभाग की लचर कार्यप्रणाली को ही दर्शाता है।

# पुराने मेला मैदान में होगा उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह



बैठक के दौरान मौजूद एसडीएम व अन्य अधिकारी।

**अभिषेक शर्मा, जोगिंदरनगर**

जोगिंदरनगर का उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह गत वर्षों की भांति इस बार भी पुराने मेला मैदान जोगिंदरनगर में अपूर्व भव्यता के साथ आयोजित किया जाएगा।

समारोह में एसडीएम राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी व एनएसएस की टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। समारोह में विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी मुख्य आकर्षण रहेगा।

राष्ट्रीय पर्व के इस समारोह के सफल आयोजन को लेकर आज एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों सहित गैर-सरकारी संस्थाओं व विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी शिरकत की। एसडीएम मनीश चौधरी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले शिक्षण संस्थानों से देश भक्ति, लोक कला व संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षण संस्थान से मात्र एक कार्यक्रम ही शामिल किया जाएगा। प्रस्तुत किए जाने वाले कार्यक्रम की अग्रिम जानकारी एसडीएम कार्यालय को समयबद्ध उपलब्ध करवाने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने नगर परिषद को समारोह के दौरान समुचित साफ-सफाई एवं बैठने की समुचित व्यवस्था जबकि बिजली बोर्ड के अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित बनाए रखने के भी निर्देश दिए। साथ ही जलशक्ति, पुलिस तथा अन्य सभी विभागों को भी समयबद्ध आवश्यक प्रबंध पूर्ण करने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

# अनाथ छात्रों के लिए कोचिंग संस्थानों का बनाया जा रहा पैनल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत अनाथ छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता सुनिश्चित करने हेतु प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों का पैनल बनाया जा रहा है। इन संस्थानों में अनाथ बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं यूपीएससी, हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग परीक्षा, जेईई, नीट, सीयूईटी की कोचिंग दी जाएगी। इसके अतिरिक्त इन संस्थानों में आवश्यकता अनुसार कोचिंग के साथ परामर्श, मार्गदर्शन और भावनात्मक सहायता भी अनाथ बच्चों को दी जाएगी।

उपायुक्त ने बताया कि पैनल में वहीं कोचिंग संस्थान शामिल होंगे जिन्हें 3 वर्षों का संचालन अनुभव होगा और यह हिमाचल प्रदेश राज्य में पंजीकृत हो। संस्थान का पिछले तीन वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं या शैक्षणिक परिणामों में संस्थान का न्यूनतम 40 प्रतिशत सफलता अनुपात हो। पैनल में शामिल होने वाले इच्छुक संस्थान 30 जनवरी तक जिला कार्यक्रम कार्यालय, मंडी में जमा करवा जा सकते हैं।

# पुलिस ने 13 .2 ग्राम चिट्टे सहित गिरफ्तार किया आरोपी

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



नशा संबंधी जानकारी देते पुलिसकर्मी।

जिला मंडी में हेरोइन तस्करों के खिलाफ पुलिस के विशेष अभियान में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट मंडी को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसआईयू टीम ने इंचार्ज गगनदीप सिंह के नेतृत्व में बुधवार देर रात कार्रवाई अमल में लाते हुए बस में नशे की खेप लेकर मंडी आ रहे एक 28 वर्षीय तस्कर को 13.2 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसआईयू टीम ने मामले में आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को पुलिस थाना सदर के सुपुर्द कर दिया है।

आरोपी मंडी शहर में हेरोइन बेचने के धंधे में काफी समय से सक्रिय था,जिसे पुलिस टीम ने पकड़ कर युवाओं को नशे की जद में जाने से बचा लिया है। इस हेरोइन की खेप को आरोपी पंजाब के जिला गुरदासपुर के बटाला से खरीद कर मंडी शहर में सप्लाई करने के लिए लेकर आ रहा था।

जानकारी के अनुसार जिला मंडी पुलिस की विशेष टीम एसआईयू नाकाबंदी के दौरान मंडी-पठानकोट हाइवे पर बिजणी में मौजूद थी। पालमपुर से शिमला जा रही परिवहन निगम की बस नंबर एचपी-63सी-4825 को चेकिंग के लिए रोका गया।

पुलिस टीम द्वारा बस में चेकिंग के दौरान आरोपी शिवम (28) पुत्र बृज लाल निवासी घर क्रमांक 82/12, रामनगर अप्पर मंगवाई टारना तहसील सदर जिला मंडी के कब्जे से 13.2 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस के विशेष एसआइयू टीम ने सदर पुलिस थाना के बिजणी में एक आरोपी को 13.2 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और कार्रवाई जारी है।(अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य सम्मान हेतु आवेदन 31 जनवरी तक करें

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाषा एवं संस्कृति विभाग के अंतर्गत साहित्य के क्षेत्र में विभिन्न विधाओं में पांच राज्य सम्मान स्थापित किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश मूल के साहित्यकारों को सम्मान एवं प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से चलाई जा रही राज्य सम्मान योजना के अंतर्गत हिंदी ,संस्कृत, उर्दू ,पहाड़ी व हिमाचली संस्कृति पर लेखन हेतु पांच राज्य सामानों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 31 जनवरी 2025 तक बढ़ा दी गई है। अतः राज्य सम्मान हेतु वर्ष 2021 से 2023 तक प्रकाशित पुस्तकों की चार-चार प्रतियां दिनांक 31 जनवरी 2025 तक जीवन वृत्त सहित निदेशक, भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला- 9 को भेज सकते हैं।

### घर का खर्चा चलाने में असमर्थ हुए जलरक्षक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** लगभग तीन चार महीने से वेतन न मिलने से आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। जलरक्षक पंचायत के माध्यम से सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं उसके बावजूद भी उन्हें समय पर वेतनमान नहीं मिलना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है । जलरक्षक काफी लंबे समय से सरकार के समक्ष अपने प्रमुख मांगे जो जल रक्षक 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर चुके हैं उन्हें रेगुलर किया जाए, जल रक्षक का कांटेक्ट पर आने का टाइम पीरियड 12 वर्ष से घटकर 8 वर्ष किया जाए, पूर्ण रूप से जल शक्ति विभाग के अधीन किया जाए आदि हैं जो अभी तक पूरी नहीं हो पाई है। जल रक्षक महासंघ प्रदेश अध्यक्ष जवालू राम ने सरकार से आग्रह किया है कि मांगों को जल्द पूरा किया जाए ।

### तृषा को मिलेगी एक लाख 80 हजार की स्कॉलरशिप



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** स्वर्ण जयंती मिडिल मेरिट स्कॉलरशिप 2024- 25 के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला आरन कोठी सुंदरनगर-1 से तृषा ठाकुर सुपुत्री रमेश कुमार निवासी आरनकोठी ने जिला मंडी में 12 वां स्थान प्राप्त किया है। जिसके लिए तृषा ठाकुर को पीएम श्री राजकीय प्राथमिक पाठशाला पुराना बाजार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में डीपीओ मंडी द्वारा तृषा ठाकुर को सम्मानित किया गया। इस परीक्षा को पास करने पर बच्ची को आठवीं तक 1 लाख 80 हजार रुपए की राशि स्कॉलरशिप के तौर पर सरकार द्वारा दी जाएगी।

### बीबीएमबी जलाशय सुंदरनगर से शव बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीबीएमबी जलाशय सुंदरनगर के शीशमहल के समीप वीरवार को एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। पानी में शव को बहते हुए देख इसकी सूचना पुलिस थाना सुंदरनगर को बीबीएमबी जलाशय प्रबंधन द्वारा दी गई। इस पर पुलिस टीम ने एएसआई अश्विनी कुमार के नेतृत्व ने मौके पर पहुंच को शव को जलाशय से बाहर निकाल कर कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मौके पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया है। जानकारी अनुसार जलाशय से बरामद शव महिला का है और उसकी उम्र लगभग 50 से 55 के बीच प्रतीत हो रही है। महिला ने कानों में सोने की बालियां, दोनों हाथों में सोने के कंगन और सोने की अंगूठियां पहन रखी हैं। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है।

### खिलड़ा में जमीनी विवाद को लेकर केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना के तहत खिलड़ा गांव में जमीनी विवाद के चलते लड़ाई-झगड़ा करने और बिना अनुमति के पेड़ काटने पर चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में मीना देवी पत्नी दयानंद निवासी गांव खिलड़ा डाकघर मेरामसीत ने कहा है कि जमीनी विवाद को लेकर स्थानीय निवासी हेमचंद, निर्मला, घनश्याम व दीपा उसके साथ लड़ाई झगड़ा करते है और अपनी गोशाला की पानी की निकासी व उसकी गोशाला की तरफ करते है। इस कारण उसे नुकसान हो रहा है। महिला ने आरोपियों पर बिना अनुमति के 6-7 पेड़ काटने का भी आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने बताया प्राथमिकी दर्ज कर कार्यवाही आरंभ कर दी गई है।

### उपभोक्ता 15 तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, लडभड़ोल।** विद्युत उपमंडल लडभड़ोल के अंतर्गत विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं से उनके विद्युत मीटर संख्या को आधार कार्ड से जोड़ने के लिए 15 जनवरी तक ई-केवाईसी पूरी करने की अपील की है। यह जानकारी उपमंडल के कार्यकारी सहायक अभियंता मुकेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि विद्युत कर्मचारी जब उपभोक्ताओं के घरों में बिजली का बिल जारी करने के लिए आएंगे, तो उस समय ई-केवाईसी के लिए आवश्यक दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड और मोबाइल नंबर, पहले से तैयार रखें। इससे ई-केवाईसी की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सकेगी।

### दुकान से 3 हजार मिलीलीटर शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस चौकी निहरी के दल ने करियाना की दुकान में अवैध रुप से बेचने को रखी 3 हजार मिली लीटर अवैध शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार निहरी पुलिस चौकी के दल गांव कांडा कुफरी में गश्त पर था। इस दौरान पुलिस ने छापेमारी कर श्याम लाल निवासी गांव कांडा कुफरी की करियाना की दुकान से 3 हजार मिली लीटर अवैध शराब बरामद की। पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्यवाही आरंभ कर दी गई है।

### 12 को होगा विवेकानंद छात्रावास बाड़ी में उत्सव

**अनंत ज्ञान, मंडी।** स्वामी विवेकानंद छात्रावास बाड़ी का वार्षिक उत्सव समारोह 12 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में सह प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चंद्र प्रकाश होंगे जबकि मुख्यातिथि के रूप में डीएवी स्कूल मंडी के प्रधानाचार्य कुलदीप गुलेरिया होंगे। रतन जवैलर्ज के एमडी एवं सोच संस्था के संस्थापक राजा सिंह मल्होत्रा विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। सेवा भारती हिमाचल प्रदेश स्वामी विवेकानंद छात्रावास बाड़ी के अध्यक्ष खेम चंद शस्त्री ने बताया कि समारोह प्रातः 11 बजे से शुरू होगा। समारोह में छात्रावास के बच्चे इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान मुख्यवक्ता का बौद्धिक भी प्राप्त होगा

# पक्की नहीं हो पाई स्वतंत्रता सेनानी के घर को जाने वाली सड़क

**भीम बसेड़ू, महादेव**

लाहौर में अंग्रेजों के नाकों में दम करने वाले स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर गोकल सिंह के घर को आज तक पक्की सड़क सुविधा नहीं मिल पाई है। बिलासपुर जिला के झंडूता विकास खंड की ग्राम पंचायत सनीहरा के यहां यानि ध्रैण से गंगलोह वार्ड एक की ओर जाता संपर्क मार्ग आजादी के इतने वर्ष बाद भी पक्का नहीं हो पाया है।

वार्ड नंबर एक के वाशिंदे ठाकुर गोकल सिंह के प्रपौत्र मलकीत सिंह जो आज भी सेनानी के पुश्तैनी घर को संभाले हैं ने बताया कि सड़क सुविधा के लिए अपनी व्यक्तिगत भूमि देने के बावजूद भी इस सड़क को सरकार



आज तक पक्का नहीं कर पाई है। स्वतंत्रता सेनानी गोकुल सिंह के दोनों बेटे भी सड़क सुविधा की मांग करते करते स्वर्ग सिधार गए हैं। उनकी बार-बार की मांग सरकार और संबंधित विभाग पूरी नहीं कर पाया है। गांव के निवासी मलकीत सिंह, भाग सिंह आदि ने बताया की वार्ड नंबर सड़क की सुविधा दी जानी अनिवार्य है। (अनंत ज्ञान)

# महावीर स्कूल में मिलेगी नीट और जेई की कोचिंग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

देश के प्रतिष्ठित आकाश कोचिंग संस्थान से कोचिंग लेने के लिए प्रदेश के युवाओं को बाहरी राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा। आकाश एजुकेशन सर्विसेज लिमिटेड की ओर से शहर के महावीर पब्लिक स्कूल परिसर में नीट और जेई की कोचिंग सुविधा मिलेगी।

महावीर पब्लिक स्कूल की निदेशक अनुराधा जैन ने आकाश के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त वार्ता कर बताया कि इससे पूर्व प्रदेश के युवाओं को कोचिंग के लिए बाहर जाना पड़ता था। महावीर पब्लिक स्कूल ने आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के साथ यहां पर ही इसे शुरू करने का सकारात्मक निर्णय लिया है। इससे जहां बच्चों को घर से दूर नहीं जाना



पड़ेगा वहीं इन पेपर्स की तैयारी कर रहे बच्चों को अभिभावकों का भावनात्मक सहयोग मिलेगा जो इस तरह की परीक्षाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। सुंदरनगर में आकाश कोचिंग की कक्षाएं शुरू होने से बच्चे को जहां घर का माहौल मिलेगा वहीं खर्चा भी कम आएगा।

वहीं आकाश कोचिंग की ओर अशोक भारद्वाज, आकाश और आमीर ने बताया कि आकाश की इससे पूर्व हमीरपुर, शिमला और कुल्लू में भी कक्षाएं चल रही हैं। इसके उपरांत प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी शाखाएं खोले जाने की योजना है। उन्होंने कहा कि उनके यहां नीट और जेई की तैयारी उच्च स्तर पर करवाई जाती है।

राष्ट्रीय स्तर के टेस्ट समय समय पर करवाए जाते हैं। इससे बच्चे को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी रैंकिंग भी पता चल जाती हैं। वहीं अभिभावक भी अपने बच्चे की हर सब्जेक्ट की परफॉर्मेंस देख पाएंगे। समय-समय पर पीटीएम करवाकर भी अभिभावकों को बच्चों की स्थिति से पूरी पारदर्शिता के साथ अवगत करवाया जाता है।

# लोहड़ी पर होगा कवि सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** हिम साहित्य परिषद द्वारा लोहड़ी के उपलक्ष में 13 जनवरी को प्रातः 11 बजे सुंदरनगर के देहरी में स्थित वृद्धाश्रम के सभागार में कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी परिषद अध्यक्ष डॉ. पंकज ने दी।

उन्होंने कहा कि इस हेतु सभी कविगणों को सादर आमंत्रण है। बता दें कि यह परिषद वर्ष 1992 से कार्यरत है। जो कि अब तक कई साहित्यिक आयोजन और कवि सम्मेलन आयोजित करवा चुकी है। संस्था द्वारा अनेकों विभूतियों को सम्मानित भी किया गया है। जबकि परिषद के नाम से अनेकों पुस्तकों का प्रकाशन भी हुआ है। इस दौरान उन्होंने इस सम्मलेन में शामिल होने का आह्वान किया है।

# शैलबाला स्कूल में सम्मानित किए मेधावी

**रितेश, सरकाघाट**

शैलबाला राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलद्वाड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पवन ठाकुर पूर्व महासचिव हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यातिथि के रूप में पधारे । कार्यक्रम अध्यक्षता प्रधानाचार्य शकुंतला ठाकुर ने की। प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। इसके साथ अन्य अतिथियों को गेस्ट ऑफ ऑनर्स का सम्मान देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य महोदय ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और वर्ष भर में संपन्न गतिविधियों का पूरा ब्यौरा



दिया। इस अवसर पर पढ़ाई और अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे माहिरा, श्रुति, दिया, शगुन, एंजेल, अक्षिता, ठाकुर शिवप्रताप, लक्ष्मी, आदित्य, आस्था धीमान, भामिनी पंडित, स्मृति, मोहित, करन, जास्मीन, शौर्य पाराशर, गौरी, अक्षत चंदेल, अतुल, श्रुति, कृतिका, काजल, नीलम अर्पणा, मुस्कान, अंजलि, उमेश, हुसन लाल, राधिका, कंचन, संजीव, विपुल, भानु देवी, अक्षय कुमार, प्रियंका, तान्या अंजली शर्मा, भाव्या, कनिका, राधिका, शिवानी, सोनाली, काजल, कंचन, अक्षय, ध्रुव, रोहित, संजीव, विपुल, विवेक, अनीश, अनीश मोदगिल, व अवतार। सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति में श्रुति और भामिनी पंडित तथा पंकज कुमार को मुख्यातिथि ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सुनील शर्मा, हंसा देवी प्रधान, लश्करी राम, राज कुमारी सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल थाना सुंदरनगर की टीम ने गश्त के दौरान चांगर में एक घर में छापेमारी कर वहां से अवैध रूप से बेचने के लिए रखी 12 बोतल अंग्रेजी और 9 बोतल देसी शराब बरामद की है।

जानकारी के अनुसार थाना का दल चांगर में गशत पर था। पुलिस को सूचना मिली की चांगर में अवैध रूप से एक व्यक्ति शराब की बिक्री करता है। पुलिस ने आरोपी चरण दास के घर पर छापामारी कर वहां से 12 बोतल रायल स्टैग और 9 बोतेल संतरा की बरामद की। पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्यवाही आरंभ कर दी है।

# सरकाघाट स्कूल के बच्चों ने रोड सेफ्टी को लेकर निकाली रैली




रैली निकालने के दौरान मौजूद विद्यार्थी व साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

पीएम श्री गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सरकाघाट में आज रोड सेफ्टी क्लब के द्वारा एक रैली निकाली गई, जिसकी अध्यक्षता स्थानीय पाठशाला के प्रधानाचार्य सुरेश पठानिया द्वारा की गई।

रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी डॉक्टर राहुल सुमन ने बताया कि इसमें 450 बच्चों ने रैली में भाग लिया और जिसमें 150 बच्चों ने ड्राइंग पेंटिंग नारा लेखन निबंध लेखन में अपनी प्रतिस्पर्धा का लोहा मनवाया। सब इंस्पेक्टर जय कुमार शर्मा ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में अवगत करवाया।

# सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल ने मनाया वार्षिक उत्सव

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**



सरस्वती विद्या मंदिर हाई स्कूल बालीचौकी ने वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया। इस दौरान सेवानिवृत प्रधानाचार्य जीवानंद चौहान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मेधावी छात्र: व छात्राओं को पुरस्कृत किया।

सरस्वती विद्या मंदिर संस्थान के प्रबंधन निदेशक महेन्द्र सिंह ठाकुर ने सभी मेहमानों का अभिवादन किया। पाठशाला के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह ठाकुर ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी,और संस्थान के स्थापना वर्ष 2003 के उपरांत अब तक की गतिविधियों को लेकर जानकारी दी। स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्षा फालमा देवी ने भी छात्रों और अध्यापकों को संबोधित किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त अध्यापक तुलसी राम, मुनीश कुमार, पारुल महंत सहित कई अन्य लोग भी शामिल हुए।(अनंत ज्ञान)

# बिजली रहेगी बंद

अनंत ज्ञान
बिजली बंद

**मंडी।** 22 केबी बीर फीडर में 10 जनवरी को फिडर की रिकंडक्टरिंग तथा जरूरी मरम्मत का कार्य किया जाएगा। कार्य के दृष्टिगत विद्युत अनुभाग बीर की ग्राम पंचायत कठवाड़ी, सदोह, बरयारा, नलहोग, डोलरा बल्ह, खडकल्याणा तथा साथ लगते क्षेत्र में 10 जनवरी को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। मौसम खराब होने की स्थिति में कार्य अगले दिन किया जाएगा। यह जानकारी सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल साईगलू हुकम चंद ने दी।

# पेंशनर्स मांगें पूरी न होने पर करेंगे आंदोलन : शास्त्री

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर चौंतड़ा खंड की मासिक बैठक मिनी सचिवालय जोगिंद्रनगर के सभागार में संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में संघ के सक्रिय सदस्य हीरा सिंह ठाकुर तथा वृजगोपाल अवस्थी की माता शारदा अवस्थी के देहावसान पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों और समस्याओं पर गहन चर्चा की गई। वक्ताओं ने सरकार द्वारा वित्तीय लाभों को समय पर न देने



बैठक के दौरान मौजूद पेंशनर्स व अन्य।

पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो पैंशनर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। पेंशनरों ने महंगाई भत्ते का बकाया एरियर तुरंत जारी करने और 2016 से 2022 के बीच सेवानिवृत्त पेंशनरों की वेतन संशोधन की बकाया राशि शीघ्र भुगतान करने की मांग की। वक्ताओं ने सरकार से इस दिशा में सहानुभूतिपूर्ण कदम उठाने का आग्रह किया।

संघ के प्रधान नेक राम शास्त्री ने सभी पेंशनरों से अपील की कि आगामी अप्रैल में होने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए संघ की सदस्यता बढ़ाने के लिए प्रयास करें, जिससे संघ को और मजबूत बनाया जा सके।

**मांग** छोटा भंगाल व चौहार घाटी को जनजातीय क्षेत्र घोषित करने की मांग फिर उठी, कहा-

# जनजातीय आरक्षण के बिना विकास की कल्पना मुश्किल

**अनंत ज्ञान, बरोट**

छोटाभंगाल व चौहार घाटी को जनजातीय क्षेत्र घोषित करने की मांग स्थानीय लोगों द्वारा एक बार फिर से उठने लगी है। दोनों घाटियों के लोगों का कहना है कि जनजातीय आरक्षण के बिना यहां का समुचित विकास की कल्पना करना भी मुश्किल है।

जिला परिषद सदस्य पवना देवी तथा शारदा देवी ने बताया कि घाटियों के अधिकांश गांव अब भी सड़क व परिवहन सुविधा से वंचित है और यहां पर औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान भी नहीं है।

उनका कहना है कि दोनों घाटियों में प्राथमिक पाठशालाओं से लेकर जमा दो तक की पाठशालाएं है और छोटाभंगाल घाटी में एक महाविद्यालय भी स्थित है मगर उसके आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को घाटियों से कई-कई किलोमीटर दूर में स्थित औधोगिक प्रशिक्षण केंद्रों में जाना पड़ता है।

उन्होंने कांगड़ा-चंबा के नवनिर्वाचित सांसद राजीव भारद्वाज और मंडी की सांसद कंगना रनौत से मांग की है कि इन दुर्गम घाटियों को जनजातीय दर्जा दिलवाने के लिए यहां का दौरा कर विकास कार्य में योगदान दें।

### नई पंचायत को नहीं पशु औषधालय की सुविधा


**चौहार** घाटी के अंतर्गत आने वाली खलैहल पंचायत के समस्त लोग प्रदेश सरकार से एक पशु औषधालय खोलने की मांग तथा मियोट से धरोट नामक स्थान तक सड़क मार्ग के निर्माण की मांग को एक बार फिर से प्रमुखता से उठाया है। खलैहल पंचायत के चार गांवों के लोगों का कहना है कि नई पंचायत के पशुपालकों को पशु औषधालय की सुविधा नहीं मिल पा रही है।

### फिल्टर टैंकों का निर्माण जरूरी

**घाटियों** के अधिकांश गांवों में फिल्टर टैंकों का निर्माण नहीं किया गया है जिसके चलते आजकल दोनों घाटियों के समस्त लोगों ने पानी के फिल्टर टैंक बनाने की मांग को लेकर एक बार फिर से आवाज को बुलंद की है। लोगों ने सरकार तथा जल शक्ति विभाग से मांग करते हुए कहा कि हर गांवों में लोगों को शुद्ध पानी की व्यवस्था प्रदान करने के लिए फिल्टर टैंकों का निर्माण करना अति आवश्यक है साथ ही हर जगह के पानी की गुणवता को देखते हुए पानी से संबंधित जागरूकता शिविर भी लगाए जाएं

# सुक्खू सरकार के व्यवस्था पतन का उदाहरण बनी ट्रेजरी : प्रशांत शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



पिछले दो महीने से ट्रेजरी बंद होना सुक्खू सरकार की विफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है और बताता है की हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था की क्या दुर्दशा वर्तमान सरकार ने करके रख दी है।

भाजपा मीडिया पैनलिस्ट प्रशांत शर्मा ने प्रदेश के लगातार बिगड़ रहे आर्थिक हालातों पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए ये बातें कही। उन्होंने कहा की प्रदेश के हजारों ठेकेदार जो लोक निर्माण और अन्य विभागों में छोटे छोटे काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं आज अपनी ही कमाई को तरस रहे हैं। पिछले लगभग दो महीनों से ट्रेजरी से किसी का भी भुगतान नहीं हो पा रहा है और बैंकों से कर्ज लेकर कार्य कर रहे लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार अनेक आर्थिक और सामाजिक समस्याओं से जूझ रहे हैं जिसका एक मात्र कारण प्रदेश की सुक्खू सरकार और उसका उदासीन रवैया है।

उन्होंने कहा की एक तरफ तो राज्य सरकार एक के बाद एक टैक्स लगाकर जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है तो दूसरी तरफ जनता को मिलने वाली सुविधाओं पर कैंची चलाकर हर वर्ग के साथ छल और ठगी कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से जागरूक किए लोग




**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** 6 से 10 जनवरी तक राजकीय आदर्श माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना का मेगा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के शिक्षा निदेशक उच्च डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत की। शिविर के दौरान, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया। डॉ. अमरजीत कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य छात्रों को सामाजिक कार्यों में भागीदारी के लिए प्रेरित करना है, जिससे वे न केवल अपनी शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें, बल्कि समाज की सेवा भी कर सकें। इस अवसर पर शिक्षा उपनिदेशक सोमनाथ धीमान, पूर्व प्रधानाचार्य योगराज भारद्वाज, स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर, राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी लोकेश, मुकेश कुमार, ललिता, दिलेराम, रायसिंह रावत, राम भरज शर्मा आदि उपस्थित थे।

### छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौकीमन्यार स्कूल में एकदिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आयुर्वेद स्वास्थ्य केंद्र चौकीमन्यार के स्वास्थ्य प्रभारी डॉ. अतुल ने स्कूली छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा ठंड से बचने हेतु गर्म पानी पीने तथा गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करने हेतु जागरूक किया। वहीं, पर जंक फूड से दूर रहने की सलाह दी। वहीं, पर अपने घरों तथा आसपास स्वच्छता का ध्यान रखने हेतु जागरूक किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य मनोहर लाल शर्मा, मीडिया प्रभारी विजय शर्मा, प्रवक्ता अश्वनी चौधरी, संजीव रांगड़ा, अशोक कुमार, संजीव कुमार, विरेंद्र ठाकुर सहित अन्य स्टाफ सदस्यों सहित स्वास्थ्य विभाग व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### नशा, नींद और लापरवाही दुर्घटनाओं का कारण



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पिरथीपुर में वीरवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी पूर्णा देवी ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि वेशक आज हमनें सड़कों का जाल बिछा दिया है और जिंदगी आसान बना दी है, लेकिन यातायात के नियमों का पालन करना बेहद ही जरूरी है अन्यथा जिन्दगी से हाथ धोना पड़ सकता है। नशा, नींद, लापरवाही और सड़क नियमों की अवहेलना सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण हैं। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए बच्चो द्वारा रैली भी निकली गई। इस मौके पर कार्यकारी प्रधानाचार्य पूनम देवी, अजय कुमार, हर्बिंद्र सिंह, सुलोचना राणा, अमित कुमार, भारती शर्मा, सुशील पठानिया, श्वेता, अंजना, मंजीत, रेनू बाला, सुनंदा, लेखराज आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन परियोजना पर मंथन



**अनंत ज्ञान, ऊना।** राष्ट्रीय राजमार्ग 503 (अंब से झलेड़ा) और राष्ट्रीय राजमार्ग 70 (नया एनएच 03, जालंधर-होशियारपुर-गगरेट-अंब-नादौन) के फोरलेन विस्तारीकरण के लिए ऊना में जन परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर ने की। परियोजना की क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित इस बैठक में संबंधित उपमंडलों के एसडीएम, जन प्रतिनिधि और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मार्ग संरेखण प्रस्ताव (अलाइनमेंट प्रपोजल) पर विस्तार से चर्चा हुई। हितधारकों ने मूल्यवान सुझाव दिए, जिन पर अतिरिक्त उपायुक्त ने क्रियान्वयन एजेंसी को विचार कर अंतिम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं को पहले से ही ध्यान में रखते हुए अंतिम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करें, ताकि आगे परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। बैठक में एसडीएम अंब सचिन शर्मा, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम, एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान, विभिन्न हितधारक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी और क्रियान्वयन एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# किसानों के आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ते कदम

## 'सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती' योजना का उद्देश्य शून्य लागत पर जहर मुक्त खेती करना है : परियोजना निदेशक

**राजेश शर्मा, ऊना**

परियोजना निदेशक आतमा कृषि विभाग ऊना वीरेंद्र कुमार बग्गा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार द्वारा समय-समय पर किसानों के हित में विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं ताकि किसानों की आर्थिकी में सुधार आ सके। इन योजनाओं के द्वारा किसानों को विभिन्न प्रकार के आदानों पर अनुदान दिया जाता है।

जिला ऊना के दो विकास खंड ऊना एवं हरोली में किसान वर्ष 2018 से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं जिनका संचालन संतोष शर्मा, उपपरियोजना निदेशक ऊना कर रही हैं। वर्ष 2018 में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 'सुभाष पालेकर प्राकृतिक खेती' को शुरू किया गया। इस योजना का उद्देश्य किसानों द्वारा शून्य लागत पर जहर मुक्त खेती करना है तथा रसायनों पर आधारित खादों, खरपतवार नाशकों, फफूंद नाशकों तथा कीटनाशकों के उपयोग पर खेती में प्रतिबंध लगाना है ताकि मृदा, पानी, पेड़-पौधे, जल एवं वायु आदि रसायन मुक्त हों तथा मनुष्य को खाने-पीने के लिए रसायन रहित पोष्टिक खाद्य सामग्री प्राप्त हो सके।

हम जानते हैं कि आज इन रसायनों के खेती में बढ़ते उपयोग ने मनुष्य के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डाला है तथा जीवन के लिए घातक कैंसर जैसी भयानक / लाइलाज बीमारियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

इन्हीं दुष्प्रभावों को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा 'प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना' हिमाचल प्रदेश राज्य में शुरू की गई। वर्ष 2018 में चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय में ऊना एवं हरोली के किसानों को प्रशिक्षण दिया गया।

यह प्रशिक्षण पद्मश्री सुभाष पालेकर द्वारा दिया गया। इस प्रशिक्षण में किसानों ने प्राकृतिक खेती के विभिन्न स्तंभों के बारे में जानकारी प्राप्त की है तथा इस खेती में देसी गउओं की विभिन्न नस्लों की भूमिका से संबधित प्रशिक्षण दिया गया। इस खेती में किसान अत्याधिक रुचि ले रहे हैं और प्रतिवर्ष प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा), कृषि विभाग द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)



प्राकृतिक खेती की किसान से जानकारी लेते गणमान्य।

### प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना

इस योजना के माध्यम से किसानों को देसी गाय की विभिन्न नस्लों जैसे साहिवाल, राठी, रेड सिंधी, थारपारकर, गिर, कांक्रेज, ओंगोले, देसी पहाड़ी तथा देसी हरियानवी इत्यादि खरीदने पर 25000 तथा यातायात के लिए 5000 की सहायता दी जाती है, ड्रम खरीदने पर 75 फीसदी अनुदान जैसे 50- 200 लीटर क्षमता वाले तीन ड्रमों की खरीद पर 2250 रुपए का अनुदान मिलता है व गोमूत्र इकट्ठा करने के लिए फर्श बनाने पर 8000 रुपए की सहायता, संसाधन भंडार चलाने हेतु 10000 रुपए की सहायता का प्रावधान है।

### डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेज फार इनपुट डीलर्स

**इस** कार्यक्रम के अंतर्गत ऊना जिले के इनपुट डीलर्स को एक साल का डिप्लोमा करवाया जाता है, जिसमें 40 प्रतिभागी होते हैं ताकि वे कृषि के विभिन्न पहलुओं से परिचित हो सकें और किसानों को और अच्छी सेवाएं प्रदान कर सकें। यह डिप्लोमा 48 सप्ताह का है, जिसमें 40 कक्षाएं तथा 8 विभिन्न संस्थानों और किसानों के खेतों के भ्रमण दौरे हैं। यह कार्यक्रम अवकाश वाले दिन रविवार को ही रखा जाता है ताकि इनपुट डीलर्स के व्यवसाय पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और अब तक देसी डिप्लोमा के 6 बैच पूरे हो चुके हैं तथा 7 बैच का डिप्लोमा कोर्स शुरू हो गया है। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आतमा केंद्र प्रायोजित योजना में किसानों के लिए प्रशिक्षण, प्रदर्शनी प्लाट इत्यादि का प्रावधान है।

ऊना जिले में प्राकृतिक खेती की इस पद्धति को सुचारु तरीके से करने के लिए वर्ष 2018 से 2024 तक हरोली एवं ऊना विकास खंडों के किसानों को 2739 प्लास्टिक ड्रम, 88 देसी गाय, 31 नंबर संसाधन भंडार तथा 119 किसानों को फर्श बनाने पर (गोमूत्र इकट्ठा करने के लिए) सहायता दी जा चुकी है। इन दोनों विकास खंडों में 6131 किसानों को प्राकृतिक खेती करने का प्रशिक्षण दिया जा चुका है तथा 5090 किसान 804.6 हेक्टेयर (20115.00 कनाल) क्षेत्रफल पर सफलतापूर्वक प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। वर्ष 2024 में प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत दोनों विकास खंडों में कुल 200 साइकिल हल वितरित किए गए हैं। हमें आशा है कि (आतमा) आने वाले समय में नए आयाम स्थापित करेगा।

भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित यह योजना हरोली तथा ऊना ब्लॉक में चलाई जा रही है, जिसमें 1973 किसानों का पंजीकरण किया जा चुका है तथा किसानों की क्षमता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण शिविर तथा भ्रमण दौरों का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना के द्वारा ऊना तथा हरोली विकास खंड के कलस्ट्रेन में 635 हेक्टेयर क्षेत्रफल को प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही इस स्कीम के अंतर्गत किसानों को अनुदान पर प्लास्टिक ड्रम भी दिए जाते हैं। इन दोनों विकास खंडों का अवलोकन संतोष शर्मा (उपपरियोजना निदेशक, आतमा - (98050 - 88750) कर रही हैं। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया कि प्राकृतिक खेती से जुड़ी सभी बातों की जानकारी के लिए विकास खंडों में नियुक्त एटीएम एवं बीटीएम से संपर्क करें।

### टीबी अभियान के तहत लोगों के किए एक्स-रे



**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल।** हरोली खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सिंह राणा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत गोंदपुर जयचंद में 100 दिन टीबी अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग 190 लोगों के एक्स-रे किए गए और टीबी (क्षयरोग) के लक्षणों, बचाव और उपचार के बारे में जानकारी दी गई। यह अभियान समाज को स्वस्थ बनाने और टीबी जैसी गंभीर बीमारी से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत प्रधान अनूप अग्निहोत्री ने सक्रिय भूमिका निभाई और ग्रामीणों को इस अभियान का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य विभाग से रामपाल (एमएचएस), विक्रांत चौहान (एमएचडबल्यू), नितिन (एक्स-रे टेक्निशियन), मनोज कुमार, धर्मपाल, कुलवंत कौर, और रितु रानी ने अपनी विशेष सेवाएं प्रदान कीं। इसके साथ ही, आशा वर्करों ने इस अभियान में सक्रियता से भाग लिया और घर-घर जाकर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को टीबी के प्राथमिक लक्षणों जैसे लगातार खांसी, बुखार, वजन घटना, और कमजोरी के बारे में बताया।

# सुमित के शानदार प्रदर्शन से ऊना सेमीफाइनल में

**संजीव पुरी, ऊना**

अंडर 14 जिला स्तरीय प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में ऊना का मुकाबला कांगड़ा के साथ पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में आरंभ हुआ। कांगड़ा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट पर 144 रन बनाए। यश चौधरी ने 35 रन, जबकि ईशान धीमान ने 40 रन बनाए। सुमित संधू ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3, जबकि पारस और वैभव शर्मा ने दो-दो, समीर और आरव जसवाल ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

ऊना की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 10 विकेट पर 307 रन बनाए। इसमें समीर सिंह ने 96 रन, जबकि अनिरुद्ध शर्मा ने 72 रन बनाए। मानव ठाकुर ने 3 खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि भावेश ठाकुर ने 4 खिलाड़ी को आउट किया, नमन ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, जबकि राघव हीरो ने एक खिलाड़ी को आउट किया। दूसरी पारी में कांगड़ा की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 62 रन बनाए। अक्षित राणा और सुमित संधू ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया परंतु पहली पारी बढ़त के आधार पर ऊना की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

### शिमला ने चंबा को 32 रन से हराया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंडर-14 क्वार्टरफाइनल मुकाबला चंबा और शिमला के बीच में स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में आरंभ हुआ। शिमला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट खोकर 89 रन बनाए। अर्णव शर्मा ने 18 रन, संभव शर्मा ने 28 और आरव शर्मा ने 16 रन बनाए। अर्थब ठाकुर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 खिलाड़ियों का आउट किया, इशांत ठाकुर ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। चंबा की टीम ने अपनी पहली पारी में 132 रन बनाए। रघुवीर अग्निहोत्री ने 66 रन बनाए। सर्वेश ने तीन, आरव शर्मा, एस मेहता और अर्णव शर्मा ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। शिमला की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 138 रन बनाए, जबकि जे. शांडिल ने नावाद 38 रन बनाए। रघुवीर अग्निहोत्री ने पांच, ऑर्थव ठाकुर ने दो खिलाड़ियों का आउट किया, जबकि दो खिलाड़ी रन आउट हुए। चंबा की टीम पहली पारी में बढ़त बनाने के बाद भी अपने लक्ष्य को प्राप्त न कर सकी। चंबा की टीम मात्र 61 रन पर ऑलआउट हो गई। आरव शर्मा ने 6, अर्णव शर्मा ने दो, सर्वेश और एस मेहता ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। शिमला की टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए चंबा की टीम को 32 रन से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया।

### मंडी को पहली पारी की बढ़त के आधार पर मिली जीत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंडर-14 जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जवाहर नवोदय विद्यालय ऊना पेखुवेला में दो दिवसीय मैच मंडी और सोलन के बीच में आरंभ हुआ, जिसमें मंडी की टीम ने पहले खेलते हुए 10 विकेट पर 140 रन बनाए। समर्थ ठाकुर ने चार, जयंत सिंह ने तीन, उदयवीर ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। सोलन की टीम ने अपनी पहली पारी में 80 रन बनाए। आदीश मनिहास ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 और अर्णव ठाकुर ने चार खिलाड़ियों का आउट किया। दूसरी पारी में मंडी की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 65 रन बनाए। मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया। पहली पारी की बढ़त के आधार पर मंडी की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।



अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में ऊना की टीम में खेलने वाले खिलाड़ी।

### आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर संतोषगढ़ पहुंचे, बोले-

# प्रदेश में अनुसूचित जाति समाज हो रहा प्रताड़ित

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उत्तर प्रदेश के नगीना लोकसभा से सांसद एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन सहित आजाद समाज पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर आजाद नगर परिषद संतोषगढ़ पहुंचे तथा उन्होंने दिवंगत पार्टी कार्यकर्ता रहे हनीश बंगड़ के परिवार से भेंट की। बीते वर्ष सड़क हादसे में जान गंवाने वाले हनीश की माता अंजना देवी से भेंट कर उनका ढाढस बंधाया, साथ ही हनीश द्वारा आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी भारत एकता मिशन संगठन के लिए कार्यों को याद किया।

परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आश्वासन दिया। परिवार में उनकी माता अंजना के अलावा बहन प्रियंका व भाई मनीष बंगड़ भी मौजूद रहे। सभी से मिलकर चंद्रशेखर आजाद भावुक भी हुए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय गुरु रविदास मंदिर में माथा टेका। चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि हनीश बंगड़ पार्टी और संगठन के लिए समर्पित था। वह सदा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भी अनुसूचित जाति समाज प्रताड़ित हो रहा है। ताजा मामला ऊना के बहडाला का पता चला है। यहां एक स्थानीय आईटीबीपी जवान को रास्ते की मांग को लेकर धरने पर बैठना पड़ रहा है। यह बहुत ही निंदनीय है स्थानीय प्रशासन और सरकार इस पर उचित समाधान जल्द से जल्द करे, अन्यथा भीम आर्मी कार्यकर्ता इस रास्ते की लड़ाई को बड़े स्तर पर लड़ेगी।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आईटीबीपी जवान और ग्राम पंचायत वासियों को रास्ते के संबंध में समाधान मिले, इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर समाधान की मांग करेंगे।

इस दौरान भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष रवि दलित, जिला अध्यक्ष जरनैल सिंह, एडवोकेट नरेश कुमार व हरि चंद संधू, नरेश कुमार कतनोरिया, हितेश माही, मुकेश सहजल, रिंकू सहजल, रवि कांत बस्सी, आशु दघोड़, गुरु रविदास सभा सन्तोषगढ़ के प्रधान बैंस, अशोक बस्सी, कश्मीरी लाल सिंघा, सुरिंदर बस्सी, सुलिन्दर चोपड़ा, जगबीर सिंह, राहुल, नरेश सिंघा सहित अन्य मौजूद रहे।



सड़क हादसे में जान गंवाने वाले हनीश के परिवार से भी उन्होंने मुलाकात की।

### वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन की बैठक 13 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अरनियाला वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन की सामान्य सभा बैठक 13 जनवरी को सुबह 10.30 बजे सीनियर सिटीजन भवन, गांव अरनियाला लोअर में एसोसिएशन के प्रधान राजेश सैनी की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के महामंत्री देव राज सैनी ने बताया कि इसी दिन हर वर्ष की तरह, लोहड़ी का पर्व भी वरिष्ठ नागरिकों द्वारा मिलजुलकर मनाया जाएगा। सर्वप्रथम हवन यज्ञ होगा। इसके बाद सीनियर सिटीजंस की समस्याओं और उनके समाधान बारे चर्चा होगी तथा बाद दोपहर एक बजे प्रीति भोज होगा।


**The Institute of Hotel Management, Catering Technology & Applied Nutition Society (IHM), Hamirpur Himachal Pradesh-177001**
**Consolidated Income & Expenditure for the year ended 31.03.2024**

| Expenditure | Amount Rs. |
|---|---|
| To Outsourced Manpower Expenses | 5,915,613.00 |
| To Advertisement Exp A/c | 22,467.00 |
| To Audit Exp A/c | 41,300.00 |
| To Bank Charges | 266.39 |
| To Cartage & Conveyance Exp A/c | 4,032.00 |
| To Electricity Exp A/c Building institute | 315,081.00 |
| To Electricity Exp - Hostel A/c | 231,805.00 |
| To Electricity Exp-LWSS A/c | 197,028.00 |
| To EPF Employer Contribution | 1,615,643.00 |
| To Examinantion fee | 979,744.00 |
| To Fee rates & taxes | 6,010.00 |
| To Fuel & Gas Exp A/c | 401,435.00 |
| To Facutity Staff Training & development Exp a/c | 8,000.00 |
| To Honararium to ACFA | 72,000.00 |
| To Hostel Mess Exp A/c | 670,130.00 |
| To Internet Exp A/c | 47,988.00 |
| To Internet Leasline expenses A/c | 212,400.00 |
| To Mobile Phone Exp A/c | 2,400.00 |
| To Newspaper & Periodicals A/c | 14,813.00 |
| To Postage A/c | 14,461.00 |
| To Printing & Stationary Exp A/c | 157,867.00 |
| To R/M Building A/c | 6,199.00 |
| To R/M Electric Equipments | 66,988.00 |
| To R/M Equipments | 65,279.00 |
| To R/M Lawn & Gardens | 3,077.00 |
| To R/M Furniture | 66,878.00 |
| To R/M Computers | 23,810.00 |
| To R/M Water fittings Expenses | 61.120.00 |
| To R/M Gas Ranges & Gas Bank expenses | 9,846.00 |
| To R/M LWSS expenses | 19.470.00 |
| To Remueration to Guest Facility | 61,200.00 |
| To Salary to Contratual Employees | 610,272.00 |
| To Salary to Regular Employees | 12,709,573.00 |
| To Small Equiment NOC Nature | 23.165.00 |
| To Student Activity Expenses | 246,530.00 |
| To SBM Activities | 68.281.00 |
| To STC Expenses | 78,286.00 |
| To TA/DA expenses | 46,507.00 |
| To Telephone & Fax expenses | 4,362.00 |
| To Training Material/Store Stock | 1.780.641.00 |
| To Water expenses | 3,400.00 |
| To Vehicle on Monthly Hiring | 513.600.00 |
| To DG set Disel | 15.813.00 |
| To Website expenses | 7,316.00 |
| To Short term courses expenses | 10,200.00 |
| To Depreciation A/c | 6,304,160.00 |
| To Excess of Income over Expenditure | 1,590,206.61 |
| **Total** | **35.326.663.00** |

| Income | Amount Rs. |
|---|---|
| By Admission Fee | 253800.00 |
| By Financial Assistance-RRC activities | 0.00 |
| By Examination Fee/Re-Appear & IGNOU | 63500.00 |
| By Fine A/c | 55930.00 |
| By Hostel Admission Fee | 22000.00 |
| By Hostel Electricity/Water Charges | 187000.00 |
| By Hostel Mess Charges | 811000.00 |
| By Hostel Room Rent | 187000.00 |
| By IHM Tution Fee | 20376100.00 |
| By Interest on Deposits | 10004660.00 |
| By License Fee-Residence | 28920.00 |
| By Misc Fee for Student Activities | 1237000.00 |
| By Sale of Prospectus/ Application Forms | 42800.00 |
| By Sale of Tender forms | 1500.00 |
| By Fee Forfeited | 94772.00 |
| By Examination Fee NCHMCT | 1310500.00 |
| By Income from CBSP Scheme | 206510.00 |
| By Food Charges | 68750.00 |
| By Income from Short term courses. | 235167.00 |
| By Library Fee | 31400.00 |
| By CFA-SBM _SAP | 66015.00 |
| By Interest on Income Tax refund | 42339.00 |
| **Total** | **35326663.00** |

**Consolidated Balance Sheet as at 31.03.2024**

| Liabilities | Amount Rs. | Total (Rs) |
|---|---|---|
| Capital Account | | 200,435,050.60 |
| Capital Fund A/c | 198,844,843.99 | |
| Excess of income over Expenditure | 1,590,206.61 | |
| Current Liabilities | | 6,147,749.00 |
| Fee Refundable | 93,020.00 | |
| Caution Money (Refundable) | 4,562.520.00 | |
| Suppliers Security (Refundable) | 292,000.00 | |
| GIA HSRT Programme | 13,076.00 | |
| GIA RRC Activities | 7,500.00 | |
| Expenses Payable | 933,540.00 | |
| Stipend Payable | 20,640.00 | |
| TDS Payable | 20,408.00 | |
| GST TDS Payable | 19,836.00 | |
| EPF Payable | 127,725.00 | |
| NCHMCT TA/DA Payable | 6,626.00 | |
| NCHMCT Enrollment fee Payable | 19,995.00 | |
| NCHMCT Remuneration Payable | 30,863.00 | |
| **Total** | | **206,582,799.60** |

| Assets | Amount Rs. | Total ( Rs) |
|---|---|---|
| Fixed Assets | | 50783249.00 |
| Investments | | 137651493.00 |
| Deposits-FDR (IHM hamirpur) | 137651493.00 | |
| Current Assets, Loans & Advances | | 18148057.60 |
| Cash in Hand | 6994.00 | |
| UCO bank 59357 | 2248002.35 | |
| UCO Bank 63040 | 336730.89 | |
| UCO Bank 22986 | 208893.48 | |
| HDFC Bank | 4569514.80 | |
| PNB Bank | 1275290.08 | |
| Security Deposit Hamirpur Gas service | 102000.00 | |
| Security Deposit HPSEBL | 133601.00 | |
| Security Deposit Electricity | 87850.00 | |
| Security Deposit BSNL | 6197.00 | |
| TDS(AY 2023-24) | 823205.00 | |
| TDS(AY 2024-25) | 707761.00 | |
| Fees Receivable | 53700.00 | |
| EE Hamirpur Division HPPWD | 7000000.00 | |
| EEJSVSD Hamirpur | 213968.00 | |
| CBSP Funds Receivable | 202911.00 | |
| RBI DEAF A/C | 1266.00 | |
| Managing Director HPTDC | 170173.00 | |
| **Total** | | **206,582,799.60** |


**जानकारी** विधायक विवेक शर्मा ने जसाना पंचायत के समलाड़ा में मनरेगा मजदूरों से की मुलाकात, पूछा हालचाल

# मनरेगा ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार प्रदान कर उनकी आर्थिकी बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने बंगाणा के जसाना पंचायत के गांव समलाड़ा में मनरेगा मजदूरों से मुलाकात की और बुजुर्गों का हालचाल जाना और उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा भी की। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के महत्व को रेखांकित करते हुए विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान की सराहना की, जिनके कार्यकाल में 2005 में मनरेगा की शुरुआत हुई थी।

विवेक शर्मा ने कहा कि मनरेगा ने ग्रामीण परिवारों को 120 दिनों का रोजगार प्रदान करके उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार किया है। यह योजना गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक कदम साबित हुई है और आज भी गांवों के गरीब और असहाय परिवारों के लिए वरदान बनी हुई है। विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ क्षेत्र में मनरेगा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं होने देंगे और जहां दुरुपयोग हुआ है, उसकी जांच होगी।

इसके अलावा, विवेक शर्मा ने क्षेत्र में विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को जनता की पानी, बिजली जैसी छोटी-छोटी समस्याओं का तुरंत समाधान करने के आदेश दिए हैं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार हो सके। विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ क्षेत्र में विकास कार्यों को बढ़ावा देने के लिए कई परियोजनाओं की शुरुआत की है, जिससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिलेगा और स्थानीय लोगों को सुविधाएं प्राप्त होंगी। विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ क्षेत्र के विकास और जरूरतमंदों की सहायता के लिए हर समय तैयार रहने की बात कही है।

उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता कुटलैहड़ क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को समझना और उन्हें समाधान प्रदान करना है। विधायक विवेक शर्मा ने मनरेगा की दिहाड़ी बढ़ाने के लिए कांग्रेस सरकार की पहल की भी सराहना की है। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण मजदूरों की आय में वृद्धि होगी और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



विधायक विवेक शर्मा लोगों की समस्याएं सुनते हुए

### थानाकलां में रक्त जांच लैब का किया उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के सीएचसी थानाकलां में जनता को एक बड़ी स्वास्थ्य सेवा पहल के तहत नई रक्त जांच प्रयोगशाला (लैब) का उद्घाटन कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम पहुंचने पर विधायक विवेक शर्मा का भव्य स्वागत किया गया। इस प्रयोगशाला के उद्घाटन से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने और ग्रामीण जनता को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि थानाकलां अस्पताल में मरीजों को रक्त परीक्षण मशीन के माध्यम से मरीजों के हीमोग्लोबिन, लाल रक्त कणिका, श्वेत रक्त कणिका, प्लेटलेट्स, शुगर, लीवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल, हृदय संबंधी परीक्षण आदि निशुल्क किए जाएंगे। विवेक शर्मा ने कहा कि बंगाणा के सिविल अस्पताल में जल्द मरीजों को अल्ट्रासाउंड की सुविधा मिलेगी, जिसके लिए 50 लाख की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस लैब के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करें।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर उपमंडलाधिकारी नागरिक बंगाणा सोनू गोयल, बीएमओ डॉ. नरेश शर्मा, तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा, खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, थाना प्रभारी रोहित चौधरी, डॉ. हिमांशु नड्डा, डॉ. अतुल राणा, कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, देसराज मोदगिल, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, स्वास्थ्य स्टाफ एवं पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तिनन घाटी में मशालों के त्योहार हालडा पर्व की धूम

## घरों से भूत-प्रेतों व नकारात्मक चीजों को मशाल जलाकर भगाएंगे ग्रामीण, ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना के साथ की खुशहाली की कामना







**कमलेश वर्मा, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में मशालों के त्योहार हालडा पर्व का आगाज हो गया है। इसी कड़ी में लाहौल की तिनन घाटी में हालडा पर्व की धूम है।

पहले दिन ग्रामीणों ने जहां पूजा-अर्चना की और खुशहाली की कामना की। वहीं, रात को मशालें जलाकर आसुरी शक्तियां भगाई। मंगलवार रात को घाटी में हालडा के साथ ही नव वर्ष का आगाज हुआ और घरों से भूत प्रेतों व नकारात्मक चीजों को मशाल जलाकर बाहर निकाला। तिनन घाटी में यह त्योहार हर वर्ष रविवार या मंगलवार के दिन ही मनाया जाता है। इसी कड़ी इस बार बार भी मंगलवार को तिनन घाटी से इस पर्व का आगाज हुआ। सनद रहे कि नए साल में हालडा उत्सव जनजातीय लोगों का पहला त्योहार होता है, ऐसे में यहां के लोग हर वर्ष इस त्योहार को धूमधाम से मनाते हैं। इस अवसर पर लोगों ने पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना करने के बाद रात के समय मशाल जलाई और पूरे क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

रात्रि निश्चित समय पर हर घर से मशाल जला कर हालडो हालडो कहते हुए सभी पुरुष सफेद चादर पहनकर एक निश्चित स्थान पर पहुंचे। रात के समय सभी ने मशालों को बर्फ पर टिका कर जलाया। लोग चादरों में बर्फ समेटकर घर पहुंचे। रोचक यह रहा कि रीतिरिवाजों का निर्वहन करते हुए, जब लोग दरवाजे पर पहुंचे, तो अपने ही घरवालों ने उन्हें अंदर आने से रोक दिया। घर के सदस्य ने पूछा कि क्या ले कर आए हो तो मशाल फेंक कर आए व्यक्ति ने चादर में समेटे बर्फ को दिखाया और सौगात साथ लेकर आने की बात कही। घर में घी और सत्तू मिलाकर बलराज बनाया गया और उसे पूजा स्थल में रखा। इसे त्योहार खत्म होने के पश्चात खाया जाएगा। लिहाजा, अब तीन दिनों तक तिनन घाटी के लोग देवी-देवताओं की पूजा अर्चना में व्यस्त रहेंगे। विशेषकर राजा बलि की पूजा होगी और घरों में शोर शराबा भी नहीं होगा। (अनंत ज्ञान)

### तीन-चार दिनों तक नहीं करते शोर-शराबा

**मान्यता** है कि इस समय देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर होते हैं, जिस कारण घाटी में आसुरी शक्तियों का प्रभाव होता है और इन आसुरी शक्तियों के प्रभाव से बचने के लिए ही रात के समय मशाल जलाई जाती है और इस दौरान यहां पर लोग दूसरे गांव के लोगों को अश्लील गालियां देते हैं। माना जाता है कि इससे बुरी शक्तियां अपना अपमान समझकर दूर भागती हैं। इस उत्सव के संपन्न होने के बाद लोग अपने घरों में तीन-चार दिन के लिए बंद हो जाते हैं। मान्यता के अनुसार यह लोग एक-दूसरे का मुंह तक नहीं देखते हैं। परिवार के लोग भी आपस में धीरे-धीरे बात करते हैं और कोई शोर-शराबा नहीं करते हैं। तीन-चार दिन के बाद लोग अपने घरों से निकलकर अपने रिश्तेदारों के यहां जाते हैं और हालडा उत्सव की बधाइयां देते हैं।

# अटल टनल रोहतांग सभी तरह के वाहनों के लिए बहाल


फाइल फोटो।

**अनंत ज्ञान, केलांग**

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल अटल-टनल रोहतांग सभी तरह के पर्यटक वाहनों के लिए बहाल कर दिया है। फोर बाई फोर वाहन धूप खिलते ही टनल की ओर जा सकते हैं, जबकि अन्य वाहनों के लिए समय निर्धारित किया है।

सामान्य वाहन सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक अटल टनल व पर्यटन स्थल सिस्सू तक आ-जा सकते हैं। धूप के ढलते ही पर्यटकों को वापस सोलंग नाला पहुंचना होगा। हालात को देखते हुए फिलहाल दो पहिया वाहनों को सोलंगनाला से आगे जाने की अनुमति नहीं होगी। वाहनों की भीड़ के हिसाब से ही सोलंग नाला से आगे वाहन भेजे जाएंगे। जनवरी महीने का पहला सप्ताह पर्यटन की दृष्टि से बेहतर रहा है। पर्यटन स्थल सिस्सू व अटल टनल के आसपास एक फुट बर्फ की मोटी परत बिछी हुई है। दो दिन से अटल टनल सभी पर्यटक वाहनों के लिए बहाल हुई है। 24 घंटे के भीतर अटल टनल में 3378 वाहन आर-पार हुए हैं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि वाहनों की भीड़ को देखते हुए ही सोलंग नाला से आगे वाहन भेजे जा रहे हैं। टनल सहित सिस्सू में चहलकदमी के लिए पुलिस ने समय निर्धारित किया है। सुबह 10 से दोपहर दो बजे तक ही पर्यटक वाहनों को आवाजाही की अनुमति की जाएगी।

> 24 घंटे के भीतर अटल टनल में 3378 वाहन आर-पार हुए हैं। पर्यटकों के लिए अटल टनल सहित सिस्सू पर्यटन स्थल तक आने की अनुमति दी गई है। लाहौल की ओर पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।
> **मयंक चौधरी एसपी लाहौल-स्पीति।**

## न्यूज ब्रीफ

### लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट से संबंधित मुद्दों पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोकेंद्र कुमार इन दिनों दिल्ली प्रवास पर है। वहां पर उन्होंने नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर से दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने लुहरी हाइड्रो प्रोजेक्ट से संबंधित अहम मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही कुल्लू के बंजार उपमंडल के तांदी गांव में हुई आगजनी में परिवारजनों की सहायता करने के लिए नेता प्रतिपक्ष के साथ केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया।

### दलाश में ढाबे से 11 बोतल अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, आनी।** पुलिस थाना आनी के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी लुहरी की टीम ने दलाश बाजार में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने दलाश में ढाबा चलाने वाले 54 वर्षीय यशपाल निवासी रौं डाकघर दलाश के ढाबे से 11 बोतलें अवैध देसी शराब ऊना नंबर-1 बरामद की। पुलिस ने यशपाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### देवदार का पेड़ काटते हुए पकड़ा व्यक्ति



**अनंत ज्ञान, बंजार।** वन विभाग की टीम को एक बार फिर से हरे-भरे जंगलों में पेड़ो को काटने पर धर दबोचने में कामयाबी हासिल हुई है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग की टीम वन खंड अधिकारी जीभी प्रशांत, वन रक्षक दिवांशु, वन रक्षक अशोक कुमार तथा वन रक्षक देवी टीम सहित गश्त पर थे। गश्त के दौरान जंगल 33 बखलयारा हिड़ब वीट जिभी ब्लॉक तथा बंजार वन परिक्षेत्र में कोई व्यक्ति पेड़ काट रहा है, जिस पर टीम द्वारा काफी सतर्कता के साथ पेड़ काटते हुए उत्तम चंद पुत्र जवन दास गांव सरठी डा. जीभी तहसील बंजार जिला कुल्लू को मौके पर देवदार का पेड़ काटते हुए पाया गया। वन विभाग की टीम की ओर से देवदार की लकड़ियों को जब्त कर अपने कब्जे में लेकर उपरोक्त व्यक्ति के खिलाफ डैमेज रिपोर्ट काटी गई है। वन मंडलाधिकारी सराज मनोज कुमार ने कहा है कि ऐसे बन काटुओं को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा वन काटुओं पर कड़ा से कड़ा संज्ञान लिया जाएगा।

### वेलफेयर से संबंधित मुद्दों पर की विस्तृत चर्चा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पुलिस लाइन केलांग में जिला लाहौल-स्पीति पुलिस की जेसीसी एवं क्राइम रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक जिला लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी द्वारा की गई। बैठक में पुलिस उपअधीक्षक मुख्यालय राज कुमार, जिला निरीक्षक अनिल कुमार, निरीक्षक मुकेश राठौर, प्रभारी पुलिस थाना केलांग उपनिरीक्षक जवाल सिंह, प्रभारी पुलिस थाना उदयपुर मुकुल शर्मा, प्रभारी थाना काजा उपनिरीक्षक जगदीश, लाइन ऑफिसर उपनिरीक्षक संजय कुमार, रीडर पुलिस अधीक्षक सहायक उपनिरीक्षक माया एवं सभी चौकी प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में जवानों के वेलफेयर से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई और उनकी समस्याओं के समाधान पर विचार किया गया। इसके साथ ही मासिक क्राइम रिव्यू मीटिंग में अपराध नियंत्रण और संबंधित मामलों पर गहन चर्चा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न एनजीओ ग्रेड 1 और 2 को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

### मल्टी टास्क वर्कर्स को दिया जाए वेतन भोगी का दर्जा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश में शिक्षा विभाग में जब मल्टी टास्क कर्मी की भर्ती की गई, तो उन्हें पार्ट टाइम के तौर पर नियुक्ति दी गई थी, लेकिन अब मल्टी टास्क वर्कर्स कई सालों से पार्ट टाइम नहीं, बल्कि फुल टाइम काम कर रहे हैं। ऐसे में प्रदेश की कांग्रेस सरकार को चाहिए कि वह मल्टी टास्क वर्कर्स को वेतन भोगी का दर्जा प्रदान करें। इसी मांग को लेकर जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में मल्टी टास्क वर्कर्स कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर से मिले। वहीं, उन्होंने एक मांग पत्र भी विधायक के माध्यम से प्रदेश सरकार को भेजा। मल्टी टास्क वर्कर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत ने बताया कि मल्टी टास्क वर्कर्स स्कूल में सबसे पहले पहुंचते हैं और स्कूल बंद होने के बाद ही घर जाते हैं, लेकिन उन्हें पार्ट टाइम का ही वेतन दिया जा रहा है। इसके अलावा कई बार उन्हें वेतन भी समय पर नहीं मिल रहा है। इसके चलते उन्हें अपने परिवार का भरण-पोषण करने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस सरकार के दो बजट पूरे हो गए हैं और 2 बजट में मल्टी टास्क कर्मी के लिए कोई भी प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसे में हिमाचल में मल्टी टास्क वर्कर्स प्रदेश सरकार से मांग करते हैं कि उन्हें वेतन भोगी का दर्जा प्रदान किया जाए और उनका वेतन भी समय पर जारी किया जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

# आनी निरमंड के जलरक्षकों को मिला एक माह का वेतन, जताया आभार

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**


जलरक्षकों को दो माह से नहीं मिला वेतन

अनंत ज्ञान इंपैक्ट

जलशक्ति मंडल आनी के अंतर्गत आनी और निरमंड खंडों की 69 पंचायतों में सेवाएं दे रहे करीब 95 जलरक्षकों को नवंबर माह का वेतन मिल गया है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र में 7 जनवरी को समाचार प्रकाशित होने के बाद जलशक्ति विभाग ने एक माह की अदायगी कर दी है, जबकि दिसंबर माह का वेतन अभी भी बकाया है।

जलशक्ति विभाग के पास जल रक्षकों को वेतन देने के लिए सरकार से बजट न मिलने के चलते यह देरी हुई है। आपको बता दें कि जलरक्षकों को 5300 रुपए प्रति माह वेतन मिलता है, जबकि आनी, निरमंड में 95 जलरक्षक सेवाएं दे रहे हैं, जिन्हें नवंबर और दिसंबर दो माह का वेतन नहीं मिला था, जबकि अधिकतर जलरक्षकों की आजीविका का साधन केवल उन्हें मिलने वाला वेतन ही है।

वेतन न मिलने पर उन्हें अपने परिवार के जीवन यापन की चिंता सताने लगी थी। वहीं, एक माह का वेतन मिलने के बाद जलरक्षकों ने सरकार और जलशक्ति विभाग से गुहार लगाई है कि दिसंबर माह का बकाया वेतन भी जल्द अदा कर दिया जाए। जलशक्ति विभाग के आनी मंडल के अधिशाषी अभियंता इंजी. किशोर कुमार ने बताया कि बजट आते ही जलरक्षकों का एक माह बकाया वेतन दिया गया है, जबकि दिसंबर माह का बकाया वेतन बजट आते ही दे दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# श्रृंगा ऋषि के कपाट बंद



**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार घाटी की पांच कोठी के आराध्य देवता श्रृंगा ऋषि महाराज के कपाट पर्दा बुधवार शाम से बंद हो गए हैं। जानकारी देते हुए देवता के पुजारी चानण शर्मा ने बताया कि देव विधि अनुसार बुधवार देर शाम को देवता के रथ पर पर्दा डाला गया है, अब ये कपाट मकर संक्रांति से एक दिन पहले खुलेंगे। कुल्लू सहित बंतार घाटी के देवी-देवता स्वर्ग रवाना हो गए हैं। जिले के सैकड़ों देवी-देवता स्वर्ग प्रवास पर चले गए हैं। यह देवी-देवता राजा इंद्र के दरबार में क्षेत्र की खुशहाली के लिए मंत्रणा करेंगे। लिहाजा, इस दौरान जिला कुल्लू के कई खंडों में शादी, विवाह व अन्य शुभ कार्यों पर विराम लगा हुआ है।

# लुहरी बाजार में अब पार्क नहीं हो सकेंगी बसें और गाड़ियां : एसडीएम

## सुबह 9 से 10 और शाम 4 से 5 के बीच बाजार से नहीं गुजर सकेंगे बड़े डंपर

**अनंत ज्ञान, आनी**

अब लुहरी कस्बे में बसें, टैक्सियां और गाड़ियां मुख्य बाजार के बीच खड़ी नहीं होंगी, जबकि सुबह 9 से 10 बजे और शाम 4 से 5 बजे के बीच भारी मलबा, रेत या बजरी ढोने वाले बड़े-बड़े डंपर भी नहीं चल सकेंगे। लुहरी बाजार के बीचों-बीच लोडिंग, अनलोडिंग की टाइमिंग भी तय कर दी गई है। आउटर सिराज क्षेत्र आनी के प्रवेशद्वार कहे जाने वाले लुहरी कस्बे में ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए प्रशासन ने पहल की है।

जनता के साथ विचार-विमर्श करने के बाद लुहरी में गाड़ियां और बसें पार्क करने को लेकर एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने अधिसूचना जारी कर दी है। एसडीएम आनी ने बताया कि लुहरी कस्बे के बीचों-बीच सवारियां चढ़ाने उतारने के अलावा ब्रेकफास्ट, लंच आदि करने बसें रुकती हैं, जबकि टैक्सियां और अन्य वाहन भी पार्क किए जाते हैं, जिस कारण लुहरी कस्बे में अक्सर घंटों ट्रैफिक जाम लगना आम बात है, जिसके बाद एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने एक कमेटी का गठन कर स्थानीय जनता, बैहना पंचायत के प्रधान विनोद ठाकुर और एचआरटीसी के अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद मोटर वाहन अधिनियम-1988 की धारा 115,116 के तहत शक्तियों का प्रयोग कर अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार लुहरी चौक में बसें सवारियों को उतारने और चढ़ाने के बाद पंचायत द्वारा बनाई गई कार पार्किंग या आनी की ओर डबल लेन एनएच-305 के किनारे खड़ी होंगी। बाजार में कोई भी गाड़ी पार्क नहीं रहेगी, जबकि केवल एक छोटा वाहन लोडिंग अनलोडिंग कर सकेगा और सामान खरीददारी के लिए 5 मिनट तक छोटी गाड़ी खड़ी की जा सकेगी। बड़े वाहनों को गर्मियों में शाम 8 बजे से सुबह 7 बजे और सर्दियों में शाम 6 बजे से सुबह 8 बजे तक बाजार में लोड या अनलोड किया जा सकेगा।

### अवहेलना करने वालों के खिलाफ होगी कारवाई

**एसडीएम** आनी नरेश वर्मा ने बताया कि यह अधिसूचना जनहित में जारी कर दी है और पुलिस विभाग को जनता द्वारा इसकी पालना करवाने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने चेताया कि अवहेलना करने वालों के खिलाफ तय नियमों के साथ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# वन्य जीव संस्थान की धरोहर पक्षियों और वनस्पतियों की पहचान करने का दिया प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, सैंज**

ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शमशी के सौजन्य से 5 दिवसीय विश्व धरोहर की अनुभव यात्रा के चौथे दिन भारतीय वन्य जीव संस्थान एवं यूनेस्को कैटेगरी सेंटर-2 देहरादून का भ्रमण किया, जिसमें अकादमी सत्र के दौरान विद्यार्थी एंबेसडर व दल के सदस्यों को वन्य जीव संस्थान व वन अनुसंधान संस्थान के बारे में जानकारी दी।

इस मौके पर डॉ. अनुरंजन राय इंस्ट्रक्टर यूनेस्को कैटेगरी सेंटर-2 भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि वन्य जीव संस्थान वर्तमान समय में प्राकृतिक संसाधनों व वन्य जीव को विश्व स्तर पर संरक्षण करने के लिए योजना तैयार कर केंद्र सरकार व विश्व स्तर की संस्था को परामर्श देकर संरक्षण अधिनियम कार्य करती है। इस दौरान सभी सदस्यों को वन्य जीव संस्थान की धरोहर पक्षियों व वनस्पतियों की पहचान करने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही वन्य जीव संस्थान की लैब का भ्रमण किया, जहां पर वन्य जीव अधिनियम के तहत अपराधिक मामलों में पकड़े गए वन्य जीव के अवशेष भी दिखाए गए। इस दौरान ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क शमशी के डीएफओ सचिन शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को टीम वापस कुल्लू की ओर रवाना होगी।

# 802 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपी तिलक राज पुत्र फागणू राम गांव नल्हैण डा. घाट तहसील बालीचौकी जिला मंडी के कब्जे से 802 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस की जानकारी के अनुसार पतलीकूहल पुलिस टीम बुधवार रात को आटा मील के समीप गश्त पर थी, तो आरोपी व्यक्ति नग्गर की ओर से पैदल जा रहा था। पुलिस ने शक के आधार पर तलाशी ली, तो व्यक्ति के कब्जे से 802 ग्राम चरस बरामद की गई। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा-20 के तहत मामला दर्ज किया गया है और मामले की जांच जारी है।

# विंटर क्वीन को एक लाख, वायस ऑफ विंटर कार्निवाल को मिलेगा 50 हजार नकद ईनाम

**अनंत ज्ञान, मनाली**

> 20 से 24 तक होने वाले उत्सव में विंटर क्वीन प्रतियोगिता रहेगी मुख्य आकर्षण का केंद्र

राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल की तैयारियां शुरू हो गई हैं। 20 से 24 जनवरी तक होने वाले उत्सव में विंटर क्वीन प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण होगी।

विंटर क्वीन का खिताब जीतने वाली युवती को ताज के साथ एक लाख रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा। वायस ऑफ कार्निवाल में सुरों के सरताज बनने वाले को 50,000 रुपए ईनाम दिए जाएंगे। विंटर क्वीन और वायस ऑफ कार्निवाल के लिए 12 जनवरी से आडिशन होंगे। कार्निवाल कमेटी ने आडिशन की जगह और तिथि तय कर ली है। 20 जनवरी तक आडिशन होंगे। कार्निवाल में विंटर क्वीन बनने वाली युवती को ताज के साथ एक लाख का ईनाम दिया जाएगा। दूसरे स्थान पर रहने वाली सुंदरी को 50, जबकि तीसरे स्थान वाली प्रतिभागी को 30 हजार और ताज पहनाकर सम्मानित किया जाएगा। विंटर क्वीन और वायस ऑफ विंटर कार्निवाल के आडिशन को लेकर कार्निवाल कमेटी ने पांच शहरों में जगह चिह्नित की है। 12 जनवरी को शिमला के आरकेएमवी में, 15 जनवरी को पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ में आडिशन होंगे। मंडी के सरदार पटेल विश्वविद्यालय में 16 जनवरी को, जबकि कुल्लू के देव सदन में 18 जनवरी को और 20 जनवरी को वन्य प्राणी विभाग सभागार मनाली में आडिशन होंगे। एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने बताया कि विंटर क्वीन और वायस ऑफ विंटर कार्निवल के प्रतिभागियों का चयन आडिशन के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चंडीगढ़, शिमला, मंडी, कुल्लू और मनाली में आडिशन होंगे।

# मां मरयारी हेल्पिंग हैंड व व्यापार मंडल ने तांदी प्रभावितों को बांटी राहत सामग्री



**अनंत ज्ञान, बंजार**

बीते दिनों बंजार के तांदी गांव में हुए भीषण अग्निकांड के पश्चात ग्रामीणों की मदद के लिए जहां सरकार सहित प्रशासन भी आगे आया है। वहीं, कई समाजसेवी संस्थाएं भी अग्निकांड प्रभावित परिवारों की मदद करने से नहीं चुक रही हैं। इसी कड़ी में मां मरयारी हेल्पिंग हैंड सहित संयुक्त व्यापार मंडल सुंदरनगर ने तांदी के प्रभावित परिवारों के लिए मां मरयारी हेल्पिंग हैंड अध्यक्ष नीरज शर्मा के सानिध्य में राहत सामग्री बांटी।

बंजार के जीभी गांव के समाजसेवी राजेश गौतम व जगदीश ने बताया कि राहत सामग्री सुकेत व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश कौशल व संयुक्त व्यापार मंडल सुंदरनगर सुरेश कौशल, बब्बू पंसारी के आह्वान पर कई दानी सज्जनों व प्रबुद्ध लोगों ने प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री देने के लिए भरपूर सहयोग किया। राहत सामग्री में बच्चों व महिलाओं के कपड़े अलग से भेजे गए हैं। संगठन की टीम ने प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री से भरी गाड़ी तांदी गांव में भेजी। समाजसेवी राजेश गौतम ने बताया कि राहत सामग्री में प्रभावितों को कंबल, रजाई, बर्तन, खाद्य सामग्री व कृषि उपकरण, गर्म कपड़ों सहित रोजमर्रा की आवश्यक बस्तुएं दी गई हैं।

**कार्यशाला** डीसी राहुल कुमार ने लाहौल-स्पीति में पोषण वॉरियर व्हाट्सऐप ग्रुप का किया गठन

# धात्री महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य पर रखी जाएगी नजर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार के लिए डीसी कार्यालय के सभागार कक्ष में कार्यशाला के आयोजन पर बैठक की अध्यक्षता करते डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार।

जिला लाहौल-स्पीति में गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा प्रसव उपरांत बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार के लिए उपायुक्त कार्यालय के सभागार कक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीसी राहुल कुमार ने की।

इस अवसर उन्होंने कहा कि जिले में महिला एवं वाल विकास विभाग ने गर्भवती महिलाओं को उनकी गर्भवस्था के दौरान जागरूकता एवं प्रसव उपरांत धात्री महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार के लिए जिले में पोषण वारियर व्हटसऐप ग्रुप बनाया है, जिसके माध्यम से महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान समय-समय पर रखनी वाली सावधानियों तथा बच्चों के स्वस्थ्य संबंधित तथा स्तन पान, विशेष स्तन पान एवं पूरक आहार की जल्द शुरूआत के तरीकों के बारे में आईआईटी मुंबई के विशेषज्ञ द्वारा तैयार किए गए हेल्थ एवं न्यूट्रीश्यिन सबंधित वीडियो जारी कर जागरूक किया जाएगा। इस अभियान का संचालन जिला प्रशासन के नेतृत्व में जिला कार्यक्रम अधिकारी और बाल विकास परियोजना अधिकारी लाहौल द्वारा किया जा रहा है। इस ग्रुप के माध्यम से जिले के शून्य से छह माह के बच्चों के वजन, कुपोषित बच्चों, एनिमिक बच्चों के स्वस्थ्य पर निगाह रखी जाएगी और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देकर स्वस्थ्य सूचकांक को बेहतर करने बारे कार्य किया जाएगा, जिसकी प्रतिमाह जिला स्तर पर समीक्षा की जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य जोखिम वाली गर्भावती महिलाओं को समयपूर्व चिन्हित करना तथा उचित रैफरल के माध्यम से सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित बनाना भी है। हम सभी को मिलकर इस दिशा में कार्य करने की नितांत अवश्यकता है, ताकि जिले के बच्चों का बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके, जिसके लिए जिले में पौषण वारियर ग्रुप बनाने की पहल की गई है। इस अवसर पर सहायक आयुक्त संकल्प गौतम, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय डोगरा, जिला आयुष अधिकारी बनीता शर्मा, खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलेरिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी खुशविंद्र कुमार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरा नंद सहित आंगनबाड़ी व आशाकार्यकर्ता व स्थानिय महिला मंडल की महिलांए उपस्थित रहीं।

# यूजीए अपार्टमेंट के चार फ्लैटों में लाखों की चोरी

अनंत ज्ञान, सोलन/बद्दी



मानपुरा थाना के तहत खेड़ा गांव में स्थित यूजीए अपार्टमेंट में शातिरों ने चार फ्लैट के ताले तोड़कर लाखों रुपए की नकदी और सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिए हैं। ए-चोर ब्लॉक में रहने वाले अशोक राणा के फ्लैट से अधिक सामान ले गए हैं। अशोक राणा परिवार के साथ बाहर गए हुए थे, जब वापस लौटे, तो यहां पर पुलिस आई हुई थी, जब उन्होंने अपना घर चेक किया, तो घर से ढाई लाख रुपए नकदी, सोने-चांदी के जेवरात चोरी हो चुके थे।

पुलिस की जानकारी के अनुसार, अशोक राणा की पत्नी रेणू ने बताया कि वे बाहर गए हुए थे, जब वह वापस लौटे, तो उनके फ्लैट के ताले टूटे हुए थे। घर का सामान बिखरा हुआ था। चोर पैसे और जेवरात ले गए हैं। हैरानी इस बात की है कि जब यह चोरी हुई, तो सीसीटीवी कैमरे भी बंद कर दिए गए थे। पूर्व महिला थाना प्रभारी कृष्णा देवी ने बताया कि उनके भी इसी अपार्टमेंट में दो फ्लैट हैं। एक फ्लैट में वह रहती है और दूसरा उन्होंने गेस्ट के लिए खरीदा हुआ है। वह जैसे ही दूसरे फ्लैट को साफ करने गई, तो वहां पर ताला टूटा हुआ देख उनके होश उड़ गए, लेकिन वहां पर फर्नीचर के सिवा कुछ नहीं मिला। इसलिए चोर खाली हाथ चले गए। अनुज सैनी के मकान का भी ताला टूटा है। वह भी उस दिन घर पर नहीं था। उसके घर से चोर चांदी की पांच तोले की चैन ले गए हैं। वहीं, एसके गुप्ता के घर से चांदी के सिक्के चोरी हुए हैं।

### जल्द पकड़ा जाएगा चोरों को : एएसपी

एएसपी अशोक वर्मा ने बताया कि मानपुरा पुलिस के पास चोरी होने की शिकायत मिली है। पुलिस कार्रवाई कर रही है। जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# सोलन-कैथलीघाट फोरलेन पर रोड डायवर्जन से चुनौतीपूर्ण हुआ सफर

## सड़क पक्की करने का कार्य प्रगति पर, फोरलेन पर ओवरस्पीड से बढ़ रहे सड़क हादसे

आर मोहन चौहान, सोलन

नेशनल हाईवे-5 पर सोलन से कैथलीघाट तक बने फोरलेन में करीब एक दर्जन डायवर्जन के कारण वाहन चालकों का सफर खतरे से खाली नहीं रह गया है।

वाहन चालकों की गफलत और ओवर स्पीड से दिनों-दिन हादसों में बढ़ोतरी हुई है। नए साल के पहले सप्ताह में कई हादसे पेश आए। परवाणू-सोलन स्ट्रैच में भी बीते दिनों 2 से 3 हादसे गाड़ियों के पलटने के पेश आए हैं। पिछले वर्ष जनवरी से दिसंबर माह तक परवाणू से कैथलीघाट के बीच सड़क दुर्घटना के 129 मामले सामने आए हैं। पुलिस के अनुसार इसमें 23 लोगों की मौत भी हुई, जबकि 175 लोग घायल हुए हैं। हालांकि कई मामले ऐसे हैं, जो पुलिस के पास पंजीकृत नहीं हुए हैं। वहीं, लैंड स्लाइड और ओवर स्पीड से भी हादसे पेश आ रहे हैं। इसका कारण मैप डिजाइन और पहाड़ों का अवैज्ञानिक तरीके से कटान है। (अनंत ज्ञान)



सोलन-कैथलीघाट फोरलेन में जगह-जगह सड़क पर की गई डायवर्जन।

### पहाड़ियों की कटिंग का कार्य पूरा

कंपनी की ओर से पहाड़ियों की कटिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है, अब फाइनल टच का कार्य प्रगति पर है। यह कार्य एनएचएआई की ओर से सितंबर-2018 में एरिफ कंपनी को सौंपा गया था। साथ ही इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य जून-2026 दिया गया है। डीपीआर के अनुसार सोलन से कैथलीघाट के बीच 22.9 किलोमीटर पर फोरलेन का निर्माण होना है। फोरलेन बनने से 1.4 किलोमीटर का कार्य कम होगा।

एसपी सोलन गौरव सिंह का कहना है कि एनचएआई को डायवर्जन से हो रही दिक्कत को लेकर अवगत किया गया है। कार्य पूरा होने से समस्या हल हो जाएगी।

### एक लेन अचानक कर दी जाती है बंद

डायवर्जन प्वॉइंट पर दिशा संचालक का न होना और ओवर स्पीड के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। एनएचएआई ने परवाणू से शिमला तक बन रहे फोरलेन का डिजाइन 40 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड के लिए किया है, मगर इसमें ज्यादातर चालक ओवर स्पीड में चलते हैं। इसके अलावा परवाणू से सोलन और चंबाघाट से कैथलीघाट के बीच में कई स्थानों पर फोरलेन की फाइनल स्टेज का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के चलते कई बार फोरलेन की एक लेन अचानक बंद कर दी जाती है। इस कारण दोनों ओर के वाहनों की आवाजाही एक लेन होने के कारण असमंजस भी हादसे का कारण बन रहा है, क्योंकि अधिकांश फोरलेन पर दोनों लेन से ही वाहन गुजर रहे हैं।

# सरकार सभी छात्रों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्पः रोहित

अनंत ज्ञान,सोलन



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार सभी छात्रों तक गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है और यह सुनिश्चित बनाया जा रहा है कि सभी स्तरों पर अध्यापकों को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। रोहित गत दिवस नव नियुक्त प्रशिक्षित स्नातकों के लिए 15 दिवसीय प्रेरणा प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस 15 दिवसीय नव नियुक्त स्नातक प्रशिक्षिण कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों के बैचवाइज भर्ती के माध्यम से नव नियुक्त 81 प्रशिक्षित स्नातक कला तथा 33 प्रशिक्षित स्नातक विज्ञान अध्यापकों ने भाग लिया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए सभी विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पड़े पदों को भरा जा रहा है। प्रदेश सरकार की शिक्षा क्षेत्र की योजनाओं को अध्यापकों के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। अध्यापकों का प्रशिक्षण जहां उन्हें तकनीक एवं पाठ्यक्रम की नवीनतम जानकारी प्रदान करता है। वहीं, शिक्षा विभाग की योजनाओं से अवगत करवाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों का आह्वान किया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राप्त ज्ञान को विद्यार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आशा जताई कि प्रशिक्षण कार्यक्रम नवनियुक्त अध्यापकों के ज्ञानवर्धन में सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने इस अवसर पर रिसोर्स पर्सन को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में स्नातक शिक्षकों को पाठ्यक्रम पढ़ाने के सरल तरीकों का उपयोग, विद्यालय में शिक्षण के अतिरिक्त किए जाने वाले कार्य, सेवा नियमावली, एमडीम, आरटीआई, आरटीई, दिक्षा, निष्ठा, एनईपी, पीएमश्री, सीएमश्री आदि विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर उच्च शिक्षा उपनिदेशक गोपाल सिंह चौहान, प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक आशीष कोहली, उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष सर्वजोत सिंह बहल, एससीईआरटी की कार्यकारी प्रधानाचार्य रजनी सांख्यान आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### 2.26 किलोग्राम गांजे के साथ दो गिरफ्तार



अनंत ज्ञान, बद्दी। पुलिस थाना माजरा की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर नजद कोलर के पास मोटर साइकिल बिना नंबर प्लेट सवार आकाश पुत्र मनीष वीपीओ माजरा तह. पांवटा साहिब जिला सिरमौर उम्र 18 वर्ष व ठाकुर पुत्र सतपाल वीपीओ माजरा तह. पांवटा-साहिब जिला-सिरमौर उम्र 25 वर्ष के कब्जे से 2.026 किलो ग्राम गांजा बरामद किया, जिस पर पुलिस थाना माजरा में उपरोक्त दोनों आरोपीगण के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है व अभियोग में अन्वेषण जारी है।

### नवगांव स्कूल में मेधावियों को सम्मानित किया




अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट। स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नवगांव ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अर्की के पूर्व अध्यक्ष सतीश कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि विशेषातिथि के रूप में समाजसेवी दीतु राम उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुमन गौतम ने भी कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य किशोर प्रभात ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि, विशेषातिथि सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अनेक रंगारंग प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य और भांगड़ा सभी उपस्थित लोगों ने खूब सराहा, इसके अलावा बच्चों ने पहाड़ी नाटी पर सभी दर्शकों को नाचने पर मजबूर कर दिया। स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुमन गौतम ने अपने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया और विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाया। मुख्यातिथि सतीश कश्यप ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी। विशेषातिथि दीतु राम ने विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किए और उन्हें सफलता के लिए आवश्यक गुणों के बारे में बताया। इस अवसर पर मेधावी स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया।

### बीडीओ ने निर्माणाधीन भवनों का किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान, सोलन/बद्दी। जाड़ला पंचायत में निर्माणाधीन भवनों का विकास खंड अधिकारी पट्टा कुलदीप सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संतोष जाहिर किया। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को कार्य में तेजी लाने को कहा। सभी कार्यों को इस माह और मनरेगा के कार्य को 31 मार्च तक पूरा करने का टारगेट दिया गया है। मार्च के बाद नए खुले पट्टा ब्लॉक से कार्य शुरू होंगे। बीडीओ ने जाड़ला पंचायत में सांसद निधि से निर्मित सामुदायिक भवन, स्वच्छ भारत मिशन से शौचालय भवन, विधायक निधि से महिला मंडल, 15वें वित्त आयोग से नयानगर से डिपो तक निर्मित पक्का लिंक रोड, मनरेगा के माध्यम निर्माणाधीन जाड़ला नयानगर पक्का लिंक रोड का निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन 38 मकानों में से 15 का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी ने पंचायत के 15वें वित्त आयोग से विभिन्न कार्यों को दी गई बची शेष 20 लाख रुपए की राशि को 31 मार्च से पूर्व खर्च करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व बीडीओ ने पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान अंजुला भंडारी, उपप्रधान हेमंत ठाकुर, वार्ड पंच पवन कुमार, पंचायत सचिव उमेश कुमार, चैन सिंह, मनोज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अश्वनी कुमार आदि मौजूद रहे।

### बिजली की तारों में शॉर्ट सर्किट से एचआरटीसी वर्कशॉप में रखे टायरों में भड़की आग

अनंत ज्ञान, सोलन। हिमाचल पथ परिवहन निगम सोलन डिपो की वर्कशॉप में रखे गए टायरों में आग लग गई। घटना में 10 टायर पूरी तरह चल चुके हैं, जबकि 50 टायरों को बचा लिया गया है। जानकारी के अनुसार वर्कशॉप के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों में शार्ट सर्किट होने से टायरों ने आग पकड़ ली। वीरवार सुबह 8:45 बजे घटना घटी। इसके बाद यह सूचना कर्मी ने अग्निशमन विभाग को दी। फायर टेंकर मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू हुआ। करीब 15 मिनट बाद आग पर काबू पा लिया गया।

## बोरियों के नीचे दबे दो मजदूर, एक की मौत

अनंत ज्ञान, सराहां। पच्छाद थाने के अंतर्गत आने वाले सराहां में नागरिक आपूर्ति विभाग के गोदाम में काम करने वाले दो नेपाली मजदूर गोदाम के भीतर रखे चावल की बोरियों के गिर जाने से उसमें दब गए, जिसमें एक नेपाली मूल के व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक नेपाली मूल के व्यक्ति का उपचार चल रहा है। यह घटना लगभग 11 बजे नागरिक आपूर्ति विभाग के सराहां गोदाम में हुई। बुधवार की सुबह चावल की बोरियां गिरने से राम बहादुर देउबा और नवीन दब गए। घटना के तुरंत बाद दोनों को बाहर निकाला गया। नवीन की स्थिति बेहतर थी, लेकिन राम बहादुर देउबा को बेहोशी की हालत में पाया गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी भागीरथ शर्मा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार सराहां स्थित नागरिक आपूर्ति विभाग के गोदाम में दबकर एक नेपाली मूल के व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि एक घायल हुआ है।

## जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित, डीसी सोलन ने की अध्यक्षता

# ढोडो मैदान में मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस, उत्कृष्ट कार्य करने वाले होंगे सम्मानित

अनंत ज्ञान, सोलन



जिला स्तरीय गणतंत्रता दिवस समारोह को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन।

जिला स्तरीय गणतंत्रता दिवस समारोह हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने इस संबंध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि मुख्यातिथि सर्वप्रथम कारगिल शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेशवासियों एवं जिलावासियों की ओर से स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यातिथि द्वारा प्रातः 11 बजे ठोडो मैदान में ध्वजारोहण किया जाएगा। पुलिस, होमगार्ड्स तथा अन्य टुकड़ियों द्वारा भव्य मार्चपास्ट की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों एवं अन्य को सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट कर्मचारियों को सूची सभी विभागों को उपायुक्त कार्यालय सोलन को उपलब्ध करवानी होगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। डीसी ने विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए निर्धारित उत्तरदायित्वों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित बनाएं। बारिश के दृष्टिगत मैदान को कार्यक्रम के लिए तैयार रखा जाए, ताकि सभी कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हों। उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक निर्माण, जल शक्ति, पुलिस, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा नगर निगम सोलन को कार्यक्रम के विषय में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। मनमोहन शर्मा ने सभी विभागों से आग्रह किया कि इस कार्यक्रम में उपस्थिति सुनिश्चित बनाएं। एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बसंल ने बैठक की कार्रवाई का संचालन किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राज कुमार चंदेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित रंजन तलवार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस ने दो सप्लायर की निशानदेही पर धरा चिट्टे का मुख्य आरोपी

अनंत ज्ञान, सोलन



जिला पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई की टीम पुलिस थाना अर्की के क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए मौजूद थी, तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली कि गांव डुमैहर की तरफ से एक गाड़ी नं. एचपी-64सी-1635 अर्की की तरफ आ रही है, जिसमें दो युवक हैं, जो भारी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन को अर्की क्षेत्र में छात्रों/लोगों को बेचने की फिराक में हैं।

इस सूचना पर एलआईयू की टीम द्वारा मुकाम लाधी में नाकाबंदी कर उक्त गाड़ी को चैकिंग के लिए रोका गया। चैकिंग के दौरान उक्त गाड़ी में बैठे दो युवकों, जिनके नाम व पते अक्षय कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी गांव टुकाडी डा.खा कुनिहार तह. अर्की जिला सोलन उम्र 28 वर्ष व भवानी सिंह पुत्र जय सिंह निवासी गांव बड़ोग डा.खा. जोबड़ी तह. अर्की उम्र 25 वर्ष मालूम हुए उनको 9.20 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया, जिस पर पुलिस थाना अर्की में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग में अन्वेषण के दौरान इस वारदात में संलिप्त वाहन को जब्त कर पुलिस द्वारा कब्जा में लिया गया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी पहले भी आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहे हैं, जिनमें से आरोपी अक्षय कुमार के खिलाफ पुलिस थाना कसौली में एक मामला मादक पदार्थ के अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ है, जिसमें चिट्टा/ हेरोइन बरामद हुआ था। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर 6 दिन का पुलिस हिरासत रिमांड हासिल कर गहनता से पूछताछ की गई।

जांच के दौरान गिरफ्तार आरोपियों से पता चला कि बरामद चिट्टा/हैरोइन को यह नालागढ़ से एक व्यक्ति शेरा चाचा से 30,000 रुपए में खरीद कर लाए थे, जिस पर पुलिस थाना अर्की टीम द्वारा इस अभियोग में आरोपी शेर मुहम्मद पुत्र साफी मोहम्मद निवासी नालागढ़ तह. नालागढ़ जिला सोलन उम्र 41 वर्ष को उसके घर से गिरफ्तार किया गया, जिससे 6 ग्राम से ज्यादा चिट्टा, 1.137 किलोग्राम चूरापोस्त, 14 जिंदा कारतूस/रौद बिना लाइसेंसी, 10 मोबाइल फोन तथा करीब 39000 रुपए की नकदी बरामद की गई है। मामले में आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है जांच जारी है।

## बिजली बोर्ड के नियुक्त कर्मचारी घर-घर जाकर करेंगे उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी

अनंत ज्ञान, सोलन

हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली उपमंडल-1 के अंतर्गत आने वाले बिजली उपभोक्ताओं के मीटर खाता संख्या को आधार कार्ड से लिंक (ई-केवाईसी) करने की प्रक्रिया कार्यान्वित की जा रही है।

यह जानकारी बिजली उपमंडल सोलन-1 के सहायक अभियंता विमल अत्री ने दी। विमल अत्री ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए बिजली बोर्ड द्वारा नियुक्त कर्मचारी घर-घर जाकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी करवाने के लिए उपभोक्ता के पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, कोई भी नया या पुराना बिजली बिल, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर और मोबाइल फोन होना आवश्यक है। उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए बिजली बोर्ड द्वारा नियुक्त कर्मचारी का सहयोग दें। उन्होंने कहा कि बिजली उपभोक्ता अपनी सुविधा अनुसार सर्कुलर मार्ग स्थित बिजली कार्यालय में प्रातः 10 से सायं 5 के मध्य आकर भी ई-केवाईसी करवा सकते हैं।

## विज्ञान प्रश्नोत्तरी में मन्नत की टीम पहले स्थान पर




अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

राजकीय वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला दाड़लाघाट में अंबुजा फाऊंडेशन की ओर से विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणामों में मन्नत की टीम ने प्रथम स्थान, आच्युत की टीम ने द्वितीय स्थान और कार्तिक शर्मा की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हंस राज शर्मा, उपप्रधानाचार्य राजेंद्र प्रकाश, शिक्षक तजेंद्र शर्मा, सीमा शर्मा, मंजू बाला, मीनू राणा, भोपाल सिंह और कार्यक्रम समन्वयक आरती सोनी ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

## अनिरुद्ध छात्रवृत्ति परीक्षा में अव्वल



दाड़लाघाट। राजकीय उच्च पाठशाला मंगरूड़ के छात्र अनिरुद्ध शर्मा ने स्वर्ण जयंती मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में जिला स्तर पर चौथा और शिक्षा खंड धुंदन में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह परीक्षा हर वर्ष एससीईआरटी द्वारा माध्यमिक स्तर पर आयोजित की जाती है, जिसमें पूरे राज्य में शीर्ष 100 स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इस छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्रथम वर्ष में 4000 रुपए मासिक, द्वितीय वर्ष 5000 रुपए मासिक और तृतीय वर्ष में 6000 रुपए मासिक राशि प्रदान की जाती है। विद्यालय के मुख्य अध्यापक एलआर ठाकुर ने अनिरुद्ध शर्मा की इस उपलब्धि पर बधाई दी और अन्य छात्रों से ऐसी परीक्षाओं के लिए मेहनत करने का आह्वान किया।

# बद्दी से जम्मू माल लेकर जा रहे ट्रक चालक को पीटा, मामला दर्ज

अनंत ज्ञान, बीबीएन

बीबीएन इंडस्ट्री व ट्रक ऑपरेटर के बीच माल ढुलाई को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

हाईकोर्ट ने कथित गुंडागर्दी के आरोपों पर एसपी बद्दी से स्टेटस रिपोर्ट तलब कर ली है, इसके बाद भी पुलिस व प्रशासन हाईकोर्ट के आदेशों की सख्ती से पालना नहीं करवा पा रहा है। अब एक बार फिर से बद्दी से जम्मू माल लेकर जा रही ट्रांसपोर्ट के ट्रक को जबरन रोकने व मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कंपनी प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस थाना नालागढ़ के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में सागर इस्पात उद्योग के निदेशक सुरेंद्र वाधवा का कहना है कि बद्दी के थाना स्थित उद्योग से ट्रक माल लेकर जम्मू के लिए रवाना हुआ था, जब देर रात साढ़े दस बजे के करीब सैनीमाजरा के समीप पहुंचा, तो आठ से दस लोगों के द्वारा गाड़ी को जबरन रोक लिया और चालक का मोबाइल व पर्स भी छीना लिया। इस दौरान चालक से मारपीट भी की। उन्होंने कहा कि बैरियर पर सरेआम गाड़ियों को रोका जा रहा है। एसपी बद्दी का कहना है कि कंपनी प्रबंधन की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और पुलिस उन लोगों की पहचान कर रही है।

### हाईकोर्ट में चल रही मामले की सुनवाईः अग्रवाल

बीबीएन इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल का कहना है कि इंडस्ट्री को माल ढुलाई के लिए मिली स्वतंत्रता के बाद भी जबरन गाड़ियों को रोककर मारपीट की जा रही है, जो कि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस गुंडागर्दी को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिस पर सुनवाई चल रही है। बैरियरों पर सरेआम गाड़ियों को रोका जा रहा है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

संबोधित

## कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने रबौन में 8 लाख रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का किया लोकार्पण

# बच्चों को शिक्षा के अगले स्तर तक तैयार करने में आंगनबाड़ी केंद्रों की अहम भूमिका

अनंत ज्ञान, सोलन



रबौन में 8 लाख की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण करते स्वास्थ्य मंत्री।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र लोगों को पोषण सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करने और बच्चों को शिक्षा के अगले स्तर के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

डॉ. शांडिल सोलन के रबौन में लगभग 8 लाख की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने इस अवसर पर नवजात बच्चियों का सम्मान किया। उन्होंने सपरुन क्षेत्र की नव्या, अनाहिता, धाव्या, रबौन क्षेत्र की मंदिरा, मिशिता, कृत्वी, चाखी चारवी, दिव्या, आंजी क्षेत्र की प्रठिका तथा शमलेच क्षेत्र की खुशी को सम्मानित किया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के मानदेय में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मानदेय में 500 रुपए की बढ़ोतरी के साथ अब 10 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय, आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 300 रुपए की बढ़ोतरी के साथ अब 5,500 रुपए प्रतिमाह मानदेय तथा मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 400 रुपए की बढ़ोतरी के साथ अब 7,000 रुपए मानदेय मिलेगा।

डॉ. शांडिल ने कहा कि पंचायतों की सभी समस्याओं का समाधान चरणबद्ध तरीके से निपटाया जाएगा। डॉ. शांडिल ने इस अवसर पर पंचायत आंजी के बागड़ में लोगों की समस्याएं सुनीं और इनके जल्द निपटारे के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने तदोपरांत क्षेत्रीय अस्पताल सोलन का औचक निरीक्षण किया तथा रोगियों का कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर नगर निगम सोलन की महापौर ऊषा शर्मा, जोगिंद्रा सहकारी बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, नगर निगम सोलन के पार्षद राजीव कौडा, पंचायत सपरुन की प्रधान रेनू, पंचायत नौणी के प्रधान मदन हिमाचली आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री राम लला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा पर भव्य समारोह 12 को

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अयोध्या में श्री राम लला जी की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा एवं प्रथम स्थापना दिवस को लेकर मानवता फाउंडेशन चंडीगढ़ की ओर से 12 जनवरी को मुनी जी मंदिर सेक्टर 23 चंडीगढ़ में भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9 बजे श्री गणेश वंदना के बाद 9:30 बजे से सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। पूजनीय महाराज श्री पंडित दीपचंद के पुत्र अरविंद भारद्वाज की ओर से सुंदरकांड पाठ का गुणगान किया जाएगा। इसके उपरांत श्री राम लला संकीर्तन में वालिया एवं साथी, सेक्टर 41 ए चंडीगढ़ द्वारा भगवान श्री राम के भजनों का गुणगान किया जाएगा। दोपहर 1:30 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारा लगाया जाएगा। फाउंडेशन के सन्नी राजपूत ने सभी प्रभु भक्तों को इस भव्य कार्यक्रम में आकर प्रभु का आशीर्वाद लेने की अपील की है।

### ड्रॉप आउट सर्वे से शिक्षकों ने कन्नी काटी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** नए साल की शुरुआत में शीतकालीन छुट्टियों पर शुरू हुए ड्रॉप आउट सर्वे से प्रदेश के शिक्षकों ने कन्नी काट ली है। आनन-फानन में अब स्कूल छोड़ने वाले बच्चों को तलाशने का जिम्मा शिक्षा स्वयंसेवकों पर आ गया है। अब यह सर्वेक्षण कार्य आगामी 15 जनवरी तक जारी रहेगा। इससे पहले यह सर्वे 7 जनवरी तक चलना था। इस संबंध में हरियाणा स्कूल शिक्षा परिषद ने राज्य के सभी जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में साफ कहा कि बीच में पढ़ाई और स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की पहचान पूरी गंभीरता के साथ की जाए। सर्वे के दौरान स्कूल स्तर पर कोई भी मोहल्ला, वार्ड, गली व घर छूटना नहीं चाहिए। सर्वे रिपोर्ट को 'प्रवधान पोर्टल' पर अपलोड किया जाएगा। प्रदेशभर की सर्वे रिपोर्ट पर शिक्षा विभाग आगामी एक्शन प्लान तैयार करेगा।

### लेबनान की संसद ने सैन्य कमांडर औन को राष्ट्रपति चुना

**एजेंसी, बेरूत।** लेबनान की संसद ने वीरवार को देश के सैन्य कमांडर जोसेफ औन को राष्ट्राध्यक्ष के रूप में चुनने के लिए मतदान किया, जिससे दो वर्ष से रिक्त इस पद पर उनकी नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। यह सत्र पूर्व राष्ट्रपति मिशेल औन का उत्तराधिकारी चुनने के लिए विधायिका का 13वां प्रयास था, जिनका कार्यकाल अक्टूबर 2022 में समाप्त हो गया था। मिशेल औन का सैन्य कमांडर जोसेफ से कोई संबंध नहीं है। यह मतदान इजराइल और लेबनानी उग्रवादी समूह हिजबुल्ला के बीच 14 महीने से जारी संघर्ष को रोकने वाले एक अस्थिर युद्धविराम समझौते के कुछ सप्ताह बाद और ऐसे समय में हुआ है जब लेबनान के नेता पुनर्निर्माण के लिए अंतरराष्ट्रीय सहायता की मांग कर रहे हैं। औन को व्यापक रूप से अमेरिका और सऊदी अरब का पसंदीदा उम्मीदवार माना जा रहा था, जिनकी सहायता की लेबनान को आवश्यकता होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इजराइल समझौते के अनुसार दक्षिणी लेबनान से अपनी सेना वापस बुला ले तथा युद्ध के बाद पुनर्निर्माण के लिए धन जुटाया जा सके।

### छत्तीसगढ़ में चिमनी गिरने से कई मजदूर दबे

**एजेंसी, छत्तीसगढ़।** मुंगेली जिले के सरगांव स्थित कुसुम फैक्टरी में चिमनी गिरने से लगभग आधा दर्जन मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। रेस्क्यू टीम ने एक घायल मजदूर को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचकर जांच कर रहे हैं, जबकि स्थानीय लोग भी बचाव कार्य में सहयोग कर रहे हैं।

### धनबाद में वर्चस्व को लेकर दो गुटों में फायरिंग

**एजेंसी, धनबाद।** धनबाद जिले की खरखरी कोलियरी में आउटसोर्सिंग पर काम करने वाली एक कंपनी में वर्चस्व को लेकर गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी और झामुमो नेता कारू यादव के समर्थकों के बीच गुरुवार को खूनी संघर्ष हो गया। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग और बमबारी की गई। इसमें 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। संघर्ष को रोकने पहुंची पुलिस भी उपद्रवियों का निशाना बनी। बाघमारा के एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह सिर पर चोट लगने से जख्मी हो गए हैं। उपद्रवियों ने मधुबन थाना क्षेत्र में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के दफ्तर में आग लगा दी। हिंसक झड़प में कम से कम 10 बाइक भी आग के हवाले कर दी गईं।

### भोपाल की केंद्रीय जेल में मिला चीनी ड्रोन, जांच जारी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित केंद्रीय जेल में चीनी ड्रोन मिलने से हड़कंप मच गया है। इस जेल में आतंकी संगठनों से जुड़े 69 लोग बंद हैं। यह ड्रोन कहां और कैसे आया है, इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस और जेल प्रशासन पूरे मामले की जांच में लगे हुए हैं। बुधवार दोपहर को केंद्रीय जेल के खंड के पास स्थित हनुमान मंदिर के पीछे के इलाके में एक ड्रोन मिला था।

### संभल: 1978 दंगों की जांच प्रक्रिया तेज

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में 1978 में हुए दंगों के जांच प्रक्रिया तेज हो गई है। शासन से उपसचिव गृह पुलिस ने पत्र भेजकर पुलिस अधीक्षक (एसपी) को निर्देश दिया कि इस मामले की जांच के लिए एएसपी को नामित किया जाए। एएसपी को जांच का जिम्मा सौंप दिया है। इससे पहले, जिलाधिकारी (डीएम) को एसपी ने पत्र लिखकर प्रशासनिक अधिकारी को नामित करने और संयुक्त जांच करने के लिए कहा, ताकि शासन को एक रिपोर्ट भेजी जा सके।

### कांग्रेस विधायक बालाकृष्णन के खिलाफ केस दर्ज

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस विधायक आईसी बालाकृष्णन और तीन अन्य पर पार्टी की वायनाड जिला इकाई के पदाधिकारी एनएम विजयन को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विजयन और उनके बेटे की मौत के संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा को प्राथमिकी में जोड़ा गया है।

### तमिलनाडु में सड़क हादसे में 4 श्रद्धालुओं की मौत

**रानीपेट (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के रानीपेट में वीरवार को एक बस की सब्जी से लदे ट्रक और एक अन्य भारी वाहन से हुई टक्कर में चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतकों में अधिकांश कर्नाटक के कोलार के निवासी थे और चेन्नई के पास एक मंदिर में दर्शन करने के बाद कर्नाटक की रोडवेज बस से लौट रहे थे। इस दुर्घटना में करीब 30 लोग घायल हो गए हैं।

### रामलला प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ की तैयारियां तेज

**अयोध्या (उत्तर प्रदेश)।** अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। यह समारोह 11 से 13 जनवरी तक आयोजित होगा जिसमें आम लोगों को भी शामिल किया जाएगा, जो पिछले साल ऐतिहासिक समारोह में शामिल नहीं हो पाए थे। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार, करीब 110 आमंत्रित वीआईपी भी इसमें शामिल होंगे। अंगद टीला स्थल पर एक जर्मन हैंगर टेंट लगाया गया है, जिसमें 5,000 लोगों तक की मेजबानी की जा सकती है।

# 'आप' पंजाब के 352 नेता राजधानी में डालेंगे डेरा

## मुख्यमंत्री भगवंत मान भी हुए एक्टिव, करेंगे रोड शो



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 70 सीटों पर पांच फरवरी को मतदान होना है। चुनाव तारीख की घोषणा के बाद से ही राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के लिए भी यह चुनाव अहम है, क्योंकि दिल्ली में सत्ता पर काबिज होने के बाद ही पार्टी ने पंजाब में पैर पसारने शुरू किए थे। इसी के साथ भारी बहुमत से जीत दर्ज कर पार्टी ने वर्ष 2022 में अपनी सरकार भी बनाई थी।

यही कारण है कि आप पंजाब का पूरा फोक्स अब दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार को गति देने में है। पार्टी के 352 नेता आने वाले दिनों में अब दिल्ली में ही डेरा डालेंगे। पंजाब के अधिकर कैबिनेट मंत्री पहले ही प्रचार में उतर गए हैं और अब पंजाब में नगर निकायों के मेयर चुनाव के बाद अगले सप्ताह से आप पंजाब प्रधान अमन अरोड़ा भी प्रचार शुरू कर देंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत मान ने भी वीरवार से दिल्ली में दस्तक देनी शुरू कर दी है। मान ने पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल के साथ मुख्य चुनाव अधिकारी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री जल्द ही प्रचार भी तेज कर देंगे।

पार्टी नेताओं के अनुसार 20 जनवरी के बाद सीएम मान दिल्ली विधानसभा के हलकों में लगातार रैलियां करेंगे। इसके अलावा रोड शो का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें वह पार्टी प्रमुख केजरीवाल के साथ प्रचार करेंगे। सीएम मान के अलावा 15 कैबिनेट मंत्री भी प्रचार में उतर गए हैं, जिन्होंने राज्य में अपने कार्यों से समय निकालकर प्रचार शुरू कर दिया है।

पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत भुल्लर ने दिल्ली के मालवीय नगर में प्रचार किया, वहीं उद्योग मंत्री तरुणप्रीत सिंह सौंद ने भी प्रचार शुरू कर दिया है। इसी तरह वित्त मंत्री हरपाल चीमा और स्पीकर कुलतार सिंह संधवां भी जल्द ही अपने चुनावी कार्यक्रम शुरू कर देंगे।

पंजाब में पार्टी के कुल 94 विधायक है और दिल्ली के प्रत्येक हलके में पंजाब के एक विधायक व संगठन में से एक नेता की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा कार्यकर्ताओं को भी प्रचार का जिम्मा सौंपा गया है। इन विधायकों की तरफ से घर-घर जाकर पार्टी का प्रचार किया जाएगा, ताकि दिल्ली व पंजाब में लागू की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाया जा सके।

# मेडिकल कैंप में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज में आयोजित विशेष सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन वीरवार को कॉलेज की एनएसएस इकाई और एसडी आदर्श फाउंडेशन द्वारा लिवासा अस्पताल के सहयोग से गोद लिए गए गांव बुड़ैल में मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य सामुदायिक कल्याण को बढ़ावा देने और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के मिशन के साथ तालमेल बिठाते हुए बुड़ैल के निवासियों को अत्यंत आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था।

शिविर का उद्घाटन मुख्यातिथि चंडीगढ़ के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर और पार्षद कंवरजीत सिंह राणा ने किया, जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं को सामुदायिक सेवा में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यातिथि ने जीजीडीएसडी कॉलेज की एनएसएस इकाई और आदर्श फाउंडेशन के साथ-साथ लिवासा अस्पताल की टीम के संयुक्त प्रयासों की प्रशंसा की और इस बात पर जोर दिया कि कैसे इस तरह के सहयोग वंचित समुदायों में स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार लाने में महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं।

लिवासा अस्पताल के जनरल मेडिसिन, हड्डी रोग और बाल रोग विशेषज्ञों की कुशल टीम ग्रामीणों के निशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श प्रदान करने के लिए मौजूद थी। डॉक्टरों ने सामान्य बीमारियों से लेकर आर्थोपेडिक समस्याओं और बाल चिकित्सा देखभाल तक, विभिन्न प्रकार की चिकित्सा समस्याओं का समाधान किया। टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स द्वारा प्रायोजित निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा ग्रामीणों को निवारक स्वास्थ्य देखभाल पद्धतियों को बनाए रखने के बारे में बहुमूल्य सलाह दी गई।

इस मेडिकल कैंप से 200 से अधिक लोगों का स्वास्थ्य जांचा। यह शिविर समुदाय के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण था, जहां बहुत से लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सीमित है। जीजीडीएसडी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि जीजीडीएसडी कॉलेज की एनएसएस इकाई और आदर्श फाउंडेशन सामाजिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

# नगर पालिका संघ आज प्रदेशभर में करेगी झाड़ू प्रदर्शन

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

सरकार की ओर से मानी गई मांगों को मनवाने के लिए नगर पालिका संघ के कर्मचारियों ने वीरवार से प्रदेशभर में भूख हड़ताल शुरू कर दी है। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व महासचिव मांगेराम तिगरा ने कहा कि भूख हड़ताल सफल रही और अब शुक्रवार को प्रदेशभर में झाड़ू प्रदर्शन किए जाएंगे।

शास्त्री ने कहा कि सात अगस्त 2024 को हुए समझौते में सरकार ने पालिका कर्मचारियों की कई मांगों पर सहमति जताई थी। इनमें रोल पर लगे कच्चे सफाई कर्मचारी और सीवरमैनों को नियमित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से पक्का करने, मुख्यमंत्री की ओर से जींद में ग्रामीण सफाई कर्मचारी को 26,000 रुपए वेतन व शहरी सफाई कर्मचारियों का वेतन 27,000 रुपए करने की मांग को लेकर व अन्य मांगों को लागू करवाने के लिए सहमति बनी थी, लेकिन आज तक इन मांगों को सरकार ने लागू नहीं किया।

संघ पदाधिकारियों ने कहा कि जींद में संपन्न हुए भगवान वाल्मीकि जयंती समारोह में मुख्यमंत्री की ओर से सफाई कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी करने का निर्णय भी स्पष्ट नहीं है। शास्त्री ने कहा, सरकार सफाई कर्मचारी परिवारों को ठेका देने का झूठा दिलासा देना बंद कर सफाई व सीवर के कार्य में ठेकेदारी प्रथा को पूर्ण रूप से समाप्त करे और सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का एकमुश्त कानून बनाए, ताकि समाज में सबसे गरीब शोषित पीड़ित वंचित समाज के लोगों का जीवन बेहतर बन सके। (अनंत ज्ञान)

# इनर व्हील क्लब ने मनाया 101वां इंटरनेशनल इनर व्हील डे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



इनर व्हील क्लब चंडीगढ़ सिटी ब्यूटीफुल, डिस्ट्रिक्ट 308, चार्टर 8062 ने 101वां इंटरनेशनल इनर व्हील डे बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया। यह कार्यक्रम क्लब की प्रेसिडेंट अनिता मिड्ढा के नेतृत्व में सुखना लेक, चंडीगढ़ में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत केक काटने की रस्म के साथ हुई, जिसमें क्लब की सभी महिला सदस्य शामिल हुईं। इस अवसर पर क्लब की महिलाओं ने सुखना लेक पर एक मार्च पास्ट का आयोजन किया और उपस्थित लोगों को क्लब द्वारा देश और विदेश में किए गए मानवीय व जनकल्याण के कार्यों के बारे में जानकारी दी।

आयोजन के दौरान क्लब ने जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े और भोजन भी वितरित किया। क्लब की इस पहल को उपस्थित लोगों ने सराहा और इसमें सक्रिय भागीदारी दिखाई। अनिता मिड्ढा ने इस अवसर पर इनर व्हील क्लब के प्रयासों और इसकी सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डाला और भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ समाज सेवा जारी रखने की बात कही।

इस अवसर पर क्लब की वाइस प्रेसिडेंट सरबानी दत्ता ने कहा कि इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य समाज में सेवा, मित्रता और महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना है। इनर व्हील क्लब हमेशा जरूरतमंद वर्ग की सहायता और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट उषा शर्मा, प्रेसिडेंट अनिता मिड्ढा, वाईस प्रेसिडेंट सरबानी दत्ता, कुलविंद्र, मोनिका आर्य, सुमन, मोनिका गुप्ता, रीनू, वीना धीर, नीलम, जसविंद्र, शिवाली, पलक और अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## देश-विदेश

# दिल्ली के जाट समुदाय को ओबीसी सूची में शामिल करे केंद्र सरकार: केजरीवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले 'आप' के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वीरवार को केंद्र सरकार पर राजधानी के जाट समुदाय को आरक्षण देने के वादे से मुकरने का आरोप लगाया।

केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दिल्ली के जाट समुदाय को केंद्र सरकार की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) सूची में शामिल करने की मांग की है। उन्होंने केंद्र पर पिछले एक दशक से समुदाय को गुमराह करने और वादों को पूरा करने में विफल रहने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि 2015 में भाजपा ने जाट नेताओं को प्रधानमंत्री आवास पर आमंत्रित किया और उन्हें आश्वासन दिया कि दिल्ली के जाट समुदाय को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी 2019 में यही वादा किया था। हालांकि, इन वादों को पूरा करने के लिए कुछ नहीं किया।



**कांग्रेस को बताया भाजपा का मोहरा**

**केजरीवाल** ने उन्हें समर्थन देने वाली पार्टियों को धन्यवाद किया और कांग्रेस को भाजपा का मोहरा बताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा का चुनाव आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच में हो रहा है।

### असम में खदान में फंसे मजदूरों की तलाश जारी

**उमरंगसो (असम)।** असम के दीमा हसाओ जिले में एक अवैध कोयला खदान में फंसे खनिकों का पता लगाने के लिए वीरवार को चौथे दिन भी कई राज्य और केंद्रीय एजेंसियों का बचाव अभियान जारी है। असम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूरी रात पानी निकालने के बाद सुबह तलाश अभियान फिर से शुरू हुआ और रिमोट से संचालित वाहन (आरओवी) पानी से भरे शाफ्ट के अंदर भेजा गया। उन्होंने कहा कि अभी तक आरओवी को कुछ भी पता नहीं चला है। अंदर का पानी पूरी तरह से काला हो गया है जिसकी वजह से कुछ भी खोजने में समस्या हो रही है। नौसेना के चार गोताखोर भी फंसे खनिकों को खोजने के लिए पानी से भरे शाफ्ट के अंदर गए।

# यूक्रेन के जापोरिज्जिया शहर पर रूस की एयरस्ट्राइक, 13 की मौत

**एजेंसी, कीव**



**रूस** ने यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी शहर जापोरिज्जिया पर हवाई हमले किए। इस हमले में 13 लोग मारे गए और 63 घायल हो गए।

अधिकारियों ने कहा कि हमले वाली जगह पर बचाव कार्य पूरा कर लिया है। यूक्रेन के अभियोजक जनरल कार्यालय ने कहा कि एक औद्योगिक सुविधा और अन्य बुनियादी ढांचे के साथ ऊंचे अपार्टमेंट ब्लॉक क्षतिग्रस्त हो गए। मलबे ने एक ट्रॉम और एक बस को चपेट में ले लिया, जिसमें यात्री सवार थे। वहीं, यूक्रेन ने रूस के अंदर एंगेल्स शहर में एक तेल डिपो पर हमला बोला। यह रूसी परमाणु बमवर्षक विमानों के लिए ईंधन की आपूर्ति करता था। हमले के बाद डिपो में भीषण आग लग गई।

### अब्बास अंसारी को राहत, लखनऊ की जमीन पर गरीबों के आवास बनाने पर फिलहाल रोक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने वीरवार को लखनऊ के जियामऊ में उस विवादित स्थल पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास इकाइयों के निर्माण को लेकर यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया, जिस पर गैंगस्टर-नेता रहे मुख्तार अंसारी के बेटे स्वामित्व का दावा कर रहे हैं। वर्ष 2020 में लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मुख्तार और अब्बास अंसारी समेत उसके बेटों के बंगले को बुलडोजर से ढहा दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ ने अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलील पर गौर किया कि भूमि पर कब्जे से संबंधित याचिका को इलाहाबाद हाईकोर्ट की खंडपीठ के समक्ष बार-बार सूचीबद्ध किया, लेकिन कोई अंतरिम रोक नहीं लगाई गई।

# अमेरिका में लगी भीषण आग; पांच की मौत, कई हस्तियों के घर जले

**एजेंसी, कैलिफोर्निया**



**अमेरिका** के सबसे अधिक आबादी वाले काउंटी लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग अब और भयानक रूप ले लिया है। इससे कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। इस आग से 1,100 इमारतें क्षतिग्रस्त हुई हैं। कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग अब विकराल रूप ले चुकी है। यह आग फैलकर अब लॉस एंजेलिस और हॉलीवुड हिल्स में तबाही मचा रही है, जिससे हजारों लोग पलायन को मजबूर हैं। वहीं अब तक 5 लोगों की मौत हो गई। लॉस एंजिलिस शहर और उसके आसपास लगी भीषण आग में बिली क्रिस्टल, मैंडी मूर और पेरिस हिल्टन समेत विभिन्न हस्तियों के मकान जलकर राख हो गए। कैलिफोर्निया के दमकलकर्मी तेज हवाओं के कारण इलाके में दूर-दूर तक फैल रही आग को बुझाने में जुटे हुए हैं, जिसकी वजह से कई सड़कें जाम हो गई हैं। हजारों लोग सुरक्षित स्थानों की ओर जा रहे हैं। वहीं, एक लाख से अधिक लोगों को दूसरे स्थानों पर जाने का आदेश दिया गया है। उधर, अमेरिका के जंगलों में लगी आग की वजह से बाइडेन ने अपना इटली का दौरा रद्द कर दिया।

# सरकार एमएसएमई के लिए लाएगी नई लोन योजना, 100 करोड़ तक का मिलेगा कर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**वित्तीय** सेवा सचिव एम. नागराजू ने कहा कि सरकार जल्द ही सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के लिए एक नई ऋण गारंटी योजना शुरू करेगी, जिसके तहत 100 करोड़ रुपए तक के ऋण दिए जाएंगे।

उन्होंने 'ग्रामीण भारत महोत्सव' के समापन पर कहा कि हम एक योजना लाने जा रहे हैं, जिसकी घोषणा वित्त मंत्री ने अपने पिछले बजट में की थी। इसके तहत बिना गारंटी के 100 करोड़ रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराया जा सकेगा, यदि वे पहले से ही उद्यम चला रहे हैं। इस योजना को मंजूरी के लिए शीघ्र ही केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024-25 के बजट की घोषणा करते हुए कहा था कि एमएसएमई को मशीनरी व उपकरण खरीदने के लिए बिना किसी गारंटी या तीसरे पक्ष की गारंटी के 'टर्म लोन' की सुविधा देने के लिए एक ऋण गारंटी योजना शुरू की जाएगी। एक अलग से गठित स्व-वित्तपोषण गारंटी कोष प्रत्येक आवेदक को 100 करोड़ रुपए तक की गारंटी का 'कवर' प्रदान करेगा, जबकि ऋण राशि इससे अधिक हो सकती है। उन्होंने कहा था कि उधारकर्ता को अग्रिम गारंटी शुल्क तथा घटते ऋण शेष पर वार्षिक गारंटी शुल्क देना होगा। नागराजू ने कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पांच करोड़ लोगों को रोजगार देते हैं।

# सेंसेक्स 528 अंक लुढ़ककर 77,620 पर बंद, निफ्टी भी गिरा

**एजेंसी, मुंबई**



**सेंसेक्स** वीरवार को 528 अंक की गिरावट के साथ 77,620 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 162 अंक की गिरावट रही। यह 23,526 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 640 अंक गिरकर 54,021 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में गिरावट और 9 में तेजी रही।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 34 में गिरावट और 16 में तेजी रही, जबकि एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में रियल्टी सेक्टर सबसे ज्यादा 2.73 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। एचडीएफसीबैंक, लार्सन एंड टुब्रो, टीसीएस और रिलायंस ने बाजार को नीचे गिराया, जबकि महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर ने सेंसेक्स को ऊपर खींचा।

### बीआरएस नेता रामा राव एसीबी के समक्ष पेश

**हैदराबाद।** 'फार्मूला-ई रेस' मामले में मुख्य आरोपी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष एवं विधायक केटी रामाराव वीरवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के समक्ष पेश हुए। केटीआर के नाम से मशहूर राव को 'फॉर्मूला-ई रेस' आयोजित करने के लिए कथित 'अनधिकृत' भुगतान से संबंधित मामले में पूछताछ के लिए एसीबी ने बुलाया था। उनके वकील उनके साथ एसीबी कार्यालय गए। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रामा राव से पूछताछ की गई।



# ट्रंप ने किया 'हश मनी' मामले में सजा सुनाने पर रोक लगाने का अनुरोध

**एजेंसी, वाशिंगटन**



**अमेरिका** के निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क में सुप्रीम कोर्ट से पॉर्न स्टार को गुप्त रूप से भुगतान (हश मनी) करने के मामले में शुक्रवार को सजा सुनाने पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। न्यूयॉर्क में न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन की अदालत शुक्रवार को ट्रंप को सजा सुनाएगी। सजा सुनाए जाने पर रोक लगाने से न्यूयॉर्क की अदालतों के इनकार के बाद ट्रंप के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। मर्चन ने इस मामले पर सुनवाई करने के बाद पिछले साल मई में ट्रंप को 34 आपराधिक आरोपों में दोषी पाया था। हालांकि ट्रंप आरोपों से इनकार करते रहे हैं। ट्रंप की टीम ने उच्चतम न्यायालय से सजा सुनाए जाने पर तत्काल रोक लगाने का अनुरोध किया है और कहा कि इससे राष्ट्रपति पद की शपथ लेने की उनकी तैयारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ट्रंप को 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेनी है। हालांकि, मर्चन ने संकेत दिए हैं कि वह ट्रंप को जेल की सजा नहीं सुनाएंगे और न ही कोई जुर्माना या रोक लगाएंगे, लेकिन ट्रंप के वकीलों का कहना है कि केवल दोषी करार दिए जाने पर भी ट्रंप की छवि को गहरा नुकसान पहुंचेगा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### राष्ट्रीय मुक्केबाजी के दूसरे दिन चमके शिवा और सचिन

**एजेंसी, बरेली।** गत चैंपियन शिवा थापा ने आठवीं एलीट पुरूष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में वीरवार को वेल्टरवेट (60 से 65 किलो वर्ग) में इनायत खान पर जीत दर्ज की। असम के लिए खेल रहे थापा लंदन ओलंपिक 2012 के लिए क्वालीफाई करने वाले सबसे युवा भारतीय मुक्केबाज बने थे। उन्होंने पहले दौर में इनायत को 5-0 से मात दी। पूर्व विश्व युवा चैम्पियन सचिन सिवाच ने सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के लिए खेलते हुए अक्षय को 5-0 से हराया। दूसरे दिन राजस्थान के देवांश सोलंकी ने उत्तर प्रदेश के विकास सिंह को फ्लायवेट (47 से 50 किलो) वर्ग में हराया। इसी वर्ग में छत्तीसगढ के आशुतोष यादव ने गुजरात के अकलीम खान को मात दी।



### मुझे लगता है बुमराह होंगे अगले कप्तान : सुनील गावस्कर

**एजेंसी, सिडनी।** जसप्रीत बुमराह की टीम की नेतृत्व क्षमता से प्रभावित पूर्व महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अनुमान लगाया कि बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में शानदार प्रदर्शन करने वाला यह तेज गेंदबाज रोहित शर्मा के बाद भारतीय टेस्ट टीम की कप्तानी करेगा। बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पांच मैचों में 32 विकेट लिए। यह ऑस्ट्रेलिया में किसी विदेशी तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। बुमराह की कप्तान में टीम ने पर्थ में खेले गये इस सीरीज के शुरुआती मैच में जीत दर्ज की थी। गावस्कर ने कहा, ''कभी-कभी आपके पास ऐसे कप्तान होते हैं जो आप पर बहुत दबाव डालते हैं। बुमराह को देखकर लगता है कि वह दूसरों से अपेक्षा करते हैं कि वे वही करें जो उनका काम है। वह जिस काम के लिए राष्ट्रीय टीम में हैं वह काम करें, लेकिन इसके लिए किसी पर दबाव नहीं डालते है।''



### नागल का सामना ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में माचाक से

**एजेंसी, मेलबर्न।** भारत के चोटी के एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल का सामना रविवार से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में चेक गणराज्य के थॉमस माचाक से होगा। 27 वर्ष के नागल फिलहाल एटीपी रैंकिंग में 96वें स्थान पर हैं। उन्होंने शीर्ष 104 खिलाड़ियों में होने की वजह से सत्र के पहले ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई है। हरियाणा के इस खिलाड़ी ने पिछले साल आस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में 27वीं रैंकिंग वाले कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया था, लेकिन अगले दौर में चीन के जुनचेंग शांग से हार गए। वह आस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के लिए अहम माने जाने वाले आकलैंड एएसबी क्लासिक में अमेरिका के एलेक्स मिचेलसेन से पहले ही दौर में हार गए थे।



#### भारत-आयरलैंड महिला द्विपक्षीय वनडे सीरीज का पहला मुकाबला आज

# मंधाना की कप्तानी में भारतीय टीम की नजरें जीत की लय कायम रखने पर

**एजेंसी, राजकोट**

वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम स्मृति मंधाना की कप्तानी में आयरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रही पहली महिला द्विपक्षीय वनडे सीरीज में इस लय को कायम रखना चाहेगी। भारत ने वेस्टइंडीज को वनडे सीरीज में 3–0 से और टी–20 में 2–1 से हराया। मंधाना ने दोनों प्रारूपों में सर्वाधिक रन बनाए जिसमें वनडे सीरीज में 148 और टी–20 में 193 रन शामिल है।

मंधाना उसी फॉर्म को आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में जारी रखना चाहेंगी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैर–मौजूदगी में वह कप्तानी की भी जिम्मेदारी संभालेंगी। हरमनप्रीत और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह को आराम दिया गया है। हरमनप्रीत और रेणुका की गैर–मौजूदगी में हरलीन देयोल, प्रतीका रावल और जेमिमा रौड्रिग्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। गेंदबाजी में रेणुका की कमी खलेगी। अब नई गेंदबाज टिटास साधू और साइमा ठाकोर पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।



फाइल फोटो

दूसरी ओर गैरी लुईस की कप्तानी वाली आयरलैंड टीम के लिए भारत की चुनौती कठिन होगी। आयरलैंड टीम ने अब तक 12 वनडे में एक भी बार भारत को नहीं हराया है। आखिरी बार दोनों टीमों का सामना 2023 टी–20 विश्व कप में हुआ था जब भारत ने पांच रन से जीत दर्ज की थी।

#### संभावित टीमें

**भारत:** स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा, प्रतीका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रौड्रिग्स, उमा छेत्री, रिचा घोष, तेजल हसंबिस, राघवी बिष्ट, मिन्नू मनी, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधू, साइमा ठाकोर, सयाली सतघारे।

**आयरलैंड :** गैबी लुईस (कप्तान), एवा केनिंग, क्रिस्टिना रीली, अलाना डालजेल, लौरा डेलानी, जॉर्जिना डेंपसे, सारा फोर्ब्स, अर्लेन केली, जोआना लोगरान, एमी मागिरे, लीह पॉल, ओर्ला प्रेंडेरगास्ट, उना रेमंड होए, फ्रेया सार्जेंट, रेबेका स्टोकेल।

### मनोविज्ञान की छात्रा होने से क्रिकेट में काफी मदद मिली : रावल



**नई दिल्ली।** भारत की युवा क्रिकेटर प्रतीका रावल ने कहा कि मनोविज्ञान की छात्रा होने से उन्हें सीनियर महिला टीम में अपनी जगह पक्की करने में मदद मिली, क्योंकि उन्हें मानसिक पहलू के महत्व के बारे में पता था। प्रतीका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में हुई महिला वनडे सीरीज में शानदार पदार्पण करके स्मृति मंधाना के साथ पारी की शुरूआत के लिए अपना दावा पक्का किया है। प्रतीका ने पहले दो मैचों में 40 और 76 रन बनाए। 24 वर्ष की प्रतीका ने कहा कि मनोविज्ञान में उनकी गहरी रुचि और क्रिकेट के लिए प्यार ने भारतीय टीम तक उनका सफर आसान किया।

## सिनेर, जोकोविच ऑस्ट्रेलियाई ओपन में विपरीत ड्रॉ में



**एजेंसी, मेलबर्न**

गत चैंपियन यानिक सिनेर और दस बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच को साल के पहले ग्रैंडस्लैम में विपरीत ड्रॉ मिला है, जिससे अब पिछले साल की तरह दोनों की टक्कर सेमीफाइनल में नहीं हो सकती।

सिनेर ने पिछले साल जोकोविच को सेमीफाइनल में हराया था और दानिल मेदवेदेव को 3–6, 3–6, 6–4, 6–4, 6–3 से हराकर पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। शीर्ष रैंकिंग वाले सिनेर को पहले दौर में निकोलस जारी से खेलना है। उनके ड्रॉ में टेलर फ्रिट्ज, बेन शेल्टन और मेदवेदेव भी हैं। फ्रिट्ज का सामना पहले दौर में अमेरिका के जेंसन ब्रूकस्बी से होगा। जोकोविच और तीसरी रैंकिंग वाले कार्लोस अल्काराज की टक्कर क्वार्टर फाइनल में हो सकती है। महिला वर्ग में एरिना सबालेंका को 2017 अमेरिकी ओपन चैंपियन स्लोएने स्टीफेंस और 17 वर्ष की मीरा आंद्रीवा के साथ ड्रॉ मिला है। सबालेंका की नजरें लगातार तीसरे आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब पर होंगी और आखिरी बार 1997 से 1999 तक मार्तिना हिंगिस ही यह कमाल कर सकी हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ से उनकी सेमीफाइनल में टक्कर हो सकती है।

गाफ को पहले दौर में पूर्व चैंपियन सोफिया केनिन से खेलना है और सातवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला भी इसी ड्रॉ में है। दूसरी रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक और 2022 विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना ड्रॉ के दूसरे हाफ में हैं। आस्ट्रेलियाई ओपन रविवार से मेलबर्न में शुरू होगा और 15 दिन तक चलेगा। जोकोविच पहली बार अपने नए कोच एंडी मर्रे के साथ आएंगे जिनके खिलाफ वह खेल भी चुके हैं। मेलबर्न पार्क पर सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाले जोकोविच ने कहा कि एक साल यहां खेलने की अनुमति नहीं मिल पाने का दर्द अभी भी उन्हें हैं।

## श्रीलंका दौरे पर ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ को बनाया टेस्ट कप्तान

**एजेंसी, मेलबर्न**




नाथन मैकस्वीनी की वापसी

नाथन मैकस्वीनी को श्रीलंका दौरे के लिए आस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में शामिल किया गया है, जबकि तीन सप्ताह पहले ही उन्हें टीम से बाहर किया गया था। आस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने दो टेस्ट के दौरे के लिए वीरवार को टीम का ऐलान किया, जिसमें कई नए चेहरों को जगह दी गई है। आस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में भारत को 3–1 से हराकर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाई।

नियमित कप्तान पैट कमिंस अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण ब्रेक पर है लिहाजा स्टीव स्मिथ आस्ट्रेलिया की कमान संभालेंगे। मैकस्वीनी ने भारत के खिलाफ पहले तीन टेस्ट में 14.4 की औसत से 72 रन बनाए जिसके बाद उनकी जगह सैम कोंस्टास को मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट में टीम में शामिल किया गया। श्रीलंका के खिलाफ पहला टेस्ट 29 जनवरी से और दूसरा छह फरवरी से खेला जायेगा। एक वनडे मैच 13 फरवरी को गॉल में ही होगा।

## चैंपियंस ट्रॉफी में पैट कमिंस के खेलने पर फिलहाल सस्पेंस

**सिडनी।** अगले महीने होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस की फिटनेस को लेकर आशंकाएं पैदा हो गई हैं और मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने उनकी उपलब्धता की पुष्टि करने से इनकार कर दिया। कमिंस के टखने में सूजन है और वह पूरे सत्र में इस समस्या से जूझते नजर आए, लेकिन भारत के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में टीम को 3–1 से जीत दिलाई। बेली ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की कि कमिंस 19 फरवरी से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी खेलेंगे या नहीं। उन्होंने कहा,''अभी कुछ कह नहीं सकते। हमें इंतजार करना होगा और स्कैन की रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।''



## प्रणय मलेशिया ओपन के दूसरे दौर में हारे

**एजेंसी, कुआलालंपुर**



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय वीरवार को यहां मलेशिया सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में चीन के लि शि फेंग से हारकर बाहर हो गए। भारत के 32 साल के खिलाड़ी को एक घंटे 22 मिनट तक चले मैच में सातवें वरीय लि से 8–21, 21–15, 21–23 से हार मिली।

इससे पहले त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी को राउंड 16 मैच में चीन की जिया यि फान और झांग शु जियान से 21–15, 19–21, 19–21 से पराजय झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को 44 मिनट में चीन की चेंग जिंग और झांग चि की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 13–21, 20–22 से शिकस्त मिली।

